राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 341 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



नई दिल्ली में केंद्रीय जनजातीय मामलों और कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा 'आदि अभिव्यक्ति' कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भाग लेते हैं।

## फास्ट न्यूज

### लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली:** संसद के शीतकालीन सत्र के लिए लोकसभा की बैठक तय समय से एक दिन पहले गुरुवार को ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र की शुरूआत चार दिसंबर को हुई थी। तय कार्यक्रम के मुताबिक सत्र कल यानी 22 दिसंबर तक चलना था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को बताया कि इस सत्र में करीब 74 फीसदी काम हुआ। उन्होंने कहा कि कार्य उत्पादकता 74 प्रतिशत रही। इसके लिए 14 बैठकें हुईं। सभा 61 घंटे 50 मिनट तक चली। इस दौरान 12 सरकारी विधेयक पेश किए गए और कुल 18 सरकारी विधेयक चर्चा के बाद पारित किए गए। इस दौरान अलग-अलग विभागों से जुड़ी लोकसभा की स्थायी समितियों ने 35 प्रतिवेदन भी पेश किए। इसके अलावा सांसदों ने शून्यकाल में 182 अविलंबनीय लोक महत्व के मुद्दों को उठाया।

### केंद्रीय कर्मियों-पेंशनरों के लिए बड़ी राहत

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार में सीजीएचएस कार्ड होल्डर कर्मियों और पेंशनरों के लिए राहत की खबर है। अब उन्हें हृदय की बीमारी से जुड़े 42 परीक्षणों के लिए ज्यादा रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। इस बाबत ज्यादा पूछताछ की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन सभी परीक्षणों के रेट तय कर दिए हैं। ये रेट 2500 रुपये से लेकर 12 लाख रुपये तक हैं। नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त किसी अस्पताल या लैब में ये रेट कुछ ज्यादा हैं, जबकि नॉन एनएबीएच अस्पताल में इन परीक्षणों का खर्च थोड़ा बहुत कम है। सीजीएचएस में 15,75,087 कार्ड होल्डर हैं, जिनमें से 6,97,407 सेवारत्त कर्मचारी और 8,77,681 पेंशनर हैं। लाभार्थियों की संख्या 44,46,369 है। इनमें से 26,35,665 सेवारत्त कर्मचारी और 18,10,707 पेंशनर हैं। अगर किसी लाभार्थी को बैलून कोरोनरी एंजियोप्लास्टी/पीटीसीए, टैस्ट नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) अस्पताल में करानी है, तो उसके लिए 92000 रुपये देने होंगे। अगर यही टेस्ट नॉन एनएबीएच अस्पताल में कराते हैं।

# डब्ल्यूएफआई के चुनावी नतीजों के बाद साक्षी मलिक का संन्यास

= साक्षी ने रोते हुए कुश्ती को कहा अलविदा, बृजभूषण के करीबी के अध्यक्ष बनने पर उठाया कदम

**फैसला...**

**8 बृजभूषण शरण सिंह के करीबी के अध्यक्ष बनने पर साक्षी ने संन्यास का फैसला कर लिया।**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास का एलान कर दिया है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव गुरुवार (21 दिसंबर) को संपन्न हुए। संजय सिंह नए अध्यक्ष बने हैं। वह पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। पहलावनों ने इस साल बृजभूषण शरण के खिलाफ ही मोर्चा खोला था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था। अब उनके ही करीबी के अध्यक्ष बनने पर साक्षी ने संन्यास का फैसला कर लिया।

पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। अगर बृज भूषण शरण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी को कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना जाता है, तो मैं कुश्ती छोड़ती हूं। हमारा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। लड़ाई पूरे दिल से लड़ी। अगर अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह जैसा आदमी ही रहता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं।"




### ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान, पोडियम से आंदोलन तक ऐसा रहा साक्षी का सफर

**नई दिल्ली:** भारत की दिग्गज पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया। उन्होंने गुरुवार (21 दिसंबर) को पहलवानी छोड़ने का एलान किया। साक्षी ने भारतीय कुश्ती संघ के चुनावों के नतीजों के आने के बाद यह फैसला लिया। पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह को जीत हासिल हुई। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ ही पहलवानों ने इस साल दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया था। अब उनके ही करीबी अध्यक्ष बने तो साक्षी ने कुश्ती से अलग होने का फैसला कर लिया। साक्षी मलिक ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान हैं। उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक अपने नाम किया था। हालांकि, भारत के लिए किसी भी खेल में ओलंपिक पदक जीतने वाली खिलाड़ी कर्णम मल्लेश्वरी थीं।



साक्षी के संन्यास के बारे में जब बृजभूषण शरण सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा, "उससे मेरा क्या लेना-देना।"

**संजय सिंह ने अनीता को हराया**

संजय सिंह ने अध्यक्ष बनने के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण को मात दी। बुधवार तक सर्वसम्मति से चुनाव की कोशिशें होती रहीं, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। संजय सिंह ने दावा किया था कि उनका खेमा चुनाव में हर पद पर जीतेगा और उन्होंने खुद जीत हासिल कर इसे सच साबित किया।

**कौन हैं संजय सिंह?**

संजय सिंह यूपी कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष रहे हैं और बृजभूषण के बेहद करीबी माने जाते हैं। चुनाव से पहले की कई खबरों में कहा गया था कि संजय सिंह के खेमे के पास 50 वोट में से 41 का समर्थन है। असम, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू कश्मीर और ओडिशा के अलावा लगभग सभी राज्यों के कुश्ती संघ का समर्थन उन्हें मिलने की बात कही गई थी। बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाले बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट की ओर से धरना दिए जाने के बाद पूर्व कुश्ती संघ अध्यक्ष को चुनाव से दूर रहने के लिए कहा गया।




नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी "आंगनवाड़ी-सह-क्रेच (मिशन शक्ति) पर राष्ट्रीय कार्यक्रम" में दीप प्रज्वलित करती हुई।

### बिना चर्चा और बहस के अहम विधेयकों का पास होना चिंताजनकः खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार बिना चर्चा कराए अहम विधेयकों को पास करवा रही है। यह देश के लिए चिंता की बात है। कांग्रेस और आईएनडीआईए के घटक दल सरकार के इस रवैये का विरोध भी कर रहे हैं। खड़गे ने गुरुवार को कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कहा कि बिना चर्चा और बहस के अहम विधेयकों को मनमाने ढंग से पास कराने के लिए लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है । संसद को सत्ता पक्ष के प्लेटफार्म के रूप में बदलने का षड्यंत्र चल रहा है।

## संसद से अब तक 146 सांसद सस्पेंड



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** संसद में अनियंत्रित व्यवहार के लिए कांग्रेस के तीन सांसदों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए गुरुवार को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया, जिससे निचले सदन में ऐसे सदस्यों की कुल संख्या 100 हो गई है, जिनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई की गई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने डी के सुरेश, दीपक बैज और नकुल नाथ के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया। जोशी ने कहा, "इस सदन ने दीपक बैज, डी के सुरेश, नकुल नाथ के कदाचार को गंभीरता से लिया है, जिसमें सदन और अध्यक्ष के अधिकार की घोर अवहेलना करते हुए, तख्तियां दिखाकर, सदन के वेल में प्रवेश करके... को सदन से शेष सत्र के लिए निलंबित किया जा सकता है।" इससे पहले दिन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तीनों सांसदों को सदन में विरोध करने की चेतावनी दी थी। गुरुवार सुबह जैसे ही सदन की बैठक शुरू हुई, विपक्षी सांसदों ने सदन से बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन के खिलाफ अपना विरोध जारी रखा और संसद सुरक्षा उल्लंघन मुद्दे पर चर्चा और गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग की। प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सांसदों को नारे लगाते हुए सुना जा सकता है।

### सीआईएसएफ संभालेगी संसद परिसर की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा का जिम्मा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को मिलने जा रहा है। इस संबंध में सीआईएसएफ को नियमित नियुक्ति से पहले संसद परिसर का सर्वे करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को लोकसभा में दो युवकों ने दर्शक दीर्घा से छलांग लगाकर सदन में हंगामा किया था। इसके बाद से संसद की सुरक्षा को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार को निशाना बना रहा है। वर्तमान में संसद परिसर की सुरक्षा का जिम्मा दिल्ली पुलिस संभाल रही है।

## पुंछ में भारतीय सेना की दो गाड़ियों पर आतंकी हमला, तीन जवान घायल

**कार्रवाई**

**8 सैनिकों की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकियों से मुठभेड़ शुरू**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** जम्मू के पुंछ इलाके में गुरुवार को आतंकवादियों ने भारतीय सेना की दो गाड़ियों पर घात लगाकर हमला किया है, जिसमें तीन जवान घायल हुए हैं।

इसके बाद सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की, जिस पर आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हो गई है। दरअसल, पुंछ पुलिस और भारतीय सेना ने बुधवार रात एक खुफिया इनपुट साझा किया था, जिसके बाद 20 दिसंबर की रात से सामान्य क्षेत्र डेरा की गली (डीकेजी), थानामंडी, राजौरी में एक ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान जम्मू के पुंछ में बफलियाज और थानामंडी रोड के बीच आतंकियों ने भारतीय सेना की दो गाड़ियों पर घात लगाकर हमला किया है, जिसमें सेना के तीन जवानों के घायल होने की खबर है।

## केजरीवाल की अपील पर 11 तक टली सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के खिलाफ टिप्पणी करने कारण मानहानि का मुकदमा झेल रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। पीएम की डिग्री मामले पर गुजरात हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को रद्द करने के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की अपील पर सुनवाई स्थगित कर दी हैं।

**11 जनवरी तक के लिए सुनवाई स्थगितः कोर्ट**

मुख्य नायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध पी माई की खंडपीठ ने मामले को 11 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया है। इस दौरान केजरीवला ने कहा कि मामले में उनका प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अभिषेक मनु सिंघवी तकनीकी समस्या के कारण ऑनलाइन कनेक्ट नहीं हो पा रहे हैं। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस पर नाराजगी जताई, हालांकि बाद में उन्होंने इस पर अपनी सहमति दे दीं। मुख्य न्यायाधीश अग्रवाल ने कहा कि अदालत केजरीवाल के विलंब माफी आवेदन पर फैसला करेगी, जिसे 11 जनवरी को उनकी अपील के साथ गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। बता दें नवंबर में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें पीएम की डिग्री के बारे में जानकारी देने के लिए गुजरात विश्वविद्यालय को केंद्रीय सूचना आयोग के निर्देश को रद्द करने के अपने पहले आदेश की समीक्षा की मांग की गई थी।



## 'हर विधानसभा क्षेत्र में खुलेगा जलशक्ति विभाग का मंडल'



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा** हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के हरेक विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग का एक-एक मंडल खोलेगी। सरकार ने इस संबंध में नीतिगत फैसला लिया है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गत दिवस को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 9 विधानसभा क्षेत्रों में जलशक्ति विभाग के मंडल कार्यालय नहीं है। विगत में कुछेक विधायकों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए अपने.अपने चुनाव क्षेत्रों में दो-दो मंडल खुलवा लिए। उन्होंने कहा कि ऐसे विधानसभा क्षेत्रों से जलशक्ति विभाग के मंडलों का युक्तिकरण किया जाएगा। अग्निहोत्री ने भाजपा के पवन काजल, जयराम ठाकुर, रणधीर शर्मा के अनुपूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि श्री नैना देवी तथा कांगड़ा विधानसभा क्षेत्रों में भी विभाग के मंडल कार्यालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के चुनाव क्षेत्र में खुले विभाग के मंडल कार्यालय से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार को यह कहते हुए घेरने का प्रयास किया कि जब नए मंडल कार्यालय खोलने ही थे तो फि र पूर्व सरकार द्वारा खोले गए कार्यालयों को क्यों बंद किया गया। इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अप्रैल 2022 के बाद खोले गए संस्थानों को बंद करने के नीतिगत फैसले के तहत ही इन मंडल कार्यालयों को बंद किया गया था। लेकिन अब आर्थिक स्थिति व जमीनी हकीकत का आकलन करने के बाद सरकार इन्हें खोलेगी। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि एचपीएमसी बागवानों को वर्तमान दरों पर प्रदान किए जा रहे उपकरणों की कीमतों को कम करेगी। बागवानों को राहत प्रदान करने के मकसद से एचपीएमसी ने अपनी कमीशन को 15 से घटाकर 9 फ ीसदी करने का फैसला किया है। यह निर्णय बीते रोज हुए एचपीएमसी के निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया। उन्होंने कहा कि एचपीएमसी अब उपकरणों को सीधे इनके निमार्ताओं से खरीदेगी।



# अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर चला बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद।** मुरादनगर ब्लाक के ग्राम असालतनगर के अलावा मोरटा ओर दुहाई में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर जीडीए की टीम ने बृहस्पतिवार को बुलडोजर चलाया। इस दौरान बिल्डर के ऑफिस को भी तोड़ दिया गया।

**20 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही थी कॉलोनी**

जीडीए प्रवर्तन जोन दो की प्रभारी गुंजा सिंह के नेतृत्व में टीम बृहस्पतिवार को मुरादनगर ब्लाक के ग्राम असालत नगर पहुंची। जहां खसरा संख्या 182 पर कृष्णवीर, कर्णवीर, योगेश शर्मा सहित अन्य लोगों द्वारा 20 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया।

**कार्रवाई का कुछ लोगों ने किया विरोध**

इसके बाद मोरटा और दुहाई में शोभापुर मार्ग पर विद्या भूषण, अंकित त्यागी द्वारा 20 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही प्लाटिंग को भी ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि शोभापुर मार्ग पर रामेश्वर, प्रमोद, सुबोध सहित अन्य लोगों द्वारा अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

## गाजियाबाद में अवैध रूप से बनीं 100 झुग्गियों पर चला बुलडोजर, निगम की टीम पर पथराव



**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद।** कविनगर जोन में विवेकानंद नगर आरओबी के पास रेलवे लाइन किनारे अवैध रूप से बनी सौ झुग्गियों को पुलिस बल की मौजूदगी में तोड़ने पहुंची नगर निगम की टीम पर बृहस्पतिवार को पथराव किया गया। एक जेसीबी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, पथराव में नगर निगम के तीन कर्मचारी चोटिल हुए। विरोध के बावजूद नगर निगम की टीम ने झुग्गियों को हटा दिया और पथराव करने वालों के खिलाफ कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी गई है। प्रवर्तन दल के प्रभारी कर्नल दीपक शरण ने बताया कि सूचना मिली थी कि विवेकानंद नगर आरओबी के पास बड़ी संख्या में खाली जमीन पर अतिक्रमण कर झुग्गियां बनाई गई हैं, इनमें से कई लोगों ने पक्का निर्माण भी कर लिया था। पूर्व में चेतावनी देने के बाद भी जब लोगों ने जमीन को खाली नहीं किया तो नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर बृहस्पतिवार को जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान कविनगर पुलिस, नगर निगम की टीम और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**लोगों ने टीम पर किया पथराव**

चार जेसीबी मशीन से जब अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई तो झुग्गियों में रहने वाले लोगों ने हाथों में पत्थर उठाकर पथराव करना शुरू कर दिया। इस दौरान तीन कर्मचारियों को पत्थर लगने से चोट लगी और एक जेसीबी मशीन क्षतिग्रस्त हो गई। ऐसे में पथराव करने वालों को रोकने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और उनको मौके से खदेड़ा। शाम चार बजे तक अभियान चलाकर सौ से अधिक झुग्गियों को तोड़ा गया। वहां पर सौ से अधिक और झुग्गियां और बची हैं, जिनको हटाने के लिए लोगों को अंतिम चेतावनी दी गई है। यदि जल्द ही जमीन को कब्जामुक्त नहीं किया गया तो दोबारा अभियान चलाकर जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा।

### उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस संख्या 61236556, 61236557

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 61236556 | सप्लाई एंड इंस्टालेशन ऑफ किट फॉर मॉडिफिकेशन ऑफ जंक्शन बॉक्स असेंबली | 50 सेट्स | 15 जनवरी 2024 |
| 2 | 61236557 | सप्लाई एंड इंस्टालेशन ऑफ किट फॉर मॉडिफिकेशन ऑफ जंक्शन बॉक्स असेंबली | 50 सेट्स | 15 जनवरी 2024 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

3991/23 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 91/ईटी/2023–24 दिनांक: 20.12.2023

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03232012 | सेट ऑफ मेटल रेंगल फॉर एलएचबी जीएस (सेल एलएचबी आन आईसीएफ बोगी) कोचेस | 80 सेट | 09.01.2024 |
| 02 | 12231228 | सेन्टर पीवोट असेम्बली | 920 नग | 11.01.2024 |
| 03 | 03231881 | एल. स्ट्रैक्शन लेम्प – 1.0एम | 8034 किग्रा | 11.01.2024 |
| 04 | 03231678 | सप्लाई ऑफ रिटेंशन टैंक फॉर एलएचबी एलएचबी एक्सीजी कोचेस (डिवाइस फ्लेशिंग अरेंजमेंट) | 41 नग | 17.01.2024 |
| 05 | 03231434ए | एक्स इनलेट डक्ट फॉर एसी–3टी (एलएचबी) | 838 नग | 11.01.2024 |
| | | एक्स इनलेट डक्ट फॉर एसी–2टी (एलएचबी) | 178 नग | |
| | | एक्स इनलेट डक्ट फॉर पैसी (एलएचबी) | 68 नग | |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 86/ईटी/2023–24 दिनांक: 29.11.2023 | टेंडर न. 162331360 | निविदा खुलने की तिथि 01.01.2024 स्थान पर तिथि 09.01.2024 पढ़ें |

(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल

निविदा संख्या:-CAMC-LPG-BULLET-23-24-128

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एमआरपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या CAMC-LPG-BULLET-23-24-128 नियत तिथि– 12.01.2024 जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम**– 01 नम्बर एलपीजी मैनिफोल्ड सिस्टम, 02 नग 20 एमटी माउंडेड एलपीजी बुलेट और संबद्ध पाइपलाइन के परिचालन अनुरक्षण सहित व्यापक वार्षिक रखरखाव दो वर्षों के लिए खुली निविदा के माध्यम से अनुबंध कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में**:– रु. 30,09,986.00 (तीस लाख नौ हजार नौ सौ छियासी रुपये मात्र)। **धरोहर राशि**:– रु. 60,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य**– रु. 3,000.00, **कार्य समापन की अवधि**:– दो वर्ष (24 माह)। • निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय – 12.01.2024 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। WM/PLANT

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं एमसीएफआरबीएल/टेंडर/आरबीएल, स्किन टेन्शनिंग, स्टेज IV एवं एसएस ट्रफ/2023–24/सी611बी दिनांक– 18.12.2023, आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है– **कार्य का नाम**– कार्य के दायरे के अनुसार एलईएमयू एमसी और/टीसी सहित सभी एलएचबी शैल वैरिएंट/एलईएमयू के फिटमेंट, वेल्डिंग अरेंजमेंट और एसएस ट्रफ की फिटमेंट एवं वेल्डिंग और स्किन टेंशनिंग व रोबोटिक शैल असेंबली लाइन पर निर्मित शैल पर स्टेज IV गतिविधियों और भारत कार वीपीएल पर स्टेज IV गतिविधियों के लिए कार्य अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)**:– 1,31,88,421.04. **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)**– शून्य. **अमानत राशि**:– ₹ 2,16,000.00 (₹ दो लाख सोलह हजार) मात्र। **कार्य की मात्रा**– शेड्यूल के अनुसार। **कार्य समापन की अवधि**:– 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**:– 10.01.2024 को 15:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

सहायक मंडल अभियंता/चंदौसी के अधीन राजमार्ग यार्ड में (किमी– 118/13 से 118/15 तक) के सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन हेतु मैड हम्प बनाने में कुल 08 नग पेड़ों की नीलामी सहायक मंडल अभियंता/चंदौसी के कार्यालय में की जायेगी नीलामी के इच्छुक पार्टियों को आमंत्रित करता है कि वे नीलामी में भाग लें। नीलामी स्थान – सहायक मंडल अभियंता/उत्तर रेलवे **चंदौसी** के अधीन दिनांक 30.12.2023 को समय प्रातः 11:00 बजे नीलामी की जायेगी। 1. प्रत्येक क्रेता को नीलामी के दिन सहायक मंडल अभियंता/चंदौसी के कार्यालय में रुपये 100/– केवल नकद जमा करने होंगे जो वापस नहीं किए जाएंगे तथा भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक उत्तर रेलवे मुरादाबाद के पक्ष में रुपये 8000/– के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करना होगा। 2. प्रत्येक क्रेता को जो नीलामी में भाग ले रहा है उसे नीलामी के द्वारा बिक्री से सम्बन्धित नियमों एवं शर्तों की जानकारी रखनी होगी। 3. सफल खरीददार को उसी दिन भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीय कृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक मुरादाबाद के पक्ष में **निम्नलिखित दर से डिमाण्ड ड्राफ्ट नगद स्टेशन अर्निंग में जमा करना होगा।** क– रू0 1,00,000/– से अधिक की खरीद पर बिक्री मूल्य का 10 प्रतिशत एवं कम से कम रू 25,000/– **(जो भी अधिकतम हो)** ख – नीलामी की कीमत का बाकी पैसा 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा। **(नीलामी के दिन को जोड़कर)** ग– जी.एस.टी @ 18% कुल कीमत पर देय होगा जो कि 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा। **(नीलामी के दिन को जोड़कर)** 4. पैसे जमा करने की दिनांक से 60 दिन के अन्दर कार्य सम्पूर्ण करना होगा। **(नीलामी के दिन को जोड़कर)** 5. रेलवे को अधिकार होगा कि वह किसी भी समय कार्य को बन्द कर सकती है। ऐसी परिस्थिति में बची हुयी राशि बिना ब्याज के वापिस कर दी जाएगी। 6. पेड़ों का सम्पूर्ण विवरण लोकेशन सहित मण्डल कार्यालय मुरादाबाद में उपलब्ध रहेगा। 7 खरीददार पेड़ों की लोकेशन को ध्यान में रखते हुए रेट बोलें। 8. माल की सुपुर्दगी एवं डिलीवरी सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य, आर0पी0एफ0 एवं आई0एस0ए0 की उपस्थिति में की जाएगी। 9. बाकि रकम 10 दिन के अन्दर जमा करनी होगी **(नीलामी के दिन को जोड़कर)** अन्यथा पहली रकम जो जमा की गई है वो जब्त हो जाएगी। 10. खरीददार रेलवे की जमीन पर कोई कच्ची या पक्की झोपड़ी इत्यादि नहीं बना सकता। 11. बोली बेस प्राइस से नीचे नहीं लगायी जाएगी। 12. डिमाण्ड ड्राफ्ट सहायक मंडल अभियंता/उत्तर रेलवे चंदौसी में नीलामी के दिन प्रातः 9:00 बजे से 10:30 तक जमा किए जाएंगे बाद में कोई डिमाण्ड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3995/23

### अपहृत/गुमशुदा की तलाश



शिवम कुमार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका **नाम: शिवम कुमार, पुत्र रजनीश, निवासी:** गली नं. 33सी, स्वतंत्र नगर, नरेला, दिल्ली जोकि दिनांक **15.12.2023** को दोपहर 01:00 बजे अपने घर से थाना नरेला, दिल्ली क्षेत्र से लापता है। इस संदर्भ में **FIR No. 794/2023 U/s 363 IPC dated 18.12.2023** को थाना नरेला, दिल्ली में लापता की रिपोर्ट दर्ज है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। **उम्र:** 12 साल, **लिंग:** पुरुष, **कद:** 3 फुट 4 इंच, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** गोल, **बाल:** काले, **शरीर:** सामान्य, **पहनावा:** काले रंग की जैकेट, नीले रंग की जीन्स और पैरों में नीले रंग के जूते पहन रखे है। पुलिस के भरसक प्रयास के बावजूद अभी तक इस लापता लड़के का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिस व्यक्ति के पास इस लापता लड़के के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपा निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाइट: http//cbi.nic.in
ई–मेल - cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं. 011-24368639
DP/14736/ON/2023

थानाध्यक्ष
थाना: नरेला, दिल्ली
फोन: 011- 27280435, 7065036323

### उत्तर मध्य रेलवे

ई प्रापण निविदा सूचना संख्या: 05/2023-24 दिनांक: 16.01.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक डि0 लो0 शेड झाँसी द्वारा निम्नलिखित मद के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | मात्रा |
|---|---|---|
| 01 | 54235221A | 1000 मीटर |
| विवरण: 3 कोर 4.0 एसक्यूएमएम एक्सएलपीई इंसुलेटेड पीवीसी आउटर शीटेड अनआर्मर्ड कॉपर केबल वोल्टेज ग्रेड उप टू 1100 वोल्ट एज पर आईएस-7098 पार्ट-1 :1988 और लेटेस्ट एण्ड अर्टेड स्पेसिफिकेशन। | | |
| 02 | 54235223A | 1000 मीटर |
| विवरण: 3 कोर 6.0 एसक्यूएमएम एक्सएलपीई इंसुलेटेड पीवीसी आउटर शीटेड अनआर्मर्ड कॉपर केबल वोल्टेज ग्रेड उप टू 1100 वोल्ट एज पर आई एस-7098 पार्ट-1 :1988 और लेटेस्ट एण्ड अर्टेड स्पेसिफिकेशन। | | |
| 03 | 54235090A | 20 नग |
| विवरण: 3 सीटर स्टेनलेस स्टील बेंच एज पर डीआरजी नं0 JHS/RS/3/SK No.-786 | | |
| 04 | 54236367B | 01 नग |
| विवरण: शोर ए हार्डनेस टेस्टर फॉर रबर आइटम टेस्टिंग अलोंग विद कैलिब्रेशन बार एज पर अटैच्ड स्पेसिफिकेशन, अनुलग्नक - 1 | | |
| 05 | 54236378A | 100 नग |
| विवरण: टफ क्लीन जेड-914 ऑफ सैंन्वैक/टफ क्लीन कोरियम-जेड 102 ऑफ मैसर्स मैग्ना, हैवी ड्यूटी वार्निश रिमूवर फॉर क्विक एंड इफेक्टिव क्लीनिंग ऑफ शाफ्ट, टोप सर्फेस 100% फ्री फ्राम सीएफसी, सीटीसी, टीसीई और एनी ओजोन डीप्लेटिंग कैमिकल इन पैक ऑफ 700 एमएल, एरोसोल केन। | | |

निविदा खुलने की तिथि: सभी निविदाओं के लिये "16.01.2024"

नोट:- उपरोक्त ई प्रापण निविदा का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2064/23(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CRNCR

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित सिंह सादा** पुत्र श्री जोगिंदर सिंह सादा निदेशक/प्रोप. मैसर्स ए जे ट्रैवेल्स, निवासी– ए–9/सी, न्यू जनता फ्लैट पश्चिमपुरी, पश्चिम विहार, पंजाबी बाग, नई दिल्ली ने सी.सी. संख्या 1406/20, 1407/20, 1409/20, 1410/20, 1411/20, 1412/20, 1413/20 धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना तिलक नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित सिंह सादा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित सिंह सादा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सी.सी. संख्या 1406/20, 1407/20, 1409/20, 1410/20, 1411/20, 1412/20, 1413/20 धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंकित सिंह सादा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.01.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री किरणदीप कौर**
महानगर दंडाधिकारी (एन.आई.एक्ट–03),
पश्चिम, कमरा नं0 103, प्रथम तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14748/WD/2023 (Court Matter)

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07230245 | फ्लेक्सिबल होस 500 एम एम लॉग फॉर ब्रेक एक्चुएटर | 6542 नग | 16-01-24 |
| 02 | 08241020 | इलेक्ट्रॉनिक मैगनेटो टेलीफोन | 1410 नग | 17-01-24 |
| 03 | 12231833 | एल ई डी टाइप लाइट फिटिंग 2 X 5 वाट | 2500 नग | 18-01-24 |
| 04 | 07230106B | ब्रेक बीम कम्पलीट | 6547 नग | 22-01-24 |
| 05 | 77236561 | मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ सिंगल कोइल बीयर | 430220 नग | 24-01-24 |
| 06 | 07230653 | फुट स्टेप असेम्बली | 4647 नग | 25-01-24 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 77/2023–2024 दिनांक 20/12/2023 3984/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी. जिसका विवरण सारणीबद्ध है:-

| कैटगरी एवं विवरण | ई-कैटलॉग | रेलवे स्टेशन के नाम | ई-नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| रेलवे स्टेशन परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (PMBJK) आउटलेट की स्थापना हेतु ठेका | UMBPMBJKPT A0323 | पटियाला (सर्कुलेटिंग एरिया) | 27.12.2023 को 10:00 बजे |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 3982/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा दिनांक 01.02.2024 से रेलगाड़ी सं. 12915/12916 अहमदाबाद–दिल्ली जं.–अहमदाबाद आश्रम एक्सप्रेस के आवागमन हेतु अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती स्टेशन से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। ठहराव की समय–सारणी निम्नानुसार होगा:–

| गाड़ी सं. 12915 अहमदाबाद–दिल्ली आश्रम एक्सप्रेस | | | | स्टेशन | गाड़ी सं. 12916 दिल्ली–अहमदाबाद आश्रम एक्सप्रेस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्तमान | | संशोधित | | | संशोधित | | वर्तमान | |
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:25 | -- | -- | अहमदाबाद | -- | -- | 06:20 | -- |
| 19:38 | 19:40 | -- | 19:40 | साबरमती | 05:55 | -- | 05:30 | 05:32 |

साबरमती स्टेशन के बाद समय–सारणी में कोई परिवर्तित नहीं।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन न. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

4040/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अब वाहनों के दबाव पर रंग बदलेगा ट्रैफिक सिग्नल, योजना लागू करने की तैयारी

**नोएडा :** नोएडा शहर के चौराहों पर ट्रैफिक के दबाव को देखकर सिग्नल का रंग बदलेगा। चौराहे पर लगे कैमरे, सेंसर और सॉफ्टवेयर की मदद से वाहनों के दबाव घटने और बढ़ने पर सिग्नल रंग बदल जाएगा। सड़क के जिस कैरिजवे पर दबाव ज्यादा होग उस ओर सिग्नल हरा हो जाएगा। फामूर्ला सफल हुआ तो चालकों को शहर के ट्रैफिक सिग्नल पर ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा।

### उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वैन (राउंड ट्रिप बेसिस) के पार्सल स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं :–

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एसेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1 | 22.12.2023 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12481 (F1, F2 & R1), 12916 (F1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1), 22438 (F1) |
| 2 | 23.12.2023 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाड़ी में - 12226/12225, 12236/12235, 12264/12263, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12454/12453, 12488/12487, 14033/14034, 20408/20407, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर गाड़ी संख्या: 22418/22417 |
| 3 | 26.12.2023 को 10:30 बजे | 12284 (F1), 14014 (F1), 14038 (F1), 14303 (F1 & R1), 14306 (F1 & R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 20488 (F1, F2 & R1), 22168 (R1), 22222 (F1), 22404 (F1), 22654 (F1) |
| 4 | 27.12.2023 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12432 (F1), 12455 (F1), 14041 (F1), 14553 (F2), 15035 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 5 | 28.12.2023 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12986 (F1), 22414 (F1), 22418 (F2), 22472 (F1, F2 & R1), 22806 (F1) |
| 6 | 29.12.2023 को 10:30 बजे | 12045 (F1), 12420 (F), 12754 (F1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14681 (F1), 20938 (F1 & R1), 22401 (F1) |
| 7 | 30.12.2023 को 10:30 बजे | 12036 (F1), 12584 (F1), 12463 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14212 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 14553 (R1) |
| 8 | 03.01.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12457 (F1, F2 & R1), 12918 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 20958 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1), 22482 (F1) |

महत्वपूर्ण सूचना: 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning centre.html. (e-Auction leasing section), पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी): नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध मे, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3987/2023

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'मीडिया और उसके हितों की सुरक्षा सरकार की गारंटी'

## पश्चिम बंगाल से लगातार पत्रकारों पर जानलेवा हमले और हिंसक घटनाओं की खबरें आती हैं: अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को राज्यसभा में ममता बनर्जी सरकार को पश्चिम बंगाल में पत्रकारों के ऊपर लगातार होने वाले हमलों को लेकर जमकर घेरा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पश्चिम बंगाल से लगातार पत्रकारों पर जानलेवा हमले और हिंसक घटनाओं की खबरें आती हैं। पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार को पत्रकारों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने लिए उपाय करने चाहिए। प्रेस फ्रीडम रिपोर्ट पर कटाक्ष करते हुए मंत्री ने कहा " इतने वर्ष हो गए पर आज तक ऐसी कोई संस्था वाला मेरे पास नहीं आया। मैंने समाचार पत्रों और टीवी मीडिया वालों से भी पूछा मगर आज तक उनके पास भी कोई नहीं गया। मुझे नहीं पता यह रिपोर्ट कैसे बनाते हैं। प्रेस फ्रीडम रिपोर्ट की कोई गारंटी नहीं पर मीडिया और उसके हितों की



सुरक्षा मोदी सरकार की गारंटी है।" अनुराग ठाकुर ने उक्त बातें तृणमूल सांसद डोला सेन के तारांकित प्रश्न के जवाब में कहीं। हालांकि डोला सेन जवाब के समय सदन में उपस्थित नहीं थीं। सदन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है पर पश्चिम बंगाल एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ियों को तोड़ा गया। यह साफ तौर पर पश्चिम बंगाल के गरीबों और जरूरतमंदों को विकास से वंचित रखने का षड्यंत्र है। जब पत्रकार इसे दिखाने जाते हैं तो उन्हें भी जान माल का खतरा रहता है। पश्चिम बंगाल में पत्रकारों पर हुए हमलों की सिलसिलेवार लिस्ट पढ़ते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, "अक्टूबर, 2015 में पश्चिम बंगाल निकाय चुनावों के दिन साल्ट लेक इलाके में 20 पत्रकारों को पीटा गया और उनके माइक और कैमरे तोड़ दिए गए। फरवरी, 2022 में उत्तरी दमदम

**जानकारी**

8 तृणमूल सांसद डोला सेन के तारांकित प्रश्न के जवाब में कहीं। हालांकि डोला सेन जवाब के समय सदन में उपस्थित नहीं थीं।

और पूर्वी मिदनापुर में निकाय चुनाव में 4 पत्रकारों को पीटा गया। 2023 के पंचायत चुनाव में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान कोलकाता और विभिन्न जिलों में 10 पत्रकारों को पीटा गया। जून, 2013 को एआईटीसी के गुटीय झगड़े को कवर करने के दौरान नॉर्थ 24 परगना के बैरकपुर में 3 फोटो पत्रकारों को इतना पीटा गया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।" अनुराग ठाकुर ने प्रश्न का जवाब देने के पहले कहा कि केंद्र सरकार भारत के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा करने हेतु प्रतिबद्ध है। जहां तक पत्रकारों की सुरक्षा की बात है तो कानून व्यवस्था राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2017 में ही गृह मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर पत्रकारों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। पूरे देश में कहीं भी पत्रकारों के ऊपर हिंसा होने पर प्रेस काउंसिल आफ इंडिया को स्वतः संज्ञान लेने का अधिकार है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने राज्यों में पत्रकारों को भय मुक्त वातावरण प्रदान कराएं। तृणमूल कांग्रेस सांसद द्वारा कुछ दिनों पहले ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक बनाए जाने के ऊपर सदन में अनुराग ठाकुर ने कहा, "यह कुकृत्य पूरे देश को शर्मसार करने वाला है। पूरे विपक्ष को इस पर माफी मांगनी चाहिए थी।

# सांसद पिंटू के पॉलिटिकल करियर का हो गया फैसला!





**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

जदयू के सांसद सुनील कुमार पिंटू मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर लगातार हमला कर रहे हैं, लेकिन जदयू उनकी और ध्यान नहीं दे रही है। क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में एक करार के तहत वह जदयू में शामिल हुए थे। 2022 में भाजपा और जदयू के बीच करार समाप्त हो गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में सीतामढ़ी से जदयू के प्रस्तावित उम्मीदवार के रूप में विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं यानी जदयू ने अपने सांसदों की आधिकारिक सूची से सुनील कुमार पिंटू का नाम काट दिया है। 2019 में भाजपा-जदयू के बीच लोकसभा की 40 सीटों के लिए, बराबरी का करार हुआ था। दोनों को 17-17 सीटें मिली थीं। भाजपा ने सीतामढ़ी के साथ शर्त रख दी कि सीट के साथ हमारे उम्मीदवार भी ले लें। दोनों दलों के बीच पूर्व में भी यह होता रहा है। 2010 के विधानसभा चुनाव में जदयू ने भाजपा को पांच उम्मीदवार दिए थे। बाद में ये सब भाजपा छोड़ जदयू में आ गए थे। वैशाली से लोजपा की सांसद वीणा देवी इसी तरह के करार के तहत 2010 में गायघाट से भाजपा टिकट पर विधायक बनी थीं।

# एचडी देवेगौड़ा और कुमार स्वामी ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एच डी देवेगौड़ा से मुलाकात की और देश की प्रगति में उनके 'अनुकरणीय' योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उनसे मिलना हमेशा सुखद होता है। मोदी ने कहा, "भारत देश की प्रगति में देवेगौड़ा जी के अनुकरणीय योगदान को बहुत महत्व देता है। विविध नीतिगत मामलों पर उनके विचार व्यावहारिक और भविष्यवादी हैं।" इस साल की



शुरुआत में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद भाजपा और जद (एस) ने कर्नाटक में गठबंधन की घोषणा की है।

# निज्जर मामले में भारत के रुख में बदलाव नहीं: विदेश मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के इस बयान को खारिज कर दिया है कि गुरुपतवंत सिंह पन्नू प्रकरण में अमेरिका की कार्रवाई के बाद भारत के रुख में बदलाव आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी नीति पूर्ववत है। हमारा मानना है कि मुख्य मुद्दा कनाडा में उग्रवादी, आतंकवादी और भारत विरोधी तत्वों को गतिविधियां चलाने का अवसर दिया जा रहा है। भारत को उम्मीद है कि कनाडा सरकार ऐसे उग्र तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगी तथा उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करने की छूट नहीं दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि कनाडा प्रधानमंत्री ट्रुडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजेंट का हाथ होने आरोप लगाया था। हालिया बयान में उन्होंने अमेरिकी अदालत में पन्नू की कथित हत्या की साजिश के मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने का हवाला देते हुए कहा था कि इस कारण भारत के रवैये में नरमी आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पन्नू के मामले में चेक गणराज्य में गिरफ्तार भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को भारतीय दूतावास के अधिकारियों से मिलने की अनुमति दी है।



असम के मिर्जा व कामरूप में विकसित भारत संकल्प यात्रा की झलकियाँ।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े विधेयक को मिली मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** ने बुधवार को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और अन्य विषयों से जुड़ा विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे पारित कर दिया था। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 पारित किए जाने के लिए निचले सदन में पेश किया। कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा शर्तें और कार्य) कानून 1991 का स्थान लेगा। विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संविधान में अनुच्छेद 324 देश में चुनाव कराने से जुड़ा है। इसके दूसरे भाग में कहा गया था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संसद एक कानून बनाएगी लेकिन कांग्रेस सरकारों ने ऐसा नहीं किया। 1991 में वे कानून लेकर आए लेकिन उसमें भी इस बात को शामिल नहीं किया गया। 2 मार्च को इस संबंध में फैसला आया और सुप्रीम कोर्ट ने कानून बनने तक एक समिति बना दी। सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप ही आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कानून लायी है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने बाबा साहेब का सपना अधूरा छोड़ दिया था, हमने उसे पूरा करने जा रहे हैं।

उन्होंने कुछ सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि चुनाव आयुक्त बनने की योग्यता तय की गई है। केन्द्र सरकार में सचिव या उससे ऊपर के पद पर रह चुके व्यक्ति चुनाव आयुक्त बन सकते हैं। चुनाव आयुक्त से जुड़ी खोज समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री करेंगे।

# रायपुर: मुख्यमंत्री साय ने जीरो पॉइंट चौक के सौंदर्यीकरण कार्यों का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज गुरुवार को राजधानी रायपुर में विधानसभा के समीप स्थित जीरो पॉइंट चौक के सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। सौंदर्यीकरण के तहत मुख्य चौक तथा सड़क के दोनों तरफ के उद्यानों में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति एवं लोक कला को प्रदर्शित किया गया है। चौक के मध्य में और दोनों तरफ के उद्यान का सौंदर्यीकरण 37.95 लाख रुपये की लागत से किया गया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधायक अजय चंद्राकर, रामविचार नेताम, गोमती साय, दयालदास बघेल, मोती लाल साहू, प्रबोध मिंज, पुरन्दर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, भावना बोहरा सहित



अनेक विधायकगण सहित विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे।

**विधानसभा चौक का सौंदर्यीकरण**

मोवा- विधानसभा फोरलेन मार्ग (लोक निर्माण विभाग का मुख्य जिला मार्ग) में स्थित चौक लगभग 20 वर्ष पूर्व निर्मित किया गया था। मोवा-विधानसभा फोरलेन मार्ग में स्थित चौक की गोलाई अत्यधिक होने के कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। चौक की गोलाई को कम कर विधानसभा की गरिमा अनुरुप चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। विधानसभा पहुँच मार्ग में मार्ग के दोनों ओर स्थित उद्यान लगभग 16 वर्ष पूर्व निर्मित किये गये थे। चूंकि उक्त दोनों उद्यान छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन के

**जानकारी**

8 छत्तीसगढ़ संस्कृति की झलक हो एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन की गरिमा के अनुरुप उद्यान का स्वरुप हो, इस उद्देश्य से उद्यान के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया।

प्रवेश मार्ग में स्थित हैं। अतः उक्त दोनों उद्यान में छत्तीसगढ़ संस्कृति की झलक हो एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन की गरिमा के अनुरुप उद्यान का स्वरुप हो, इस उद्देश्य से उद्यान के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया।

चौक - चौक में बस्तर आर्ट बेल मेटल पेटर्न की मूर्ति लगाई गई है, मूर्ति को इस तरह से स्थापित किया गया है जिससे की उसे तीन तरफ से देखा जा सकता है। इस चौक को 6 मीटर गोलाई में बनाया गया है। उद्यान - विधानसभा मार्ग के दोनों ओर स्थित उद्यान में मुरिया नृत्य करते हुए महिलाएँ एवं पुरुषों की मूर्तियाँ लगायी गई हैं। उद्यान में स्थित दीवाल पर बस्तर आर्ट बेल मेटल पेटर्न से कलाकृति बनाई गई है। उद्यान में बस्तर आर्ट बेल मेटल से विभिन्न मूर्तियाँ तैयार कर लगाई गई हैं।

# सुरक्षा में चूक व सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्ष ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

संसद की सुरक्षा में चूक व सांसदों के निलंबन के विरोध में विपक्षी दलों के सांसदों ने गुरुवार को विरोध मार्च निकाला। आज सुबह सभी आईएनडीआईए घटक दल के सांसदों ने संसद भवन परिसर से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने मांग की कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह संसद के दोनों सदन में सुरक्षा चूक मुद्दे पर जवाब दें और सभी निलंबित सांसदों का निलंबन वापस लिया जाए। विरोध मार्च में शामिल हुए कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि मोदी सरकार ने संसद को विपक्ष विहीन कर दिया




है। संसद की सुरक्षा गंभीर मुद्दा है। गृह मंत्री इस मुद्दे पर सदन में जवाब नहीं दे रहे। विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। ऐसे में आईएनडीआईए घटक दल एक साथ हैं। हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई संसद से सड़क तक जारी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि संसद में हुई सुरक्षा चूक के मुद्दे पर विपक्ष मांग कर रहा है कि संसद के दोनों सदनों में गृह मंत्री जवाब दें।

# हजारीबाग में दम घुटने से बिहार के चार लोगों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/हजारीबाग**

राज्य के हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत रसुलीगंज में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि बुधवार रात एक ही परिवार के कई लोग ठंड से बचने के लिए कमरे में कोयला जलाकर सोए हुए थे। कमरे का दरवाजा बंद था, जिस वजह चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में राकेश कुमार, अखिलेश कुमार, प्रिंस कुमार और अरमान अली हैं। रोहित यादव, राकेश कुशवाह, सलमान खान को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस कमरे में ये घटना हुई उसके बगल के कमरे में कुणाल यादव भी रह रहे थे। उन्होंने कहा कि सुबह करीब सात बजे कुछ लोग उस कमरे के बाहर पहुंचे और आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में दरवाजा तोड़ दिया गया। देखा गया कि चार लोग मृत पड़े हुए हैं और तीन की हालत गंभीर है। अस्पताल ले जाया गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। उन्होंने कहा कि रात में एक साथ खाना खाने के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरे में चले गये थे।

# राफेल-एम फाइटर जेट का सौदा फाइनल करने फ्रांस की टीम दिल्ली पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस 'विक्रांत' के लिए 26 राफेल-एम फाइटर जेट का सौदा फाइनल करने फ्रांस की एक टीम नई दिल्ली पहुंची है। फ्रांस ने भारत की ओर से मांगी गई निविदा के लिए अपनी बोली भी जमा कर दी है। अब भारतीय पक्ष वाणिज्यिक प्रस्ताव सहित इस सौदे के लिए फ्रांसीसी बोली का विस्तृत अध्ययन करेगा। सरकार-से-सरकार अनुबंध के तहत फ्रांसीसी सरकार के अधिकारी भारत के साथ इस सौदे पर बातचीत करेंगे। इस साल जुलाई में बैस्टिल डे परेड के लिए राजकीय अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा से ठीक पहले रक्षा अधिग्रहण परिषद ने लगभग 5.5 बिलियन यूरो के विमान सौदे को मंजूरी दे दी थी। राफेल-एम के सौदे को भारत और फ्रांस के संबंधों में मील का पत्थर करार दिया जा रहा है। इससे पहले भारतीय वायु सेना ने दो लड़ाकू स्क्वाड्रन (36 विमान) के लिए राफेल को चुना था, अब भारतीय नौसेना राफेल-एम का अधिग्रहण करने के लिए तैयार है। नौसेना को फ्रांस से 22 सिंगल और 4 ट्विन सीट वाले 4.5



पीढ़ी के राफेल-एम जेट मिलेंगे। नौसेना के विमानवाहक विक्रांत और विक्रमादित्य के लिए 26 राफेल-एम फाइटर जेट की जरूरत है, यह सौदा 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का होगा। दरअसल, एक महीने पहले भारत ने फ्रांसीसी सरकार को एक अनुरोध पत्र (एलओआर) भेजा था। यह एक निविदा दस्तावेज की तरह है, जिसमें भारत सरकार ने अपनी सभी जरूरतों और क्षमताओं का उल्लेख किया था, जो वह विमान वाहक आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य के लिए खरीदे जाने वाले राफेल समुद्री विमान में रखना चाहती है। फ्रांस ने भारतीय नौसेना के विमान वाहक आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य के लिए 26 राफेल समुद्री जेट खरीदने के लिए भारत की निविदा पर अपनी बोली भी जमा कर दी है। विदेशों में सैन्य बिक्री से जुड़े फ्रांसीसी सरकारी अधिकारियों की एक टीम भारतीय निविदा पर प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने के लिए पेरिस से आई है। फ्रांस की ओर से बोली जमा होने के बाद भारतीय पक्ष वाणिज्यिक प्रस्ताव, विमान की कीमत, अनुबंध के अन्य विवरणों के साथ इस सौदे के लिए फ्रांसीसी बोली का विस्तृत अध्ययन करेगा। भारत अब फ्रांसीसी सरकार के अधिकारियों के साथ सौदे पर बातचीत करेगा, क्योंकि यह एक सरकार-से-सरकार अनुबंध है। नौसेना प्रमुख ने भी सौदे को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए परियोजना की समय सीमा को कम करने का निर्देश दिया है।

# सफाई व्यवस्था को लेकर एक्शन में सीएम मनोहर लाल

## सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर मुख्यमंत्री ने सुपरवाइजर से लेकर निगम आयुक्त, ज्वाइंट कमिश्नर तक पर लगाया जुमार्ना

**निर्देश**

**8 निगम कमिश्नर के 15 दिन के वेतन, ज्वाईट कमीश्नर की1 महीने की सैलरी काटने के भी दिए निर्देश।**





**टीम क्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल प्रदेशभर में सफाई व्यवस्था को लेकर एक्शन में दिख रहे हैं। लगभग एक सप्ताह पहले जिला उपायुक्तों, जिला नगर आयुक्तों, नगर निगम आयुक्तों व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने शहरों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि वे स्वयं या अलग-अलग टीमें शहरों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करेंगी। मुख्यमंत्री वीरवार को स्वयं गुरुग्राम शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर कन्हई रोड़ पर सफाई व्यवस्था देख रही एजेंसी पर 1 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। इतना ही नहीं, सफाई कर्मचारियों के सुपरवाइज? से लेकर संयुक्त आयुक्त तक पर मुख्यमंत्री ने जुमार्ना लगाया। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी। नागरिकों को स्वच्छा वातावरण उपलब्ध करवाना हम सबकी सामुहिक जिम्मेवारी है। वरिष्ठ अधिकारियों की और अधिक जिम्मेवारी बन जाती है और लापरवाही के चलते ही इन अधिकारियों पर जुमार्ना लगाने का निर्णय लिया गया है। श्री मनोहर लाल ने नगर निगम के आयुक्त का 15 दिन का वेतन काटने, संयुक्त आयुक्त का 1 माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सफाईकर्मियों के सुपरवाइज? पर 10 रुपये, फिल्ड ऑफिसर अजय कुमार पर 1,000 रुपये, एडिशनल सैनेटरी इंस्पेक्टर पर 2,000 रुपये, सीनियर सेनेटरी इंस्पेक्टर पर 3,000 रुपये तथा ज्वाईट कमिश्नर संजय सिंगला पर 5000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया।

**अगले तीन दिन में सफाईकर्मियों की सैलरी जारी करने के दिए निर्देश:** मुख्यमंत्री ने औचक निरीक्षण करते हुए कहा कि शहरों में सफाई व्यवस्था रखने में सफाईकर्मियों का अहम योगदान है। उन्हें समय पर वेतनमान मिले, यह प्रशासन की जिम्मेवारी है।

### स्वच्छता को बेहतर बनाने के लिए सफाई कर्मियों को एक करोड़ रुपए के उपकरण देने की घोषणा

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने वीरवार को गुरुग्राम शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा करते हुए स्वच्छता व नागरिकों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने गांव कन्हई, ओल्ड दिल्ली रोड पर सिरहौल मोड़, कार्टरपुरी रोड, रेजांगला चौक, सेक्टर-23 व सदर बाजार में कमला नेहरू पार्क के समीप डंपिंग प्वाइंट आदि स्थानों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने औचक निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मियों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी। सफाई कर्मियों द्वारा स्वच्छता संबंधी उपकरणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम के लिए सीएसआर फंड से एक करोड़ रुपये के संसाधन खरीदने की घोषणा की। इस राशि से 200 हाथ रिक्शा, 150 रिक्शा व 10 टिपर खरीदे जाएंगे ताकि गुरुग्राम शहर में स्वच्छता के इंतजाम बेहतर हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम के आयुक्त को सफाई कर्मियों को बोनस दिलवाने के भी निर्देश दिए।

## जेजेपी के संगठन में विस्तार, 58 पदाधिकारी किये घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**



जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए 58 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी अध्यक्ष सरदार निशान सिंह व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करते हुए 58 पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। जेजेपी ने करण सिंह देपल और प्रेम शाहपुर को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया हैं। प्रदेश सचिव के पद पर राम सिंह कोड़वा, वीरेंद्र बापोड़ा, पूर्व चेयरमैन मेहताब सिंह, धर्मबीर सिंह पाडा, राम किशन तुषीर, गुरमंगत सिंह, रामफल सरपंच, विनोद मोदी, संजीव तंवर, फरीदाबाद पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया और शाहबाद नगरपालिका के चेयरमैन गुलशन क्वात्रा को नियुक्त किया हैं।

वहीं ओमप्रकाश रसोई प्रदेश सहसचिव होंगे। साथ ही अजीत अंतिल को राई का हलका अध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा देविंद्र बिल्ला, रविंद्र ढेजी, अजीत तिगड़ाना, ओमप्रकाश चोबराला, राम निवास, सत्येंद्र दातोली, बेगराज नागर, राजेंद्र बिल्ला, सतपाल पालू, सनवीर दलाल, एडवोकेट जय लाल, भले राम श्योकंद, दरबारा देशवाल, सुरेंद्र नैन कालवान, एडवोकेट सुंदर मलिक और रणधीर जांडोला को प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य के पद पर नियुक्त किया हैं। इसी तरह जगदीश दुबल, सरदार प्रेम सिंह, धर्मपाल बाजीगर, नरेंद्र घराड़सी, राम कुमार, कुलदीप, राम अवतार, सरिता धानक, सुरेश आट्टा, सुरेश भाट्टी, विजेंद्र कादियान सिवाहा, बच्चू सिंह बावल, शीशराम गुर्जर, ईश्वर भागवतीपुर, रमेश मोखरा, रविंद्र बखेता, सुरेंद्र बल्हारा, हरबेल खाजाखेड़ा, सगनजीत सिंह, प्रेम कुमार कुकरेजा, सुखमंदर सिहाग, सुखराज सिंह सिद्धू, सरदार सवाई सिंह, ओम प्रकाश पंचाल, रोहताश दहिया, कमल कंबोज और समय सिंह खुर्दबान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य होंगे।

## चंडीगढ़: फिरौती मांगने वालों पर हरियाणा पुलिस ने कसा शिकंजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा पुलिस फिरौती मांगने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उनकी धरपकड़ करने में गंभीरता से प्रयासरत है। इन्ही प्रयासों के चलते फतेहाबाद के टोहाना में फिरौती मांगने वाले चार आरोपियों तथा पलवल में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 17 दिसंबर 2023 को फतेहाबाद के टोहाना स्थित मार्केट में एक रेस्टोरेंट के मालिक के पास उनके मोबाइल नंबर पर फोन आया और फोन पर व्यक्ति ने उन्हें कथित गैंग का सदस्य बताते हुए 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की और फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दी । फोन पर बात होने के बाद तीन मोटरसाइकिल सवार लड़कों ने दुकान पर फायरिंग की और वहां से भाग निकले। इस मामले में प्राप्त शिकायत को लेकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इस मामले में फतेहाबाद पुलिस द्वारा 72 घंटो के भीतर चारो आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया गया।

## चंडीगढ़: अस्पतालों में रखी लाखों की मशीनें कबाड़ में हुई तब्दील: डॉ. सुशील गुप्ता

**खोली पोल**

**8 भाजपा सरकार में 500 में से 93 जन औषधि केंद्र बने और इनमें से भी 58 बंद हो चुके: डॉ. सुशील गुप्ता**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

**आम** आदमी पार्टी ने प्रदेशस्तरीय बदलाव यात्रा के सातवें दिन आप नेताओं ने हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं के मुद्दे पर खट्टर सरकार को घेरा। सातवें दिन प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता बहादुरगढ़ में रहे। प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर हिसार, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा नारनौंद और प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा कैथल के गुहला में रहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता का स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। जनता हजारों रुपए फूंक कर निजी अस्पतालों में इलाज करवाने को मजबूर है। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर की हालत बिल्कुल खस्ता हो चुकी है। खट्टर सरकार ने प्रदेश के अस्पतालों को ही बीमार कर दिया है। खट्टर सरकार लगातार वायदे भी करती है, घोषणाएं भी करती है। लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हो पाता। प्रदेश के अस्पतालों की हालत बिल्कुल जर्जर हो चुकी है।

गुरुग्राम सिविल हॉस्पिटल बनाने की घोषणा पांच साल पहले हुई थी। अब तक एक ईंट नहीं रखी गई है। अस्पतालों में रखी लाखों की मशीनें कबाड़ में बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पूरे प्रदेश में 500 जन औषधि केंद्र खोलने की घोषणा की। धरातल पर केवल 93 बने और इनमें से भी 58 बंद हो चुके हैं। जनता को पांच गुना दामों पर दवाई खरीदनी पड़ती है। प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि आज हरियाणा की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है। सरकारी अस्पतालों की हालत जर्जर है, मशानों को चलाने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की आयुषमान योजना भी फेल निकली, हरियाणा सरकार के प्राइवेट अस्पतालों का हजारों करोड़ रुपए देने बाकी है। अब प्राइवेट अस्पताल इलाज के लिए मना करने लगे हैं। इसके अलावा कभी डॉक्टर तो कभी नर्सें हड़ताल पर रहती हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रही है। वहीं सीएम खट्टर व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज आपस में लड़ने में लगे रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग में 850 फाइलें आज भी पेंडिग पड़ी है, जिन पर कोई काम नहीं हो रहा। इसका मतलब भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सुविधाएं भी ठप पड़ी हैं। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी रेवाड़ी में एम्स बनाने की घोषणा करके गए थे, लेकिन अभी तक नींव की ईंट भी नहीं रखी गई है। मुख्यमंत्री खट्टर और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की लड़ाई ने प्रदेश के स्वास्थ्य सेवाओं का बेड़ा गर्क करने का काम किया है। पीजीआईएमएस जैसे बड़े संस्थानों में भी न चिकित्सक हैं और न ही दवाइयां उपलब्ध हैं। 50 प्रतिशत से ज्यादा चिकित्सकों के पद खाली हैं।

## पहले किसानों का किया शोषण, अब आढ़तियों पर भी ज्यादती: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने हर किसी का जीना दूभर कर दिया। ऐसा कोई वर्ग नहीं जो सरकार की कुनीतियों से परेशान न हो। प्रदेश के अन्नदाता किसान की कोई सुनवाई नहीं हो रही है, सरकार उसका जमकर शोषण और उत्पीडन करने में लगी है तो अब सरकार ने मार्केट फीस बढ़ाकर सब्जी-फल उत्पादकों और आढ़तियों का सुख-चैन छीन लिया है। गठबंधन सरकार ने जैसे हर वर्ग को परेशान करने की ठान ली है पर लोकतंत्र में जनता से बड़ी कोई ताकत नहीं होती जो समय आने पर वोट की चोट से सारा हिसाब-किताब बराबर कर लेगी। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के अब तक के कार्यकाल में सबसे ज्यादा परेशान किसान हुआ है जिस पर दोहरी मार पड़ी है। पहले भारी बरसात और बाढ़ से धान की फसल खराब हुई, किसानों को फिर से धान की रोपाई करनी पड़ी। जिन किसानों ने नरमा कपास की बिजाई की थी उन्हें उम्मीद थी फसल अच्छी हुई तो कुछ तो घाटा पूरा होगा पर गुलाबी सुंडी के प्रकोप से कपास की फसलें बर्बाद हो गई। बाढ़ से बर्बाद फसल के मुआवजे के लिए करीब डेढ़ लाख किसानों ने आवेदन किया पर 34 हजार किसानों के लिए मुआवजा राशि जारी की। कपास के मुआवजे को लेकर सरकार अभी तक चुप्पी साधे हुए है। किसान पर एक ओर जहां मौसम की मार पड़ी वही सरकार ने कोई मदद करने के बजाए किसान का शोषण और उत्पीड़न ही किया। आज प्रदेश का अन्नदाता मुआवजे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन का सहारा ले रहा है पर ये गूंगी बहरी सरकार किसानों की कोई सुध नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि अब इस गठबंधन सरकार ने सब्जी-फल उत्पादक किसानों और आढ़तियों को परेशान करना शुरू कर दिया है। सरकार ने सब्जी व फलों पर भारी भरकम एकमुश्त टैक्स लगाकर और एचआरडीएफ एक प्रतिशत लगाकर किसान व आढ़तियों के साथ ज्यादती की है। सरकार बार-बार नए-नए टैक्स लगाकर व्यापारी, किसान और आम जनता को परेशान करने में लगी है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने की बात कर रही है दूसरी ओर नए-नए टैक्स लगाकर या उनमें वृद्धि करके जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है।

## स्टार्टअप के माध्यम से केयू के छात्र पुरानी चीजों को दे रहे है नया रूप: बंडारू

### हरियाणा पैवेलियन हरियाणवी संस्कृति को सहेजने के लिए बहुत जरूरी: बंडारू दत्तात्रेय

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**



**स्टार्टअप** के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र हरियाणा की प्राचीन चीजों को नया रूप दे रहे हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में हरियाणा पैवेलियन के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को सहेजने और उसका प्रचार-प्रसार कर रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड मिलकर हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह विचार हरियाणा राज्य के राज्यपाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह में हरियाणा पवेलियन के अवलोकन के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा पैवेलियन में हरियाणवी पगड़ी बंधवाई तथा हरियाणवी खाट पर हरियाणवी हुक्के के साथ छायाचित्र भी खिचवाया। अवलोकन के दौरान राज्यपाल ने देशी घी से निर्मित जलेबी का भी स्वाद चखा। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा कुटिक सेंटर के स्टार्टअप के माध्यम से निर्मित अंकुरित मोटे अनाज के उत्पादों की खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि विश्वविद्यालय स्टार्टअप के माध्यम से प्राचीन चीजों को नया रूप दे रहा है। उन्होंने यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों द्वारा कोऑपरेटिव शुगर मिल पर आधारित मीठा गन्ना के बारे में जानकारी ली। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को बताया कि कोऑपरेटिव शुगर मिल में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी किसानों की होती है। राज्यपाल ने हरियाणा सरकार की नीतियों की प्रशंसा की तथा कौशल विकास पर आधारित प्रदर्शनी तथा हरियाणवी कलाकारों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति को देखकर सराहना की। उन्होंने हरियाणा के विभिन्न शिल्पकारों की कला को भी सराहा व केयू धरोहर द्वारा हरियाणवी संस्कृति को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी की भी प्रशंसा करते हुए कुवि कुलपति व उनकी टीम को बधाई दी।

## वरिष्ठ प्रेस फोटो जर्नलिस्ट संतोख सिंह के निधन पर सीएम ने जताया शोक



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ के वरिष्ठ प्रेस फोटो जर्नलिस्ट सरदार संतोख सिंह, जिन्हें ताया जी के नाम से जानते थे, के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। सरदार संतोख सिंह लंबे समय से कैंसर की बीमारी से लड़ रहे थे और वीरवार की सुबह वे जिंदगी की जंग हार गए। वर्तमान में वे रोजाना स्पोक्समैन के मुख्य फोटो जर्नलिस्ट थे। उन्होंने पहले पंजाब राज्य उद्योग निर्यात निगम पीएसआईईसी, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में ट्रेसर, मैप नेविस के रूप में भी कार्य किया था, लेकिन वह कार्टूनिंग, पेंटिंग में बहुत कुशल थे। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव व सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर तथा मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल ने भी सरदार संतोख सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया।

## जान से मारने की धमकी देने के आरोपियों को भेजा जेल

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस फिरौती मांगने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उनकी धरपकड़ करने में गंभीरता से प्रयासरत है। इन्ही प्रयासों के चलते फतेहाबाद के टोहाना में फिरौती मांगने वाले चार आरोपियों तथा पलवल में दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 17 दिसंबर,2023 को फतेहाबाद के टोहाना स्थित मार्केट में एक रेस्टोरेंट के मालिक के पास उनके मोबाइल नंबर पर फोन आया और फोन पर व्यक्ति ने उन्हें कथित गैंग का सदस्य बताते हुए 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की और फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दी । फोन पर बात होने के बाद तीन मोटरसाइकिल सवार लडकों ने दुकान पर फायरिंग की और वहां से भाग निकले। इस मामले में प्राप्त शिकायत को लेकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इस मामले में फतेहाबाद पुलिस द्वारा 72 घंटों के भीतर चारों आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई बाइक बरामद कर ली गई है। इसी प्रकार, एक अन्य मामले में पलवल जिला में 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया ।

## सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति से विकसित भारत का सपना होगा साकार: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ युवा भाजपा** के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि युवा वर्ग के सशक्त होने से ही राष्ट्र विकसित होगा। हर युवा पूरे जोश व उत्साह के साथ अपना कौशल निखारकर भारत को विकसित बनाने में जुट जाए। श्री धनखड़ गुरूवार को बादली विधानसभा क्षेत्र के गांव खखाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए देश और प्रदेश की तरक्की में योगदान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के सपने को साकार करने के लिए आज की युवा पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी को संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि अंतिम पात्र व्यक्ति का कार्य उसके दरवाजे पर हो, इसके लिए यह संकल्प यात्राएं हरियाणा प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में चलाई जा रही हैं। मोदी मनोहर सरकार की सोच है कि वंचित पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए उसे समाज की मुख्यधारा में लाना है। हमें अमेरिका जैसे देश से ज्यादा आर्थिक रूप से सशक्त बनना है,भगवान हमें आर्थिक रूप से समृद्ध कैसे बनाएगा,इसके लिए शिक्षा,स्वास्थ्य,सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना होगा।



राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था ,सुरक्षा व रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर,आईटी, तकनीक व मेडिकल और कृषि व औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी देश के रूप उभर रहा है। आज हम दवाई बनाने के मामले में अग्रणी हैं और भारत दुनिया को पचास प्रतिशत दवाएं प्रदान करने वाला पहला देश है। भारत कार और मोबाइल बनाने में तीसरे स्थान पर हैं। पीएम मोदी का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हर लाभार्थी को उनके गांव में ही योजनाओं का लाभ देने की मोदी की गारंटी साकार हो रही है। प्रधानमंत्री स्वयं विकसित भारत संकल्प यात्रा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और बार बार लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक -एक पात्र लाभार्थी के बारे में सोचते हैं और योजनाओं का लाभ पंहुचाने के लिए सजग हैं। हर पात्र नागरिक को आयुष्मान चिरायु योजना से ईलाज की गारंटी, फ्री रसोई गैस कनैक्शन, हर घर नल से जल, हर घर शौचालय जैसे कार्य होने से पात्र नागरिक सम्मान के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मौके पर ग्रामीण भीम सिंह का परिवार पहचान पत्र दुरूस्त कराते हुए राशन कार्ड बनवाया। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गांव खखाणा में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि मोदी-मनोहर सरकार हर लाभार्थी तक गांव -गांव पंहुच रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। अब मोदी के सेवाकाल में अधिकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए मोदी की गांरटी का रथ लेकर गांव-गांव आ रहे हैं। मोदी की सोच है कि हर पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो।

## न्यूज फ्लैश

### चीनी मिल प्रबंधक ने किया कई गांवों का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**

**करनाल सहकारी** चीनी मिल के प्रबंध निदेशक हीतेन्द्र कुमार ने गुरुवार को गन्ना एरिये के गांवो में जो कि यमुना नदी मे बरसाती पानी के कारण हुए गन्ने की फसल के नुकसान को देखने के लिए मिल के साथ लगते डाकवाला गुजरान, डाकवाला रोडान, दिलावरा, नगला मेघा मंगलौरा तथा अन्देडा गांवों का औचक निरिक्षण किया। उन्होंने उपरोक्त गांवों में बरसात के पानी से गन्ने की फसलों का गहनता से निरीक्षण किया और उक्त गांवों में गन्ने की फसल के नुकसान जायजा लिया। उक्त गांवों के किसान भी मौके पर उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्रबन्ध निदेशक को गन्ने के बरसाती पानी से हुए नुकसान के बारे में अवगत कराया। प्रबन्ध निदेशक ने देखा कि उक्त गांवों में बरसाती पानी से अधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने मिल गन्ना एरिये के गांवों के किसानों को आश्वासन दिया कि बरसाती पानी उतरने पर मिल अधिकारियों द्वारा दुबारा गन्ने का सर्वे करवाया जाएगा, जिससे किसानों हुए गन्ने के नुकसान सही अन्दाजा लगाया जा सकेगा। इस मौके पर उक्त गांव के किसान गोपाल, जसमेर सिंह, सतबीर सिंह, राजेश कुमार व गांव के अन्य किसान भी मौजूद रहे।

### 8 किलो 500 ग्राम गांजा पत्ती सहित दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**

**जिला पुलिस** टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी अकबरी खातून पत्नी स्व मोहम्मद दिलशाद वासी ठाठा थाना चिरिया बरियारपुर जिला बेगुसराय बिहार और अंकित उर्फ मुन्ना पुत्र बब्बन राय वासी चौरी थाना पंडोली जिला मधुबनी बिहार हाल शिव कॉलोनी करनाल को मोटरसाइकिल पर जाते हुए दहा जागीर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से बैग में 8 किलो 500 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग एक लाख बीस हजार रूपए है। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपी यह गांजा पत्ती कम कीमत पर समस्तीपुर जिला बिहार से लेकर आए थे और जिसको यहां ऊंची कीमत पर बेचना था। आरोपी अंकित गांजा पत्ती के सेवन का भी आदी है और आरोपी अंकित के खिलाफ पहले भी गांजा पत्ती की तस्करी के तहत मुकदमा दर्ज है। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार, चलाने का शौक पूरा करने के लिए चुराई

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए** प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम बुधवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सनौली रोड पर बलजीत नगर नाका के पास मौजूद थी। इसी दौरान सामने से संदिग्ध किस्म का एक युवक स्पलेंडर बाइक पर आया। पुलिस टीम ने शक के आधार पर युवक को रोक कर पूछताछ की तो उसने अपनी गौरव पुत्र जनेश्वर निवासी नन्हेड़ा के रूप में बताई। पुलिस टीम ने बाइक के कागजात मांगे तो युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक बीती 3 नवम्बर को वार्ड 11 चौक पर मेडिकल स्टोर के सामने से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना किला में विकास पुत्र सतीश निवासी रॉजीव कॉलोनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। उसके पास खुद की बाइक नही थी और उसे बाइक चलाने का शौक है। शौक पूरा करने के लिए आरोपी ने उक्त बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद वीरवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

### पानीपत में आप की बदलाव यात्राओं का किया जाएगा जोरदार स्वागत

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि आप की महेंद्रगढ़ से वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा के नेतृत्व में चली बदलाव यात्रा 22 दिसंबर को दोपहर बाद 2 बजे मतलौडा पहुंचेगी जबकि पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में फरीदाबाद से चली बदलाव यात्रा 22 दिसंबर को दोपहर बाद 3 बजे समालखा पहुंचेगी। पानीपत के समालखा व मतलौडा में पहुंचने पर दोनो बदलाव यात्राओं का कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। राकेश चुघ बृहस्पतिवार को तहसील कैंप स्थित आप जिला कार्यालय में बदलाव यात्राओं के स्वागत को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेता निर्मल सिंह व त्रिया सरवारा के नेतृत्व में कालका से चली बदलाव यात्रा पानीपत पहुंचेगी और 23 दिसंबर को पानीपत ग्रामीण हलके में कुटानी रोड स्थित वर्मा चौक से लेकर ड्रेन नंबर एक तक कार्यकताओं द्वारा पैदल पदयात्रा निकाली जाएगी। वहीं 24 दिसंबर को सनौली रोड पर जाली वाला कारखाने से लेकर जीटी रोड पर संजय चौक तक पैदल पदयात्रा पानीपत शहरी क्षेत्र में निकाली जाएगी।

# बच्चों के लिए स्कूल सेफ्टी को लेकर आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। हरियाणा** राज्य बाल संरक्षण आयोग के निदेशानुसार जिला बाल संरक्षण कार्यालय द्वारा स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम, किशोर न्याय अधिनियम तथा पोक्सो एक्ट को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल टिकरी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की गई। कार्यशाला के दौरान बच्चों की सुरक्षा को लेकर



कार्य करने वाले विभिन्न विभागों जैसे बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्कूल के अध्यापक तथा स्कूल के बच्चों द्वारा भाग लिया गया। अनिल लाठर द्वारा बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए किशोर न्याय अधिनियम तथा पोक्सो एक्ट तथा स्कूल सेफ्टी के लिए जारी की गई गाइड लाइन के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के साथ यदि कोई व्यक्ति यौन शोषण करता है तो उसकी रिपार्ट पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, सम्बन्धित पुलिस थाना, जिला बाल संरक्षण कार्यालय, बाल कल्याण समिति में कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल सेफ्टी की हिदायतों अनुसार प्रत्येक स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए, शिकायत पेटी होनी चाहिए, ताकि किसी बच्चे को कोई समस्या है और वह सामने आकर अपनी समस्या के लिए बातचीत करने में संकोच करता है तो वह अपने मन की बात शिकायत पेटी के माध्यम से रख सकता है, ताकि बच्चे की समस्या का समाधान हो सके। हिदायतों अनुसार प्रत्येक सप्ताह में स्कूल की सुरक्षा कमेटी द्वारा शिकायत पेटी को खोल कर उसमे पाई जाने वाली शिकायत का समाधान करना है। जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश चानना द्वारा बच्चों को गुड टच, बेड टच के बारे में जानकारी दी गई तथा बच्चों के लिए बाल कल्याण समिति तथा जिला बाल संरक्षण कार्यालय किस प्रकार कार्य करता है, उसके बारे में पूर्ण जानकारी दी गई।

## उचाना गांव में बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। उचाना** गांव में एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पड़ोसियों ने उसके छोटे बेटे-बहू पर पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 75 वर्षीय जोगिंद्रो देवी निवासी उचाना अपने छोटे बेटे के घर रहती थी, जबकि उसका बड़ा बेटा उनसे अलग रहता है। पडोस के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बुजुर्ग महिला को दो दिन पहले उसके बेटे-बहू ने बुरी तरह से पीटा था, जिससे उसको काफी गंभीर चोटें आई हैं। इन्हीं चोटों के कारण आज महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों की माने तो जोगिंद्रो देवी के पति सोम दत्त की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उसके पास दो लडके हैं। दोनों लडके अलग-अलग रहते हैं। वह अपने छोटे बेटे दीपक के पास रहती थी, जिसके दो बच्चे भी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बुजुर्ग महिला को अक्सर किसी न किसी बात को लेकर बेटे-बहू द्वारा पाटा जाता था, जिसका जिक्र वह अक्सर आस-पडोस की महिलाओं में बैठकर करती थी। पडोस के लोगों का आरोप है कि दो दिन पहले वह अपने घर के पास ही कुछ महिलाओं के साथ बैठी थी।

## पानीपतः जिला पानीपत पुलिस द्वारा करवाई जाएगी चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस महानिदेशक** हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निर्देशन में हरियाणा पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें शारीरिक रूप से चुस्त दुरुस्त बनाने को लेकर खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रही है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पानीपत पुलिस द्वारा गांव के युवाओं के लिए 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता करवाई जाएगी। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन सिवाह स्थित खेल स्टेडियम में किया जाएगा। यह जानकारी एएसपी मयंक मिश्रा ने वीरवार को लघु सचिवालय में स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता कर दी। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम भी मौजूद रहें। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, रस्साकशी, कबड्डी, रेस, रिले रेस, 100, 200 व 400 मीटर रेस्टि 3 व 5 किलोमीटर की रेस इत्यादि खेलों को शामिल किया गया हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जिला के गांवों की टीम सरपंच के माध्यम से या स्वयं संबंधित थाना में जाकर शनिवार 23 दिसम्बर मध्य रात्रि तक निशुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पुरुष व महिलाओं की टीम प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लेंगी। विजेता टीम को ट्राफी के साथ प्राइज मनी देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेलों का महत्व सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य की ही सीमा नहीं होता है, बल्कि यह हमारे मनोवैज्ञानिक विकास के लिए भी आवश्यक है। खेल खेलने से हमारा मन ताजगी और सक्रियता से भर जाता है। यह हमारी मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है और हमें खुश और स्वस्थ रखता है। हम सभी को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति सजग रहना है और दूसरों को भी इसके दुष्परिणाम से अवगत कराना है। युवा देश का भविष्य है, उनकी उर्जा को सही दिशा में लगाया जाए यह जरूरी है।

## मोबाइल चोर काबू, चुराया गया मोबाइल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। सीआईए वन** की टीम ने आरोपी प्रद्युम पुत्र कृष्ण वासी नियर लाला आटा चक्की, शिव कॉलोनी करनाल को करनाल कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर उसकी निशानदेही पर एक मोबाइल मार्का रिप्पल बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि 20 अप्रैल को आरोपी ने शिकायतकर्ता रविंद्र कुमार वासी संगोही की गाड़ी से नलवी कलां से एक मोबाइल मार्का रिप्पल व ढाई हजार नगद रुपए चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना कुंजपुरा में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी पहले ही चोरी के मुकदमे में जेल में बंद है।

## करनालः दो बच्चों के साथ महिला लापता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। इंद्री थाना** क्षेत्र के एक गांव से एक महिला अपने दो बच्चों के साथ संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। पति का आरोप है कि उसके पास अनजान नंबर से कॉल कर पत्नी खुद को बंधक बनाए जाने की बात कह रही है। पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 10 साल पहले शादी हुई थी। उनके पास दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। उसकी पत्नी की उम्र करीब 28 साल है, जो 15 दिसंबर को अचानक घर से लापता हो गई। उनकी आपस में न तो कोई कहासुनी हुई और न ही कोई नाराजगी थी। वह दोनों बच्चों को भी अपने साथ लेकर गई है। व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी का जब 2 दिन तक कोई सुराग नहीं लगा तो उसने अलमारी में रखा कैश और आभूषण चेक किए। अलमारी से करीब 60 हजार रुपए, लाखों के आभूषण, पत्नी और बच्चों के आधार कार्ड गायब थे, जिससे उसकी चिंता और भी ज्यादा बढ़ गई। व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसके पास कल से 2 नंबरों से कॉल आ रही है। कॉल पर उसकी पत्नी ने कहा कि उसे किसी कमरे में बंद किया हुआ है। 15 दिसंबर से आज तक वह अपने स्तर पर अपनी पत्नी की तलाश करता रहा, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसकी पत्नी की हाइट साढ़े पांच फीट है। रंग गेहूंआ और चेहरा पतला है। इंद्री थाना के जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों बच्चों को लेकर महिला गई है। शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

**जानकारी**

**8 पत्नी का जब 2 दिन तक कोई सुराग नहीं लगा तो उसने अलमारी में रखा कैश और आभूषण चेक किए।**

## गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठान और गीता महायज्ञ आयोजित

**गन्नौर । टीम एक्शन इंडिया**

**वीरवार को** गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में कोर्ट कॉम्पलेक्स में गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज का गन्नौर में पहुंचने पर सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी ने बुके व फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान और गीता महायज्ञ में आहुति डाल कर मानवता का पाठ पढ़ाते हुए सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय की कामना की। साथ ही अपने परिवार सहित महायज्ञ में आहुति डाल कर "हम एक बने हम नेक बने" की शपथ भी दिलाई गई । उन्होंने कहा कि



गीता जयंती पर हिंदू धर्म के महाग्रंथ गीता, भगवान श्रीकृष्ण और वेद व्यासजी की पूजा की जाती है। माना जाता है कि दुनिया में किसी भी पवित्र ग्रंथ का जन्मदिन नहीं मनाया जाता है. लेकिन श्रीमद्भगवत गीता दुनिया का इकलौता ऐसा ग्रंथ है जिसकी जयंती मनाई जाती है. इसके पीछे का कारण यह है कि अन्य ग्रंथ इंसानों द्वारा संकलित किए गए हैं लेकिन गीता का जन्म स्वंय भगवान श्री कृष्ण के मुख से हुआ है. गीता में लिखा हुआ एक-एक श्लोक भगवान श्रीकृष्ण कि भगवत गीता का ज्ञान सारी दुनिया के लोगों की भलाई के लिए है इसको पढ़ने से व्यक्ति वास्तविकता से परिचित हो जाता है और वो अंधविश्वासी नहीं रहता । भगवत गीता का ज्ञान समय और परिस्थिति से भी परे है क्योंकि इसका ज्ञान महाभारत के समय अर्जुन के लिए जरूरी था, आज भी लोगों के लिए जरूरी है और ये दुनिया रहेगी तब तक जरूरी बना ही रहेगा क्योंकि ये ज्ञान निःस्वार्थ है और निःस्वार्थ ज्ञान को समय,परिस्थिति,देश,जाति के लिए है। स्वामी ने कहा कि गीता के माध्यम से पूरे विश्व को समता,समरसता और सद्भावना के सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से वैश्विक आह्वान करते हुए गीता जयंती के दिन एक मिंट एक साथ गीता पाठ करने की बात कही उन्होंने कहा कि 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे पूरे विश्व मे गीता के प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक,9 वे अध्याय के 22 वे श्लोक एवं 18 वे अध्याय के अंतिम श्लोक का एक मिनट के लिए एक साथ पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम निर्मल नागर,पंकज गोड, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया,तहसीलदार मनोज, बीडीपीओ दीपिका शर्मा,खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा,समाजसेवी राजेन्द्र कौशिक,सुरेंद्र चौधरी,नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ,आजाद नेहरा,बार के प्रधान युद्धवीर रापरिया सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 'भविष्य में मशीन इतनी बुद्धिमान हो जाएगी की शल्य चिकित्सा भी खुद करेगी'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के पूर्व एडवाइजर डॉ.योगेंद्र मलिक ने कहा कि दुनिया बेहद जल्द बदलने वाली है। यह इतनी जल्द बदलेगी कि आप सोच भी नहीं सकते। मशीन इतनी ज्यादा बुद्धिमान हो जाएगी कि खुद ही शल्य चिकित्सा कर सकेंगी। चिकित्सक दूर बैठकर निर्देश देंगे और मशीन इलाज कर देगी। यहां तक की खेती से लेकर प्रत्येक क्षेत्र में मशीन का दखल होगा। डॉ.योगेंद्र यहां पाइट कॉलेज में ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (एआइसीटीई) की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतंराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पहले दिन बोल रहे थे। कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एवं मैथेमेटिकल एप्लीकेशंस पर हुई इस कॉन्फ्रेंस में डॉ.मलिक ने भारत में एआइ मिशन एवं मेडिकल इंडस्ट्री में एआइ विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अगर बदलती तकनीक के साथ तालमेल नहीं बैठाएंगे तो पीछे रह जाएंगे। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से पहुंचीं विशेष अतिथि डॉ.सुचिता उपाध्याय ने एआइ इन एग्रीकल्चर और एआइ इन लाइफ साइंस पर अपनी बात रखी। मलेशिया की यूनिवर्सिटी से डॉ.इशवन ने मशीन लर्निंग और ऑप्टीमाइजेशन पर शोध को साझा किया। सचिव सुरेश तायल ने कहा कि यह पाइट में पांचवां सम्मेलन है। भविष्य में भी इस तरह के कॉन्फ्रेंस का रिसर्च एवं पेटेंट को बढावा दिया जाएगा। इस अवसर पर बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, बीटेक आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के विभाग अध्यक्ष डॉ.देवेंद्र प्रसाद, आरएंडडी विभाग की अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी एवं सीएसई विभाग के अध्यक्ष डॉ.एससी गुप्ता भी मौजूद रहे।

## साहिबजादो की याद में रेड क्रॉस में लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हिंदू और** हिंदुस्तान की रक्षा लिए शहादत देने वाले साहिबजादों की याद में 23 दिसंबर को रेडक्रॉस मे लगाया जाएगा रक्तदान शिविर यह बात जोगिंदर स्वामी प्रधान जन आवाज सोसाइटी एवं पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहीं उन्होंने कहा कि यह कैंप शहीदी दिवस पर साहिबजादों को समर्पित होगा जिन्होंने देश और धर्म के लिए अपनी बलिदानी दी उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह और उनका पूरा परिवार अपनी बलिदानी देकर हमें सुरक्षित जीवन प्रदान कर गए उनको शत-शत नमन के साथ उनके मार्ग पर चलने की हम लोगों का आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस में रक्त की भारी कमी होने के कारण जरूरतमंद बीमार लोगों, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, प्रसूता गर्भवती महिलाओं और दुर्घटना में घायल लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो गई है उन्होंने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि शहर में जब जिस चीज की कमी हो जाती है

## विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा है देशः गोंदर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। नीलोखेड़ी** के विधायक धर्मपाल गोंदर ने वीरवार को गांव शामगढ़ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि भारत देश आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा है। भारत के लिए अगले 25 साल बहुत ही अहम हैं, 2047 तक हमें मिलकर भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश बनाना है। समाज के कमजोर वर्ग को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार संकल्पबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन



संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से सभी लोगों तक सभी सरकारी योजनाओं की जानकारियों को पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को कृषि यंत्र खरीदने पर सब्सिडी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त कृषि कार्य में आधुनिकीकरण किया जाए, इसके लिए भी प्रदेश सरकार द्वारा कई प्रकार की योजनाएं तैयार कर किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योग्यतानुसार ऋण देकर लघु उद्योग स्थापित करने के अवसर प्रदेश सरकार द्वारा दिये जा रहे हैं, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। नीलोखेड़ी से पूर्व विधायक भगवान दास कबीर पंथी ने गांव दादुपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ दिलवाई और संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में सरकार का उद्देश्य 140 करोड़ देशवासियों को आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

## स्वच्छता को लेकर कर्मचारी और अधिकारी हो जाएं गंभीरः सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। स्वच्छ भारत** मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था जांची। इसके साथ-साथ सुभाष चन्द्र ने मेरठ रोड स्थित सुगम स्वच्छता के ट्रांसफर स्टेशन और गांव शेखपुरा में डंपिंग प्वाइंटस का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों को साफ. सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पहले नगर निगम के वार्ड नंबर 1 गांव झंझाडी में साफ.



सफाई और अन्य समस्याओं का जायजा लिया और मौके पर अधिकारी और कर्मचारियों को बुलाकर दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने गांव के स्कूल का भी निरीक्षण कर स्कूल के हालात देखे। इस दौरान उन्होंने बच्चों से पढ़ाई को लेकर सवाल भी किए और अध्यापकों से बातचीत की। इस मौके पर ग्रामीणों ने स्कूल की कुछ समस्याएं रखी, जिस पर सुभाष चन्द्र ने समस्याओं को हल करवाने का आश्वासन दिया। वहीं इसके बाद सुभाष चंद्र मेरठ रोड स्थित सुगम स्वच्छता के ट्रांसफर स्टेशन और गांव शेखपुरा में डंपिंग प्वाइंटस में पहुंचे। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कचरा निस्तारण केंद्र पर एजेंसी के कर्मचारी किस तरह से कचरे का सेग्रीगेशन कर रहे हैं किस तरह से कचरे का निपटान हो रहा है और कितना हो रहा है, क्योंकि सरकार का सुगम के साथ जो एग्रीमेंट हुआ है, उसमें यह तय किया गया है कि प्रतिदिन कितना कूड़ा उठाना है और कितने कूड़े को सेग्रीगेशन करना है और कितना निस्तारण करना है। इन सभी प्वाइंटस को चैक किया गया है, ताकि इन सभी आंकड़ों का मिलान करके एजेंसी से पूछा जाएगा। इन आंकड़ों में यदि कमी मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वच्छता को लेकर काफी गंभीर हैं और वह समय-समय पर स्वयं मॉनिटरिंग करते रहते हैं। मुख्यमंत्री का आह्वान है कि पूरे प्रदेश में कहीं पर भी कूड़े के ढेर दिखाई न दें और जो एजेंसियां काम रही है, वह जमीनी स्तर पर जिम्मेदारी के साथ काम करें। किसी भी सूरत में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त-सुभाष चन्द्र ने गांव शेखपुरा में स्थित कचरा निस्तारण प्लांट के साथ.साथ कॉम्पोस्ट गोडाउन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यह मौजूद उपकरणों को जांचा और कहा कि स्वच्छता को लेकर कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## प्रधानमंत्री का मकसद है 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनानाः रामकुमार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को टपरियो कलां और छपरियो गांव में पहुंची। दोनों कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगी स्टॉल का निरीक्षण किया और अलग.अलग सरकारी सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मकसद है 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र



बनाना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने विकसित भारत यात्रा का पूरे देश में आयोजन किया है। भारत के प्रधानमंत्री ने जनकल्याण के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। उनकी मनसा है जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाईन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पहुंच रहे हैं। विधायक ने कहा कि मोदी और मनोहर की जोड़ी निरंतर आमजन के हित में बड़ी-बड़ी योजनाओं का क्रियान्वन कर रही है।

## संपादकीय

# अल्फा मेल जैसा कुछ होता है क्या?

**'एनिमल'** फिल्म बाक्स आफिस पर सुपरहिट साबित हुई है और विवादास्पद भी उतनी ही हुई है। फिल्म में रणबीर कपूर अपनी अभिनय क्षमता को एक नई ऊंचाई तक ले जाने में सफल हुए हैं। हम यहां फिल्म का रिव्यू नहीं कर रहे हैं, पर फिल्म का जिस तरह प्रचार हुआ है, एक अल्फा मेल (अल्फा मैन) किस तरह अपने पिता की हत्या करवाने का षडयंत्र रच चुका है, ऐसा विलन जिस तरह कलेजा कंपा देने वाला बदला लेता है, उसकी यह कहानी है। फिल्म में रणबीर कपूर अपनी पत्नी रश्मिका मंदाना को एक से अधिक बार खुद अल्फा मैन है और अल्फा मैन होने के नाते अपनी पत्नी का आत्मसम्मान घायल हो, उसे ताना मारने के साथ थप्पड़ भी मारता है। पत्नी उसकी उपस्थिति में तड़पती है। उसे मासिक स्राव, गर्भ से ले कर बच्चे के जन्म देने तक कोख की साइज को ले कर ताना मारता है। देश की महिलाएं और समाज के रखवाले इसे महिला जगत का पाशविक शोषण और धिक्कार के साथ दुर्व्यवहार के रूप में हुआ निरूपण (द्र२ङ्ग८ल्ल८) मानते हैं और देश भर के सोशल मीडिया में फिल्म का बहिष्कार करने की अपील भी की गई है। फिर भी फिल्म रणबीर कपूर के उत्कृष्ट अभिनय और बॉबी देओल ने जो उम्मीद जगाई है, उसकी वजह से बाक्स आफिस पर रुपए बनाने में सफल हुई है।

फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा पहले भी इस तरह की विवादास्पद फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' और 'कबीर सिंह' बना चुके हैं। उन्होंने लगभग तमाम इंटरव्यू में एक बात पर जोर दिया है कि 'एनिमल' एक अल्फा मैन की कहानी है, जो 'ळङ्ग७ू२ू४ल्ल३८" मिजाज वाला है। फिल्म में रणबीर कपूर अपनी प्रेमिका रश्मिका से कहता है कि जो पुरुष अल्फा नहीं बन सकता, वह लड़कियों को आकर्षित करने के लिए कवि बन जाता है और अपनी प्रेमिका के लिए आकाश से चांद-सितारे तोड़ लाने की बातें करता है। अब इस फिल्म के समाज पर आने वाले खतरे की बात करें तो अल्फा मैन की व्याख्या ही यहां आज की युवा पीढ़ी को गलत रास्ते पर ले जाने वाली है। समाजशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों ने ही पुरुष जगत को अल्फा मैन, बीटा मैन, सिग्मा मैन और जेटा मैन के रूप में वगीर्कृत करते हैं। इसे एक मिथक मानते हैं। इस तरह का वर्गीकरण हिंसक प्राणी और चिंपांजी के समूह व्यवहार के आधार पर मात्र इन्हीं प्राणियों तक सीमित रखने की जरूरत है। प्राणी जगत पर अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों ने 1940 के दौरान निरीक्षण में पाया था कि भेड़िया हमेशा समूह में रहता है। हर समूह में एक भेड़िया उनका नेता होता है, जो अल्फा भेड़िया है। इस अल्फा नेता का व्यक्तित्व, खुमारी, छटा और मांसपेशियों से ऐसा मजबूत और ताकतवर होता है कि अन्य भेड़िया उससे प्रभावित हो कर या फिर खुद को कमजोर मान कर उस एक भेड़िए को अपना रक्षक मान लेते हैं। यह अल्फा भेड़िया अपना समूह ले कर चलता है और शिकार करता है। यह अल्फा पहले खुद शिकार को खाता है, उसके बाद ही अन्य भेड़िए शिकार के पास जा सकते हैं। अल्फा भेड़िए की ऐसी धौंस होती है कि जंगल के उसके इलाके में अन्य भेड़िए का समूह नहीं आ सकता। अन्य भेड़ियों के समूह का भी उनका अल्फा नेता होता है। तमाम समूह के अल्फा नेताओं की टेटेटरी को स्वीकार करते हैं। अगर कोई इस मूक समझौते को भंग करता है तो खूनी जंग होती है। अल्फा भेड़िया अन्य भेड़ियों को पैर के तलुए के समान मानता है। वह अक्सर मादा भेड़ियों से घिरा रहता है। वह

# अल्फा मेल जैसा कुछ होता है क्या?

वीरेंद्र बहादुर सिंह

> "इस अल्फा नेता का व्यक्तित्व, खुमारी, छटा और मांसपेशियों से ऐसा मजबूत और ताकतवर होता है कि अन्य भेड़िया उससे प्रभावित हो कर या फिर खुद को कमजोर मान कर उस एक भेड़िए को अपना रक्षक मान लेते हैं। यह अल्फा भेड़िया अपना समूह ले कर चलता है और शिकार करता है। यह अल्फा पहले खुद शिकार को खाता है, उसके बाद ही अन्य भेड़िए शिकार के पास जा सकते हैं। अल्फा भेड़िए की ऐसी धौंस होती है कि जंगल के उसके इलाके में अन्य भेड़िए का समूह नहीं आ सकता। अन्य भेड़ियों के समूह का भी उनका अल्फा नेता होता है। तमाम समूह के अल्फा नेताओं की टेटेटरी को स्वीकार करते हैं। अगर कोई इस मूक समझौते को भंग करता है तो खूनी जंग होती है। अल्फा भेड़िया अन्य भेड़ियों को पैर के तलुए के समान मानता है। वह अक्सर मादा भेड़ियों से घिरा रहता है"




**'एनिमल'** फिल्म बाक्स आफिस पर सुपरहिट साबित हुई है और विवादास्पद भी उतनी ही हुई है। फिल्म में रणबीर कपूर अपनी अभिनय क्षमता को एक नई ऊंचाई तक ले जाने में सफल हुए हैं। हम यहां फिल्म का रिव्यू नहीं कर रहे हैं, पर फिल्म का जिस तरह प्रचार हुआ है, एक अल्फा मेल (अल्फा मैन) किस तरह अपने पिता की हत्या करवाने का षडयंत्र रच चुका है, ऐसा विलन जिस तरह कलेजा कंपा देने वाला बदला लेता है, उसकी यह कहानी है। फिल्म में रणबीर कपूर अपनी पत्नी रश्मिका मंदाना को एक से अधिक बार खुद अल्फा मैन है और अल्फा मैन होने के नाते अपनी पत्नी का आत्मसम्मान घायल हो, उसे ताना मारने के साथ थप्पड़ भी मारता है। पत्नी उसकी उपस्थिति में तड़पती है। उसे मासिक स्राव, गर्भ से ले कर बच्चे के जन्म देने तक कोख की साइज को ले कर ताना मारता है। देश की महिलाएं और समाज के रखवाले इसे महिला जगत का पाशविक शोषण और धिक्कार के साथ दुर्व्यवहार के रूप में हुआ निरूपण (द्र२ङ्ग८ल्ल८) मानते हैं और देश भर के सोशल मीडिया में फिल्म का बहिष्कार करने की अपील भी की गई है। फिर भी फिल्म रणबीर कपूर के उत्कृष्ट अभिनय और बॉबी देओल ने जो उम्मीद जगाई है, उसकी वजह से बाक्स आफिस पर रुपए बनाने में सफल हुई है।

फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा पहले भी इस तरह की विवादास्पद फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' और 'कबीर सिंह' बना चुके हैं। उन्होंने लगभग तमाम इंटरव्यू में एक बात पर जोर दिया है कि 'एनिमल' एक अल्फा मैन की कहानी है, जो 'ळङ्ग७ू२ू४ल्ल३८" मिजाज वाला है। फिल्म में रणबीर कपूर अपनी प्रेमिका रश्मिका से कहता है कि जो पुरुष अल्फा नहीं बन सकता, वह लड़कियों को आकर्षित करने के लिए कवि बन जाता है और अपनी प्रेमिका के लिए आकाश से चांद-सितारे तोड़ लाने की बातें करता है। अब इस फिल्म के समाज पर आने वाले खतरे की बात करें तो अल्फा मैन की व्याख्या ही यहां आज की युवा पीढ़ी को गलत रास्ते पर ले जाने वाली है। समाजशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों ने ही पुरुष जगत को अल्फा मैन, बीटा मैन, सिग्मा मैन और जेटा मैन के रूप में वगीर्कृत करते हैं। इसे एक मिथक मानते हैं। इस तरह का वर्गीकरण हिंसक प्राणी और चिंपांजी के समूह व्यवहार के आधार पर मात्र इन्हीं प्राणियों तक सीमित रखने की जरूरत है। प्राणी जगत पर अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों ने 1940 के दौरान निरीक्षण में पाया था कि भेड़िया हमेशा समूह में रहता है। हर समूह में एक भेड़िया उनका नेता होता है, जो अल्फा भेड़िया है। इस अल्फा नेता का व्यक्तित्व, खुमारी, छटा और मांसपेशियों से ऐसा मजबूत और ताकतवर होता है कि अन्य भेड़िया उससे प्रभावित हो कर या फिर खुद को कमजोर मान कर उस एक भेड़िए को अपना रक्षक मान लेते हैं। यह अल्फा भेड़िया अपना समूह ले कर चलता है और शिकार करता है। यह अल्फा पहले खुद शिकार को खाता है, उसके बाद ही अन्य भेड़िए शिकार के पास जा सकते हैं। अल्फा भेड़िए की ऐसी धौंस होती है कि जंगल के उसके इलाके में अन्य भेड़िए का समूह नहीं आ सकता। अन्य भेड़ियों के समूह का भी उनका अल्फा नेता होता है। तमाम समूह के अल्फा नेताओं की टेटेटरी को स्वीकार करते हैं। अगर कोई इस मूक समझौते को भंग करता है तो खूनी जंग होती है। अल्फा भेड़िया अन्य भेड़ियों को पैर के तलुए के समान मानता है। वह अक्सर मादा भेड़ियों से घिरा रहता है। वह जिस मादा को चाहे प्यार से या फिर खौफ से भोग सकता है। अल्फा भेड़िया गुरुता ग्रंथि से पीड़ित होने के कारण अपने खौफ को बढ़ाने के लिए अन्य भेड़ियों की बारबार उपेक्षा या फिर अपमान करता रहता है। इसी तरह चिंपांजी के समूह में नेतृत्व करने वाला एक अल्फा चिंपांजी होता है। हम देखते हैं कि बंदरों का समूह आता है तो उसमें एक अल्फा बंदर होता है। यह अल्फा बंदर जैसे ही स्थान छोड़ता है, बाकी के बंदर बारीबारी से अगले पड़ाव पर जाते हैं। बंदर तो अब शहरों में घूमने लगे हैं, पर जंगल में ऊंचे कद के चिंपांजी भेड़ियों की तरह समूह में जंगल में रहते हैं। तमाम जंगली प्राणियों में अल्फा और बीटा जैसी व्यवस्था होती है। अल्फा यानी लीडर, सब से प्रभावी मर्द और उसके अंतर्गत जो उसका समुदाय होता है, वह बीटा कहलाता है। नेता और कार्यकर्त्ता, गुरु और शिष्य, गैंग लीडर और उसके सहयोगी, लगभग इसी तरह भेड़िए और चिंपांजी के समूहों में व्यवहार होता है। प्राणीशास्त्र के विशेषज्ञों ने भेड़िए के समूह के नेता को अल्फा और उसका अनुसरण करने वालों की बीटा के रूप में पहचान कराई है। उन्होंने यह भी देखा है कि तमाम भेड़िए या जंगली प्राणी किसी को अपना नेता मानने को तैयार नहीं होते। वे अपनी खुमारी से जैसा भी परिणाम आए अकेले ही रहते हैं। ऐसे भेड़िए की उन्होंने सिग्मा के रूप में पहचान दी है। अंग्रेजी में इसके लिए 'ङ्मल्ली ६ङ्ग'ा शब्द बना है। आज भी जो आतंकवादी या शूटर किसी भी गैंग से न जुड़ा हो और अकेले ही अपना हेतु सिद्ध करने के लिए काम करता हो तो उसके लिए 'ङ्मल्ली ६ङ्ग'ा शब्द का प्रयोग किया जाता है। 1970 में डेविड मेक ने 'द वुल्फ : इकोलाजी एंड बिहैवियर आफ एन इनडैंजर स्पेसीस' में और 1982 में फ्रांस डी वाल नाम के प्राणीशास्त्री ने 'चिंपांजी पालिटिक्स : पावर एंड सेक्स एमंग एप्स' लिखा। इसमें अल्फा मेल और अन्य भेड़िए और चिंपांजी की मानसिक और शारीरिक लक्षणों के बारे में बताया गया है। अल्फा मेल में आखिर ऐसी क्या खासियत है कि अन्य भेड़िए या चिंपांजी उसे नेता के रूप में स्वीकार करते हैं। मादा भेड़िया और चिंपांजी अल्फा मेल से क्यों आकर्षित होती हैं, इसका विश्लेषण किया गया है। अल्फा मेल में निश्चित ऐसी मर्दानगी और छटा थी। समय के साथ पुरुषों को भी अल्फा मैन और बीटा मैन के रूप में भेड़िया और चिंपांजी के समुदायों को आधार बना कर मूल्यांकन करना फैशन मैगजीनों ने शुरू किया। जिस तरह 'माचो मैन' और 'स्वेग' शब्द का मैट्रो जगत में चलन बढ़ा है, उसी तरह अल्फा मैन हिट साबित हुआ। समाजशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों और प्राणीशास्त्रियों ने भी कई बार चेतावनी दी है कि पुरुष या महिला समाज के लिए अल्फा, बीटा, सिग्मा या जेटा जैसा विभाजन समाज को अलग-अलग ग्रंथियों में विभाजित कर देगा। व्यक्ति अंतरमुखी हो तो भी सफलता पा सकता है और बहिमुर्खी हो तो भी। ऐसी तमाम नौकरियां हैं, जिनमें स्नायुबल और बाहुबल की जरूरत पड़ती है। जब कैटलाक में साफ्ट हैंड अनिवार्य है। ऊंचा व्यक्ति भी प्रभाव डालने के साथ अपने ध्येय को प्राप्त करता है और कम ऊंचाई वाला व्यक्ति भी दुनिया पर राज कर सकता है। हां आंखों से या दुनिया का जो मापदंड है, उसके आधार पर व्यक्ति मोहक, बुद्धिशाली, सप्रमाण देह और फीगर वाला है तो उसे प्राधान्य जरूर मिलता है। पर वह जिस हेतु के लिए होता है, उसकी वही काबलियत ही नजर में आती है। अमेरिका में 140 खूबसूरत लड़कियां या इनमें जो उच्च शिक्षित थीं, उनसे अल्फा और बीटा क्वालिटी के पुरुषों के साथ कुछ समय बातचीत करके और बिताने की बात की गई तथा खास कर यह सूचना दी गई कि मात्र सेक्स के रूप में ही नहीं, सर्वांगी रूप से आप कैसा पुरुष पसंद करती हैं? यह बात आप को रिपोर्ट कार्ड में लिखना है। सर्वे करने वाली फैशन और मार्केटिंग एजेंसी को लग रहा था कि प्लेब्वाय जैसे हैंडसम और मजबूत मांसपेशियों यानी कि अल्फा मैन को ही ज्यादा लड़कियां पसंद करेंगी। पर बीटा क्वालिटी वालों को भी उतना ही पसंद किया गया था। दुर्भाग्य से हमारे यहां अल्फा मैन को महिलाओं के साथ सेक्स के रूप में मूल्यांकन किया जाता है। इससे अधिक चिंताजनक ट्रेंड यह बना कि अल्फा मैन यानी कि महिला पर या पत्नी पर प्रभुत्व जमाने और उसे भोगने का खिलौना मानने वाला मदार्ना पुरुष। अल्फा मैन यानी जो चाहे वह प्राप्त करने वाला पुरुष यानी जिसे किसी तरह का लगाव न हो ऐसा पुरुष यह मान्यता भी प्रचलित हुई।

## कविता

पुस्तकें कभी बूढ़ी नहीं होती।
पुस्तकों(किताबों)का स्वरुप
विराट, सास्वत होता है,
वह कभी बूढ़ी नहीं होती,
उन्हें लाठी लेकर चलने की आवश्यकता
नहीं होती,
उनके बाल नहीं सफेद होते,
दांत नहीं टूटते और
वे वृद्ध मां बाप
की तरह वृद्धा आश्रम में
एक अलग कमरे में
नहीं रखी जा सकती,
पुस्तकें बात करती हैं,
हंसती हैं,
खिलखिलाती हैं,
पुस्तकें परंपरा है,
श्रृंखला है,
कल, आज और कल की
साक्षी होती हैं,
शिशुओं की तरह
मुस्कुराती
बाल सखा की तरह
बतियाती,
कभी मां की तरह
लोरी सुनाती है
तो कभी पितामह की
तरह हिदायत भी देती है

संजीव ठाकुर

# स्वार्थी सांसदों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया

**प्रियंका सौरभ**

**पिछले** कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चलाकर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्रवाई में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीनकर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है। दोनों सदनों में निजी एजेंडों को लेकर अनुत्पादक हंगामा कर कार्यवाही ठप करा देना आम बात है। संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाजा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? जरा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को ह्यजिसकी लाठी, उसकी भैंसह्ण भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्रवाई में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए खर्च हो जाते हैं।

## विचार

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भविष्य: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया को कैसे बदल देगा

**विजय गर्ग**

**एआई का** भविष्य तेजी से बदलता परिदृश्य है, ऐसा इसलिए है क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वर्तमान नवाचार इतनी तेज गति से बढ़ रहे हैं कि इसे बनाए रखना कठिन है। दरअसल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता लगभग हर उद्योग में मानवता के भविष्य को आकार दे रही है। यह पहले से ही बड़े डेटा, रोबोटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का मुख्य चालक है और जेनरेटिव एआई का उल्लेख करने के लिए, चैटजीपीटी और एआई कला जेनरेटर जैसे टूल मुख्यधारा का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं - और यह निकट भविष्य के लिए एक तकनीकी प्रर्वतक के रूप में कार्य करना जारी रखेगा। कृत्रिम बुद्धि का विकास प्रौद्योगिकी पर एआई का प्रभाव आंशिक रूप से इस कारण से है कि यह कंप्यूटिंग को कैसे प्रभावित करता है। एआई के माध्यम से, कंप्यूटर में भारी मात्रा में डेटा का उपयोग करने और अपनी सीखी हुई बुद्धि का उपयोग करके मनुष्यों द्वारा लिए जाने वाले समय के कुछ अंशों में इष्टतम निर्णय और खोज करने की क्षमता होती है। तब से, एआई का उपयोग टीकों और मॉडल मानव भाषण के लिए आरएनए को अनुक्रमित करने में मदद करने के लिए किया गया है, ऐसी प्रौद्योगिकियां जो मॉडल- और एल्गोरिदम-आधारित मशीन लर्निंग पर निर्भर करती हैं और तेजी से धारणा, तर्क और सामान्यीकरण पर ध्यान केंद्रित करती हैं। इस तरह के नवाचारों के साथ, एआई ने पहले की तरह फिर से केंद्र स्तर पर कब्जा कर लिया है - और यह जल्द ही कभी भी सुर्खियों में नहीं आएगा। एआई किन उद्योगों में बदलाव लाएगा? वस्तुतः कोई प्रमुख उद्योग नहीं है जो आधुनिक एआई - अधिक विशेष रूप से, "संकीर्ण एआई", जो डेटा-प्रशिक्षित मॉडल का उपयोग करके उद्देश्यपूर्ण कार्य करता है और अक्सर गहरी शिक्षा या मशीन लर्निंग की श्रेणियों में आता है - पहले से ही प्रभावित नहीं हुआ है। यह पिछले कुछ वर्षों में विशेष रूप से सच है, क्योंकि मजबूत क्ङ्गळ कनेक्टिविटी, कनेक्टेड डिवाइसों के प्रसार और लगातार तेज कंप्यूटर प्रोसेसिंग के कारण डेटा संग्रह और विश्लेषण में काफी वृद्धि हुई है। कंपनियाँ अक उत्पादों और सेवाओं पर सालाना अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं, ऋङ्गङ्ग्ी, अस्त्रस्त्र'ी, ट्र१ङ्गरङ्ग३ और अें९ङ्गल्ल जैसे तकनीकी दिग्गज उन उत्पादों और सेवाओं को बनाने के लिए अरबों डॉलर खर्च कर रहे हैं, विश्वविद्यालय अक को अपने पाठ्यक्रम का अधिक प्रमुख हिस्सा बना रहे हैं और अमेरिकी रक्षा विभाग इसे बढ़ा रहा है। एआई गेम, बड़ी चीजें होना तय है। गूगल ब्रेन के पूर्व प्रमुख और इं४ि के मुख्य वैज्ञानिक एंड्रयू एनजी ने जैडडी नेट को बताया, "बहुत सारे उद्योग सर्दी, सर्दी और फिर शाश्वत वसंत के इस पैटर्न से गुजरते हैं।" "हम एआई के शाश्वत वसंत में हो सकते हैं।" परिवहन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता परिवहन एक ऐसा उद्योग है जो निश्चित रूप से एआई द्वारा बड़े पैमाने पर बदलाव के लिए तैयार है। सेल्फ-ड्राइविंग कारें और एआई ट्रैवल प्लानर कुछ पहलू हैं कि हम बिंदु ए से बिंदु बी तक कैसे पहुंचते हैं जो एआई से प्रभावित होंगे। भले ही स्वायत्त वाहन परिपूर्ण नहीं हैं, फिर भी वे एक दिन हमें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाएंगे। विनिर्माण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विनिर्माण को वर्षों से ऐआई से लाभ हो रहा है। 1960 और 1970 के दशक में एआई-सक्षम रोबोटिक हथियारों और अन्य विनिर्माण बॉट के साथ, उद्योग ने एआई की शक्तियों को अच्छी तरह से अनुकूलित किया है। ये औद्योगिक रोबोट आम तौर पर असेंबली और स्टैकिंग जैसे सीमित कार्यों को करने के लिए मनुष्यों के साथ काम करते हैं, और पूवार्नुमानित विश्लेषण सेंसर उपकरण को सुचारू रूप से चालू रखते हैं। स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यह असंभावित लग सकता है, लेकिन एआई हेल्थकेयर पहले से ही मनुष्यों के चिकित्सा प्रदाताओं के साथ बातचीत करने के तरीके को बदल रहा है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# फूलमाला

**कहते** हैं काटने वालों से प्रेम की अपेक्षा चिलमिलाती गर्मी में बारिश की प्रतीक्षा करनी जैसी है। जिस तरह दाँतों की बत्तीसी में काटने, कुतरने और चबाने के दाँत अलग होते हैं, ठीक उसी तरह शहर में काटने, कुतरने और चबाने वाले किस्म के बाहुबलियों की भरमार है। नए कमिश्नर के बारे में सुनते ही ये सारे बाहुबली दाँत कमिश्नर रूपी जीभ को अपना गुण बताने लगे। मसलन काटने, कुतरने और चबाने की उनकी सिद्धहस्तता जनाब जीभ को कितना नुकसान पहुँचा सकती है। अनजान गली में घुस आने वाले कुत्ता और बाहुबलियों के बीच कमिश्नर दोनों की दशा एक सी थी। कुछ बाहुबलियों ने कमिश्नर के गले में फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही हिदायत दी कि यह फूल तब-तक स्वागत फूल हैं जब तक कमिश्नर का व्यवहार उनके अनुकूल रहेगा। उन्नीस-बीस होने पर यही फूल मैयत पर चढ़ाई जाने वाली माला बनकर उनके फोटो की शोभा बढायेगी। इतना कहते हुए बाहुबली वहाँ से चल दिए। यह सब देख वहाँ आए शहर के सभी सब इंस्पेक्टरों ने इशारों-इशारों में उन्हीं पानी की तरह बनने की सलाह दे डाली। कहा झ्र यह शहर एक गिलास है और आप पानी। जब तक तरल है, तब तक आपके लिए सब सरल है। ठोस बनने की कोशिश की तो तोड़ दिए जाओगे। वैसे छोटे बड़ों को उपदेश नहीं देते, लेकिन जब बात दुनियादारी की है, तो जिधर से मिले उधर से ले लेने में भलाई है। कमिश्नर को भी लगा कि ठोस बनकर कुटवाने से अच्छा तरल बनकर घुल-मिल जाने में भलाई है। कमिश्नर यही सब कुछ सोच रहा था कि उसकी नजर एक ऐसे सब-इंस्पेक्टर पर पड़ी जो बाकियों से जुदा था। कमिश्नर ने उसे पास बुलाकर पूछा झ्र तुम इन सबकी तरह कुछ सलाह नहीं देना चाहोगे? उसने झिझकते हुए कहा झ्र साहब! मेरी सोच इन सबसे अलग है। मैं कुछ कहूँगा तो आप बुरा मान जायेंगे। कौओं के बीच कोयल के चुप रहने में ही भलाई है। मैं चावल में कंकर नहीं बनना चाहता। कमिश्नर के बार-बार आग्रह करने पर उसने कहा - साहब! मैंने अब तक की मेरी ड्यूटी में हराम का एक रुपया नहीं खाया। अपना भोजन भी घर से लाता हूँ। रिश्वत से कोसों दूर रहता हूँ।

# उपाय कीजिए कि कोई छात्र पढ़ाई बीच में छोड़ नपाए

**विजय गर्ग**

**चुनावी मौसम** में जाति और धर्म मनुष्य होने के प्रश्न को कभी-कभी धुंधला कर देते हैं। मगर देश की उच्च संस्थाएं भी जब जाति के भार से अपने छात्रों को मुक्त नहीं कर पातीं, तो दुख होता है। चलिए, थोड़ा उस अमेरिका की बात कर लें, जहां कुछ महीने पहले उसके सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अमेरिका में अब नस्ल या 'रेस' को किसी कॉलेज में दाखिले का आधार नहीं माना जाएगा। इस ऐतिहासिक फैसले के साथ ही अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने दशकों से चली आ रही नीतियों को खत्म कर दिया। अगर हम अपने देश की बात करें, तो हमारा संविधान समानता की बात करता है और आजादी के बाद से ही कुछ न कुछ ऐसी कोशिशें हमेशा जारी रहीं कि दलित हों या सवर्ण, सभी को शिक्षा का समान अधिकार मिले, और यह हुआ भी। आईआईटी व आईआईएम जैसी देश की श्रेष्ठ उच्च संस्थाएं दलित-पिछड़ी जातियों के छात्रों का स्वागत करती नजर आईं। फिर ऐसा क्या हुआ कि पिछले पांच वर्षों में अनुसूचित जाति (एससी) हो या अनुसूचित जनजाति (एसटी) या फिर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी); इन सभी समुदायों के 13,626 छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों व तमाम उच्च शिक्षण संस्थानों की पढ़ाई बीच में छोड़ दी ? बताया गया है कि बीते पांच वर्षों में 4,596 ओबीसी; 2,424 एससी और 2,622 एसटी विद्यार्थियों ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों को बीच में ही छोड़ दिया, जबकि इसी अवधि में 2,066 ओबीसी छात्र 1,068 एससी व 408 एसटी विद्यार्थी आईआईटी संस्थान छोड़ चुके हैं। आईआईएम संस्थानों की पढ़ाई को भी 163 ओबीसी, 188 एससी व 91 एसटी छात्रों ने त्याग दिया। जिन संस्थानों में दाखिला पाना एक ख्वाब होता है, वहां पहुंचकर बीच में निकल आना वाकई अफसोसनाक है। यहां सवाल उठता है कि क्या दलित या पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को इन संस्थानों में किसी तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याएं झेलनी पड़ती हैं? क्या इन संस्थानों में उस तरह के शैक्षणिक वातावरण का अभाव है, जहां मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा जाए? या इनकी यांत्रिक मूल्यांकन व्यवस्था उन छात्रों पर ज्यादा दबाव ला देता है, जो इन पृष्ठभूमि से आते हैं और बहुत हद तक कोचिंग संस्थाओं के 'एक्सपोजर' से दूर रहे हैं?

## न्यूज फ्लैश

### श्री गौड़ ब्राह्मण सभा की नई पहल

**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा**

**नारनौल। श्री** गौड़ ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल द्वारा आगामी 25 दिसंबर को भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मोत्सव पर विप्र समाज के वृद्धजनों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ विभिन्न समाजों को विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा। सभा के प्रधान अधिवक्ता राकेश मेहता ने बताया कि इसके साथ नारनौल के समस्त पत्रकार तथा जिला महेंद्रगढ़ के विप्र पत्रकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रांगण में 25 दिसंबर को 11 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री गौड़ ब्राह्मण सभा ?महेन्द्रगढ़ नहीं समाज की विभिन्न विभूतियों व पत्रकारों को सम्मानित करने की पहल की है। उन्हें आशा है कि इसका अनुसरण आने वाले समय में सभी समाज की सभाएं करेंगी। इससे समाज की समरसता व एकजुट की भावनाओं को बल मिलेगा तथा जातिवादी प्रथा पर भी रोक लगेगी।

### कबड्डी के प्रति जनून से अधिवक्ता ने अपने पैसे से अपने खेत में बना दी आधुनिक स्पोर्ट्स एके-डमी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौलेकबड्डी** खेल से लगाव जब जनून में बदला तो अधिवक्ता यादवेन्द्र सिंह ने अपने पैसे से अपने ही खेत में कुश्ती और कबड्डी की अकादमी बना डाली जिसमें न केवल परम्परागत मिट्टी वाले खेल मैदान और अखाड़ा हैं, बल्कि इनडोर मैट वाला अखाड़ा और कबड्डी का ग्राउंड भी है इतना ही नहीं अकादमी में जिम की सुविधा के साथ-साथ रात में प्रैक्टिस के लिए लाइट और हॉस्टल की भी व्यवस्था की गई है नारनौल नगर परिषद् का हिस्सा बन चुके गाँव नीरपुर निवासी अधिवक्ता यादवेन्द्र सिंह का कबड्डी और कुश्ती को लेकर जनून इस हद तक बढ़ा कि उन्होंने अपने खेत में अपने पैसे से कुश्ती-कबड्डी की ह्लशक्ति स्पोर्ट्स एकेडमीह्व बना डाली उन्होंने नीरपुर चौक के पास अपने खेत में 48 फीट चौड़े और 120 फीट लम्बे टीन शैड का निर्माण करवाकर उसमें मैट वाले कुश्ती और कबड्डी के ग्राउंड बनवाए हैं, वहीं खिलाडियों के लिए जिम की भी व्यवस्था की है इसके अलावा परंपरागत मिट्टी वाले अखाड़ा और कबड्डी ग्राउंड भी तैयार करवाए हैं एकेडमी में ही रहकर प्रैक्टिस करने वाले युवाओं के लिए उन्होंने 15 बच्चों के लिए हॉस्टल की भी व्यवस्था करवाई है बच्चों को ट्रेनिंग देने के लिए कोच रखा हुआ है और खुद भी समय लगाते हैं जो बच्चे रात में भी प्रैक्टिस करना चाहते हैं उनके लिए अन्दर बाहर दोनों जगह रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था करवाई हुई है यादवेन्द्र सिंह ने अन्तर-विश्वविद्यालय स्तर तक वॉलीबॉल खेला है वहीं कबड्डी के भी अच्छे खिलाडी रहे हैं वे क्षेत्र से गायब होते जा रहे कबड्डी-कुश्ती जैसे खेलों को पुनः लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयासरत हैं उनका बेटा सक्षम भी उदयीमान पहलवान है यादवेन्द्र सिंह ने बताया कि कुश्ती-कबड्डी इस इलाके के परम्परागत खेल रहे हैं उनके चाचा पूर्व सांसद राव मानसिंह अपने दौर के बेहतरीन पहलवान और कबड्डी खिलाड़ी थे, वे खेल कोटे से ही पुलिस में अधिकारी बने थे और एसएसपी सेवानिवृत हुऐ लेकिन धीरे-धीरे दोनों ही खेल इलाके से लगभग गायब हो गए हैं क्योंकि बड़े स्तर पर अब कुश्ती-कबड्डी मैट पर होती हैं, जिसकी कोई सुविधा हमारे जिले में नहीं थी और ना ही कोई प्रशिक्षक यहाँ सरकारी स्तर पर उपलब्ध है इसलिए हमने आधुनिक इनडोर खेल मैदान तैयार करवाए हैं लगभग 50 लाख की लागत से इनडोर-आउटडोर ग्राउंड, जिम, हॉस्टल, रौशनी, पानी और कोच आदि की व्यवस्था की गई है उन्होंने बताया कि अकादमी नीरपुर चौक से मात्र 300 मीटर की दूरी पर है और किन्नू के बागों के बीच शांत और स्वच्छ स्थान पर स्थित है यादवेन्द्र सिंह ने बताया कि बच्चों से मात्र पाँच सौ रुपए महिना मेंटेनेंस चार्ज लिया जाता है लेकिन गरीब और प्रतिभाशाली खिलाडियों से यह चार्ज भी नहीं लिया जाता और उन्हें डाइट भी फ्री दी जाती है फिलहाल हमारे पास 20-25 खिलाड़ी अभ्यासरत हैं बच्चों के प्रोत्साहन के लिए अकादमी की ओर से हर तीन माह में एक बार कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन अंडर 19 खिलाडियों के लिए किया जाता है, जिसमें आकर्षक इनाम दिये जाते हैं।

### जिला बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलवाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा**

**नारनौल। जिला** बार एसोसिएशन नारनौल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को वीरवार को बार हॉल में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। शपथ जिला सत्र एवं न्यायाधीश रजनीश बंसल तथा मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रविंद्र सिंह यादव ने दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों में नवनिर्वाचित प्रधान एडवोकेट मंजीत यादव, उपप्रधान एडवोकेट विनय कुमार, सचिव एडवोकेट सुमित चौधरी, ज्वाइंट सैक्रेट्री अश्विनी सिंह, खजांची एडवोकेट विपिन कुमार, ऑडिटर एडवोकेट सुगन सिंह छिलरो तथा लाइब्रेरियन कार्तिक यादव शामिल रहे। सर्वप्रथम वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एआरओ एडवोकेट रामजीलाल यादव ने बार चुनाव संपन्न होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट रविंद्र सिंह यादव ने कहा कि बार चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए हैं तथा इसके लिए सभी अधिवक्तागण बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में अधिवक्ताओं ने प्रेम एवं भाईचारे की भी मिसाल कायम की तथा प्रधान एवं सचिव पदों को छोड़कर शेष सभी पदाधिकारी निर्विरोध तरीके से चुन लिए गए। प्रधान पद के लिए एडवोकेट मंजीत सिंह यादव एवं सचिव पद के लिए एडवोकेट सुमित चौधरी ने मतदान के जरिए जीत दर्ज की है। चुनाव बार काउंसिल की हिदायतों के अनुसार संपन्न करवाए गए तथा उन्हें पूरी उ मीद है कि नई कार्यकारिणी निष्पक्ष एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वाहन करेगी। इस मौके पर उन्होंने निवर्तमान प्रधान एडवोकेट राजकुमार रामबास से एडवोकेट मंजीत सिंह यादव को प्रधान पद का चार्ज दिलाया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

# 'अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है यात्रा'

## गांव खटकड़ व खुर्मपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधायक मोहनलाल बड़ौली सहित ग्राम वासियों ने किया स्वागत

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**भारत को** वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को गांव खटकड़ तथा खुर्मपुर में पहुंची। गांवों में पहुंचने पर राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली व ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने सरकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए योजनाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लोगों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें। विधायक ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने विकसित भारत को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन देशभर में एक साथ किया जा रहा है। अपने



खंड, जिले और हरियाणा में यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। एक ही स्थान पर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर जिले के वार्ड व गांवों में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित होगी।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण ह्यविकसित और आत्मनिर्भरह्व राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया।

**सूचना, जन संपर्क, भाषा तथा सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों ने विकास गीतों के माध्यम से किया जागरूक:** सूचना, जन संपर्क, भाषा तथा सांस्कृतिक विभाग के प्रचार अमले के कलाकारों ने ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्व के दौरान विकास गीतों के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।

**विधायक ने लाभार्थियों को वितरित किए आयुष्मान कार्ड:** इस अवसर पर विधायक मोहनलाल बड़ौली ने आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए वरदान बनकर उनकी मदद कर रही है। आयुष्मान कार्ड की मदद से गरीब व्यक्ति 05 लाख रुपए तक का ईलाज अच्छे अस्पतालों में मुफ्त करवा सकते हैं। इस दौरान विधायक ने स्वामित्व योजना के तहत प्रोपर्टी कार्ड भी वितरित किए।

कार्यक्रम में मौके पर ही परिवार पहचान पत्र की मदद से पात्र लोगों की बुढ़ापा पेंशन बनाई गई। विधायक से पेंशन कार्ड प्राप्त करने पर गांव के एक वृद्ध ने विधायक व हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया कि वर्तमान समय में उन्हें घर बैठे ही योजनाओं का लाभी मिल रहा है।

**मेरी कहानी मेरी जुबानी:** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बनाए गए राधा स्वयं सहायता समूल से नीति ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए आसान किश्तो पर ऋण उपलब्ध करवाया जाता है इसके लिए मैं मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करती हूं।

## खजाने से पैसा खर्च हो तो जनता को सुविधा भी मिलनी चाहिए : सुखबिन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल** विकास कार्य करवाते समय अधिकारियों को यह देखना चाहिए कि जहाँ खजाने से जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा खर्च किया जा रहा है, उससे लोगों को सुविधा और लाभ भी मिले उक्त विचार अपने जनसंपर्क अभियान के तरह गाँव गाँव ताजीपुर में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व सांसद राव मानसिंह के पुत्र और सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने व्यक्त किये ताजीपुर के ग्रामीणों की शिकायत है कि गाँव मांदी से लॉजिस्टिक हब को जाने वाले रोड पर उनके गाँव के पास जो अंडरपास बनाया गया है वह सही तरीके से नहीं बनाया गया और तंग भी है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और बरसात में पानी निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि वे प्रशासन को ज्ञापन भी दे चुके हैं और अधिकारी मौका भी देख गए हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है श्री राव ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और जिला प्रशासन से लोगों की समस्या का जल्दी समाधान करने की मांग की है श्री राव ने आज गाँव नांगल शालू और मंडलाना में भी जनसंपर्क किया और लोगों से गाँवों की समस्याओं और जरूरतों पर चर्चा की इस अवसर पर लालसिंह, नाथूलाल, कृष्णकुमार सरपंच, राजेश, दलीप सिंह, शीशराम, शेरसिंह, भूपसिंह, अशोक कुमार, रामसिंह मुनीम, सांवत राम, ओमप्रकाश, दारासिंह, रणजीत, नानक चंद, हंसराज, रतिराम और चंद्रभान आदि ग्रामीण मौजूद थे

## विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव बेरी व नीची भांडोर पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । आगामी** 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा आज महेंद्रगढ़ खंड के गांव बेरी व नीची भांडोर पहुंची। इस यात्रा में गांव बेरी में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष दिनेश व नोडल अधिकारी सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य गांव मौजूद थे।गांव नीची भांडोर में मुख्य अतिथि एसईपीओ अशोक कुमार मौजूद थे। गांव बेरी गांव के सरपंच हंसा देवी व गांव नीची भांडोर के सरपंच राम सिंह ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस मौके पर विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों की समस्याएं व विभागों द्वारा चलाई गई स्कीमो की



जानकारी दी।

गांव बेरी में गांव के सरपंच ने मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में गांव के स्कूल के टॉपर बच्चे रेखा, लोकेश, सोनिका, सुनीता, राहुल, रितु, युकेश, रितिका, शुभम, दीक्षा, जतिन, अन्नू, मन्नू, करीना, कोमल, रितिका, लक्की, सानवी, सूरज, तानिया, हर्ष, वंश, प्रेक्षा, भविष्य, मीनाक्षी को सम्मानित किया। इसी प्रकार गांव नीची भांडोर लक्की, आरजू, सोनू, निखिल, कनिष्का, उदित, प्रतीक, रोमित को सम्मानित किया।

गांव नीची भांडोर में सरपंच ने गांव के शहीद श्योदान के परिजनो को सम्मानित किया व गांव की सबसे बुजुर्ग पुरूष बनवारीलाल व गांव की सबसे बुजुर्ग महिला माली देवी को सम्मानित किया।

इस यात्रा में नागरिकों ने परिवहन पहचान पत्र व आधार कार्ड में त्रुटि, पेंशन बनाना, आयुष्मान कार्ड बनाना ,कृषि के बारे में जानकारी, हेल्थ चेकअप का लाभ उठाया।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से प्रेम कुमार ने गांव में हर घर जल पहुंचाने पर गांव बेरी के सरपंच हंसा देवी व गांव नीची भांडोर के सरपंच राम सिंह को अभिनंदन पत्र दिया।

## गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी बतौर मुख्यातिथि करेंगी जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शुभारंभ

### जनभागीदारी से भव्य एवं गरिमामयी होगा जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**उपायुक्त डॉ०** मनोज कुमार ने बताया कि 22 व 23 दिसंबर को स्थानीय सुभाष स्टेडियम में आयोजित होने वाला जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव जनभागीदारी से भव्य एवं गरिमामयी होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातक संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले उसकी शुरूआत हवन यज्ञ से की जाती है ताकि वातावरण को शुद्ध किया जा सके। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 22 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव की शुरूआत भी हवन यज्ञ से की जाएगी, जिसमें गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी बतौर मुख्यातिथि हवन यज्ञ में पूर्ण आहूति डालते हुए गीता जयंती महोत्सव की शुरूआत करेंगी।

उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती में 23 दिसंबर को सुबह सांसद रमेश कौशिक बतौर मुख्यातिथि हवन यज्ञ में पूर्ण आहूति डालते हुए कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे और जिलावासियों को गीता का संदेश देंगे। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे नगर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी शुरूआत राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली सेक्टर-15 स्थित जागृति स्थल से करेंगे। यह नगर शोभायात्रा शहर के विवेकानंद चौक, दिल्ली रोड़, मामा भांजा चौक, गीता भवन चौक, गोहाना फ्लाईओवर, ककरोई चौक, तिरंगा चौक से होकर सुभाष स्टेडियम में पहुंची। शहर से गुजरते समय जगह-जगह सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा नगर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा।

## प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को नशे की हानियां एवं नैतिकता पर की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल ।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान एवं उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति की अध्यक्षा मोनिका गुप्ता व रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता के मार्गदर्शन में सेंट जॉन रेडक्रॉस भवन नारनौल में चल रहे पांच दिवसीय जेआरसी प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन आज पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने रेडक्रॉस का झंडा फहरा कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को नशा और उसकी हानियां एवं नैतिकता पर चर्चा की।

## 'इस बार प्रदेश में सत्ता परिर्वतन होगा'



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं। सचिन कुंडू ने हल्का पानीपत ग्रामीण की *सैनी कॉलोनी* काबड़ी रोड़ में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के साथ छल कर रही है। जनता को नई नई जनवीरोधी नितियों द्वारा लूटकर अपनी जेबों को भरने का काम किया है। जिन कालोनीवासियों की वोट पाकर भाजपा सरकार सत्ता में आई आज उन्हीं लोगों को बिजली, पानी, पक्की सड़कें आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। समस्त प्रदेश में जगह जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है। जिसके कारण बिमारियां फैल रही हैं। और भाजपा सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। आज भ्रष्टाचार, महंगाई के मामलें में में अव्वल है प्रदेश के जन जन में इस जनविरोधी सरकार के प्रति रोष है जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दीया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100झ100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी के पोर्टल को समाप्त किया जाएगा। इस अवसर पर.... जय कुमार बिंदल (पूर्व पार्षद), मदन लाल मजोका(पूर्व पार्षद), सुशील कुमार, विनय मल्होत्रा, वंश सैनी, दीपांशु, अनिल गुर्जर, मोहित बिंझोल, संदीप बुडशाम आदि अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सोनीपत : विकास कार्य न रहे लंबित : उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**उपायुक्त डा.** मनोज कुमार ने कड़े निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत किये जाने वाले विकास कार्य लंबित न रहें। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लघु सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने पुरानी और नई सभी घोषणाओं पर



विस्तार से चर्चा की। एक-एक विभाग की हर एक घोषणा की गंभीरता से समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने तीव्र गति लाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने पहले लंबित घोषणाओं की समीक्षा की। उन्होंने हर घोषणा पर चर्चा करते हुए लंबित रहने के कारणों की गंभीरता से पड़ताल की। इसके उपरांत उन्होंने प्रगतिशील विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस कारण के कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश घोषणाएं पंचायत विकास विभाग से संबंधित हैं, जिन्हें जल्द पूरा किया जाए।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि यदि किसी विभाग का किसी अन्य विभाग के साथ कोई मामला है तो उसकी जानकारी दें, ताकि तुरंत समाधान किया जा सके। जमीन को लेकर कोई मामला है तो डीडीपीओ से मिलें। इसके अलावा उन्होंने अन्य जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में नगर निगम के आयुक्त विश्राम कुमार मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ राजपाल चहल आदि अधिकारीगण मौजूद थे।

## आईटीआई में आज दिखेगा अध्यात्म, संस्कृति, ज्ञान, कला एवं मनोरंजन का संगम

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल ।** हर बार की तरह इस बार भी स्थानीय आईटीआई में 22 व 23 दिसंबर को अध्यात्म, संस्कृति, ज्ञान, कला एवं मनोरंजन का संगम देखने को मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि 22 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे आईटीआई मैदान में श्रीमद् भागवत गीता पूजन एवं हवन होगा। इसमें जीओ गीता का सहयोग मिलेगा। इसके बाद 10:15 पर अटेली के विधायक सीताराम यादव प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। लगभग 11.15 बजे नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव सेमिनार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को चामुंडा देवी मंदिर में 9:15 बजे हवन यज्ञ होगा।

इसके बाद ठीक 11:00 बजे वैश्विक गीता पाठ होगा जिसमे जिला के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के बच्चे ऑनलाइन माध्यम से एक साथ गीता पाठ करेंगे। दोपहर 12:15 पर शोभायात्रा चामुंडा देवी मंदिर से शुरू होगी और ठीक 2.30 बजे आईटीआई मैदान में पहुंचेगी।

उपायुक्त ने बताया कि 23 दिसंबर को प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव दोपहर बाद 3:00 बजे होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। शाम 6:00 बजे दीपदान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

**मोटे अनाज से बने व्यंजन चखने का मिलेगा मौका:** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला के नागरिकों को मोटे अनाज से बने व्यंजन चखने को मिलेंगे।

## व्यक्ति को खुशहाल बनाने का वरदान साबित होगी यात्रा: चौधरी

**गन्नौर/सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**हर पात्र** व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाकर उनकी जिंदगी को खुशहाल बनाने के उद्देश्य से गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव भौरा रसूलपुर तथा पुगथला पहुंची। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा इस यात्रा को जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के अंतर्गत गांव में आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंची विधायक निर्मल चौधरी ने केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही विकसित भारत की नींव को



मजबूत किया जाएगा। इसलिए समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद वरदान साबित होगी। इस यात्रा से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्ति लाभ उठाकर आगे बढ़ सकेंगे।

विधायक ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। उन्होंने विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टॉलों की जानकारी भी हासिल की है। इस दौरान दर्जनों लोगों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी हासिल की और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की तरफ से भेजी गई एलईडी वैन जिला के हर गांव व वार्ड में पहुंचेगी, जिससे नागरिकों को योजनाओं की जानकारी मिलेगी और उनकी समस्याओं का समाधान भी हो सकेगा।

उपस्थित ग्रामवासियों को ह्यहमारा संकल्प-विकसित भारतह्व की दिलाई गई शपथ:-

ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्व कार्यक्रम के दौरान विधायक निर्मल चौधरी ने उपस्थित लाभार्थियों को ह्यहमारा संकल्प-विकसित भारतह्व की शपथ भी दिलाई। सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्ह्व बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि ह्यभारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर चला योगी का हंटर

## लापरवाही पर आधा दर्जन अधिकारियों को स्पष्टीकरण के साथ निलम्बित करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**इंटीग्रेटेड** ग्रीवांस रेड्रेसल सिस्टम (आईजीआरएस) की शिकायतों को गम्भीरता से न लेने और निपटारे में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक में लापरवाही बरतने वाले करीब आधा दर्जन अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए स्पष्टीकरण से लेकर निलम्बन तक की कार्रवाई के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से नियुक्ति विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, गृह विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और नगर विकास विभाग को पत्र जारी करते हुए लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं।



**खंड विकास अधिकारी को निलम्बित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश:** मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईजीआरएस की शिकायतों के निपटारे में लापरवाही को संज्ञान में लिया है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इस पर नियुक्ति विभाग को कानपुर नगर की तहसील नर्वल में शिकायत कर्ता की फाइल गायब होने के आठ माह बाद भी अपर जिलाधिकारी द्वारा तत्कालीन पेशकार अनुज त्रिपाठी पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी, जबकि उनको दोषी पाया गया था। इस पर अपर जिलाधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस देने के निर्देश दिये गये हैं। इसी तरह सुल्तानपुर के ग्राम सलाहपुर, ब्लॉक भदैया में प्रधान सचिव पर घूस न देने के कारण अपात्र को प्रधानमंत्री आवास की पहली किश्त जारी करने की शिकायत पर सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारी को मध्यावधिक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई, लेकिन खंड विकास अधिकारी द्वारा मामले को मांग श्रेणी में फ्लैग करते हुए स्पेशल क्लोज कर दिया गया। इससे शिकायतकर्ता को फीडबैक देने का विकल्प समाप्त हो गया, जो शासनादेश का उल्लंघन है। इस पर ग्राम्य विकास विभाग को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से खंड विकास अधिकारी को निलम्बित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। वहीं कुशीनगर में ग्राम पंचायत की निमार्णाधीन सड़क को अधूरा छोड़ने की शिकायत के निस्तारण में खंड विकास अधिकारी द्वारा लापरवाही पर खंड विकास अधिकारी मोतीचक को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये हैं।

**सीतापुर और बिसवां के अधिशासी अधिकारी को**

**निलम्बित करने के निर्देश:** आईजीआरएस पर सुल्तानपुर ग्राम हांसापुर की तहसील कादीपुर में ग्रामसभा की जमीन पर लगे पेड़ों को काटकर बेचने की शिकायत के मामले में जयसिंहपुर क्षेत्राधिकारी और मोतीगढ़पुर थाना के उपनिरीक्षक द्वारा लापरवाही के साथ ही पोर्टल पर सतही आख्या दी गई।

## कंबल नहीं खरीदने पर मुख्यमंत्री योगी ने तीन जिलाधिकारियों से किया जवाब तलब, जताई सख्त नाराजगी

**लखनऊ :** शीतलहर और ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध कराने में लापरवाही पर मुख्यमंत्री ने संभल, एटा और कानपुर देहात के जिलाधिकारी को नोटिस देकर जवाब तलब किया है। प्रदेश सरकार ने शीतलहर और ठंड के मद्देनजर कंबलों की व्यवस्था के लिए सभी 75 जिलों को कुल 29 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। 72



जिलों में कंबलों की खरीद का कार्य पूरा कर लिया गया है। कानपुर देहात, संभल और एटा में कंबल खरीद नहीं होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी व्यक्त की है। सीएम ने निर्देश दिए हैं कि कहीं पर भी अलाव और कंबल की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कंबल की गुणवत्ता से भी किसी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए हैं। 20 दिसंबर तक प्रदेश में 3,30,794 कंबलों की खरीद पूरी कर ली गई है, जबकि 45,293 कंबलों को वितरित भी किया जा चुका है।

### फास्ट न्यूज

## धान के पुंज में आग लगने से हजारों की क्षति

**बिहारशरीफ।** जिले में खुदागंज थाना क्षेत्र के जैतिया गांव में गुरुवार को तीन किसानों के खलिहान में लगे तीन धान पुंज में अचानक आग लग गई। आग लगने से अनाज व पुआल जल गया। तीन किसान सीताराम प्रसाद, आसाराम प्रसाद एवम रामावतार यादव के पुंज में आग लगी। किसान सीताराम प्रसाद ने बताया कि जैतिया गांव में किनारे खलिहान में धान का पुंज लगा हुआ था। अचानक कुछ ग्रामीणों ने पुंज में आग लगा देख शोर मचाया तो आवाज सुनकर पहुंचे। ग्रामीणों ने आसपास मौजूद समरर्सिबल को चालू कर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने तुरंत खुदागंज थाना को फोन से सूचना दिया। सूचना पाकर एक अग्निशामक वाहन घटनास्थल पर आई। घंटों मशक्कत के बाद अग्निशमन व ग्रामीणों के प्रयास से आग को बुझा लिया गया। पुआल पर शीत रहने के कारण ज्यादा नुकसान होने से बच गया तथा ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से खलिहान में आग फैलने से रोक लिया गया। इस घटना में करीब पचास हजार रुपये मूल्य की अनाज जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि एक के बाद खलिहान में रखे तीन धान के पुंज को अपनी चपेट में लिया। घटना के बाद पीड़ित व उनके परिवार का हाल बेहाल था। क्योंकि काफी मेहनत के बाद धान की फसल पूंजी लगाकर उपजाया था। लेकिन वह जलकर राख हो गई।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के इस्लामपुर राजगीर रोड खानकाह मोड़ के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। वही एक अन्य युवक जख्मी हो गया। घटना के सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया और मृतक के परिजनों को सूचना दिया। मृतक युवक की पहचान खुदागंज थाना क्षेत्र के बड़की मैदी गांव निवासी स्व सतेन्द्र रविदास का पुत्र राम कुमार के रूप में की गयी है।युवक की मौत खबर सुनते ही परिजनों की बीच कोहराम मच गया है। मृतक युवक के परिजनों ने बताया की मृत युवक राम कुमार गुरुवार को अपने घर बड़की मैदी से अपने बाइक से एक अपने रिश्तेदार को बैठाकर अपने नानी घर इस्लामपुर इचहोस आ रहा था की रास्ते में इस्लामपुर खानकाह मोड़ के समीप एक अनियंत्रित ईट लोड ट्रैक्टर चालक ने बाइक में धक्का मार दिया।

## आवाज उठाने वाले सांसदों को निलंबित और जनता को भेजा जा रहा जेलः टिकैत



**टीम एक्शन इंडिया/बहराइच**
**भारतीय** किसान यूनियन (भाकियू) नेता राकेश टिकैत ने गुरुवार को यहां कहा कि जिन लोगों ने संसद में आवाज उठाई उन्हें निलंबित कर दिया गया है और जिन्होंने सड़कों पर आवाज उठाई उन्हें जेल भेजा जा रहा है। किसान नेता दौरे के लिए जनपद श्रावस्ती जा रहे थे। इस दौरान जनपद में जिलाधिकारी आवास के बाहर किसान नेताओं ने राकेश टिकैत का स्वागत किया। इस दौरान संसद की सुरक्षा के चूक के मामले में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जिन्होंने यह कृत्य किया है उनके पास किसने बनवाएं। कोई तो हैं जो उन्हें अंदर लेकर गया। हमारी एजेंसियां इतनी कमजोर नहीं है, हो सकता है यह जान बुझ भी किया गया हो। यह सरकार की जिम्मेदारी है और सच्चाई देश के सामने आनी चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि जो सांसद संसद में आवाज उठाएगा तो उन्हें सस्पेंड किया जाएगा। अगर आम आदमी

**आवाज उठाई**

**ß जिन्होंने सड़कों पर आवाज उठाई उन्हें जेल भेजा जा रहा है। किसान नेता दौरे के लिए जनपद श्रावस्ती जा रहे थे।**

आवाज उठाता है तो उन्हें जेल भेजा जाएगा।देश में लोकतंत्र नहीं रहा है। यह देश गुलामी की तरफ जा रहा है। किसान नेता बोले कि यहां सरकार आम लोगों की नहीं बल्कि व्यापारियों की सरकार है। जो आवाज उठाएगी वह जेल में जाएगा या मारा जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और वहां का हर्षा जंगल अदानी ग्रुप को दिया जा रहा है। जंगल काटे जा रहे हैं। जो लोग आदिवासी हैं जल, जंगल, और जमीन की बात करते हैं उन्हें नक्सलवादी बताकर जेल में डाला जा रहा है। कल भी वहां पर लाठीचार्ज हुई और लोगों को जेलो में डाला गया।



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तेलंगाना में राष्ट्रपति निलयम में विभिन्न पर्यटक आकर्षणों का उद्घाटन करते हुए।

## बसपा धर्मनिरपेक्ष पार्टी, धर्मों का करती है सम्मानः मायावती

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बसपा धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। हमारे देश में विभिन्न धर्म को मानने वाले लोग रहते हैं, जिसका बसपा हमेशा सम्मान करती रही है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर का जो उद्घाटन होने जा रहा है, उसका हमारी पार्टी को कोई भी ऐतराज नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने बयान में कहा कि अयोध्या में कोर्ट के आदेश पर सरकार द्वारा जब भी मस्जिद का निर्माण होता है तो तब भी उसके उद्घाटन का हमारी पार्टी को ऐतराज नहीं करेगी। हमारी पार्टी सभी धर्म स्थलों का पूरा सम्मान करती है।

लेकिन पिछले कुछ वर्षों से घिनौनी राजनीति की जा रही है, ये दुखद और चिंतनीय है। जो नहीं होना चाहिए। इससे अपना देश कमजोर



ही होगा, मजबूत नहीं। उन्होंने ने कहा कि बसपा का मानना है कि संसद के वर्तमान सत्र के दौरान दोनों सदनों से रिकार्ड संख्या में लगभग 150 सांसदों का निलम्बन होना, सरकार व विपक्ष के लिए भी कोई गुडवर्क या महान कीर्तिमान नहीं है। कसूरवार कोई भी हो किंतु संसदीय इतिहास के लिए यह घटना लोगों को आघात पहुंचाने वाला है। इसी प्रकार सरकार और विपक्ष के जबरदस्त टकराव वाली घटना से देश के लोकतंत्र और ससंदीय परम्पराओं को शर्मसार होने से बचाना जरुरी है।

## गैंगस्टर एक्ट मामले में घोसी के बसपा सांसद अतुल राय बरी

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश अवनीश गौतम की अदालत ने गुरूवार को घोसी से बहुजन समाज पार्टी के सांसद अतुल सिंह उर्फ अतुल राय को बड़ी राहत दी है। विशेष न्यायाधीश ने सांसद अतुल राय सहित चार आरोपितों को गैंगस्टर के एक मामले में दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने 50 पेज के अपने फैसले में कहा कि गैंगस्टर के अंतर्गत अभियुक्त की दोषसिद्धि हेतु अभियोजन द्वारा कोई सबूत नहीं दिया गया है।

इस मामले में अभियोजन न तो गैंग चार्ट में से दर्शित मुकदमों में एक की भी सत्यता को साबित कर सका और न ही आरोपियों द्वारा कथित अर्जित लाभ या उनके गैंग संचालन के तथ्य को साबित कर सका है। अदालत ने सभी साक्ष्यों को देखते हुए आरोपी सुजीत सिंह उर्फ सुरजीत सिंह,सांसद अतुल सिंह, अनिल कुमार मिश्र व राजन सिंह को इस मामले से बरी दिया।

अभियोजन के अनुसार 3 अप्रैल 2009 को तत्कालीन थाना प्रभारी मंडुआडीह धर्मवीर सिंह ने अभिलेखों का अध्ययन करने के बाद पाया कि सुजीत सिंह नाजायज गिरोहबंद किस्म का अपराधी है और नाजायज गिरोह बनाकर अपने गैंग व अन्य सदस्यों के आर्थिक, सामाजिक व भौतिक लाभ के लिए अपराध को अपना पेशा बना लिया है।

## समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संगठन ने दिया धरना

**मेरठ।** किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को किसान मजदूर संगठन ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने गन्ना मूल्य 400 रुपए प्रति कुंतल घोषित करने की मांग उठाई। किसान मजदूर संगठन के कार्यकताओं ने आज कलेक्ट्रेट में धरना देकर किसानों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य 400 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया जाए और गन्ना पर्ची पर उसका रेट भी अंकित किया जाए।

## प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद का आदेश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के किसानों से किए गये वायदे के अनुसार राज्य शासन द्वारा प्रति एकड़ के मान से किसानों से समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान खरीद का आदेश जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता से किए सभी वादे को पूरा करेगी। हम राज्य के किसानों से 3100 रुपये क्विंटल के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो,



इसके लिए सभी खरीद केन्द्रों में बेहतर और पर्याप्त इंतजाम किए जाने के भी निर्देश दिए गये हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा धान खरीद के मात्रा की सीमा 21 क्विंटल किए जाने के आदेश के तहत यह सीमा खरीद लिंकिग के साथ होगी। ऐसे किसान जो अपना धान पूर्व में समर्थन मूल्य पर विक्रय कर चुके हैं, उन्हें भी उक्त मात्रा के अंतर्गत धान विक्रय करने की सुविधा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य में बीते एक नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीद की जा रही है।

**मुलाकात**

### बौद्ध धर्म सहित सभी धर्मों के प्रति हम लोगों का सम्मान हैः मुख्यमंत्री

## बिहार के बोधगया में दलाई लामा से मिले सीएम नीतीश

**टीम एक्शन इंडिया/गया**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को बोधगया के तिब्बतियन मॉनेस्ट्री पहुंच कर बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा से मुलाकात की। उनसे बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप जब भी यहां आते हैं तो हम आपसे मिलने आते हैं और आपका आशीर्वाद लेते हैं। सभी धर्मों के प्रति हमलोगों का सम्मान है। बौद्ध धर्म के प्रति भी हमलोगों का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने दलाई लामा को वैशाली में बनने वाले बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री के आग्रह को दलाई लामा ने स्वीकार



किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दलाई लामा से मुलाकात के दौरान उन्हें पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया और उन्हें नमन कर उनका आशीर्वाद लिया। दलाई लामा ने मुख्यमंत्री को दीघार्यु एवं स्वस्थ रहने का आशीर्वाद दिया और मुख्यमंत्री ने भी दलाई लामा के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की। इसके पश्चात तिब्बतियन मॉनेस्ट्री में ही मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय संघ मंच के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद महाबोधि मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने महाबोधि महाविहार एवं बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी कार्यालय में 180 केडब्ल्यूपी सोलर पावर प्लांट का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही महाबोधि मंदिर के उत्तर दिशा में पीतल से निर्मित भव्य द्वार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर के आउटर बाउंड्री रेलिंग का भी शिलान्यास किया। महाबोधि मंदिर में मुख्यमंत्री ने भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 341 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'आप की बढ़ती लोकप्रियता को रोकने की कोशिश'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मंत्री** आतिशी ने आरोप लगाया कि शराब पॉलिसी से जुड़े मामले में ईडी की जांच आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता को रोकने का प्रयास है। वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी के समन को नजर अंदाज करते हुए 10 दिन के विपश्यना शिविर के लिए चले गए।

**विपक्ष की आवाज को दबाना चाहता हैः आप** अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को ईडी के समन पर कहा कि ये राजनीति से प्रेरित है। यह विपक्ष की आवाज को दबाना चाहते हैं। आतिशी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईडी को लेकर आरोप लगाया कि ईडी दो साल से इस मामले की जांच कर रही है। भारत के इतिहास में किसी अन्य नीति की इतनी जांच नहीं हुई हैं, जितनी दिल्ली शराब पॉलिसी की हुई है।

**जांच एजेंसी को नहीं मिला एक पैसाः आतिशी** आतिशी की ओर से आगे दावा किया गया कि आम आदमी पार्टी के नेताओं से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी के बावजूद ईडी को कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने दावा किया कि दो साल की जांच के बाद भी सीबीआई या ईडी को गलत तरीके से अर्जित धन का एक पैसा भी नहीं मिला।

**अब अरविंद केजरीवाल को बनाया जा रहा निशानाः** दिल्ली की मंत्री ने आरोप लगाया कि ईडी ने मनीष सिसौदिया (पूर्व डिप्टी सीएम) के आवास, कार्यालयों और अन्य स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन कुछ नहीं मिला। फिर भी उन्होंने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वे अब अरविंद केजरीवाल को निशाना बना रहे हैं। वे (केंद्र) आप की वृद्धि और लोकप्रियता को रोकने के लिए ऐसा कर रहे हैं।

# उपराष्ट्रपति की मिमिक्री पर पक्ष-विपक्ष में टकरार

## = प्रदर्शन में शामिल हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि इस देश में हर सांसद की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री पर पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार बढ़ गई है। एक तरफ जहां जंतर मंतर पर दिल्ली भाजपा प्रदर्शन कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ विपक्ष के निलंबित सांसद सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी समेत अन्य नेताओं ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदर्शन में शामिल हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि इस देश में हर सांसद की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। उपराष्ट्रपति की मिमिक्री, संवैधानिक पदों पर बैठे हुए व्यक्तियों के प्रति ये भाव? अब देश की जनता भी इन्हें (विपक्ष) जवाब देगी और देश का कानून भी इन्हें जवाब देगा। ये किसानों का भी अपमान है, उनके समाज का भी अपमान है, संवैधानिक पदों पर बैठे हुए



व्यक्तियों का अपमान है और इसका खामियाजा राहुल गांधी और गठबंधन को भुगतना पड़ेगा।
वहीं आज विपक्ष भी सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहा है। मार्च पुराने संसद से विजय चौक तक निकाला जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सरकार के रवैये पर शुक्रवार यानी कल देशभर में विरोध प्रदर्शन होगा। यह मार्च निलंबित सांसदों के लिए निकाला जा रहा है। पीएम मोदी सदन में बात नहीं करते।
वहीं दूसरी तरफ बढ़ती महंगाई के विरोध में भारतीय युवा कांग्रेस ने बुधवार को अपने कार्यालय के बाहर विरोध- प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी नारे लगाते हुए संसद की ओर बढ़ने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया था।
यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। देश की लड़ाई अब युवा लड़ेगा और सत्ता के घमंड को तोड़ेगा। कांग्रेस प्रवक्ता अलका लांबा ने यूथ कांग्रेस के संसद घेराव में

**प्रदर्शन...**

**8 नई दिल्ली इलाके में संसद भवन व जंतर-मंतर के आस-पास के मार्गों पर सुबह से लेकर दोपहर तक जाम की स्थिति रही।**

देशभर से आए हजारों युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और युवाओं को उनका हक दिलाने के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष जारी है। प्रदर्शन के चलते पुलिस ने रायसीना रोड व जंतर-मंतर रोड समेत कई मार्गों को बंद कर दिया गया था। इससे नई दिल्ली इलाके में संसद भवन व जंतर-मंतर के आपपास के मार्गों पर सुबह से लेकर दोपहर तक जाम की स्थिति रही।

**हापुड़ में उपराष्ट्रपति की मिमिक्री पर उबले भाजपाई**
हापुड़ में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का विपक्षियों द्वारा किए गए अपमान के विरोध में एचपीडीए चौराहा पर कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान जोरदार नारेबाजी की गई। भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि जाट किसान परिवार में जन्में और राजस्थान के गौरव, देश के महामहिम उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड का घमंडिया नेताओं ने जिस तरह उपहास किया, वो सिर्फ एक व्यक्ति या पद नही बल्कि भारतीय संविधान के अपमान की पराकाष्ठा है। इस अमर्यादित व्यवहार से पूरी संसद की गरिमा भंग हुई है। कल्याण बनर्जी द्वारा संसद भवन परिसर के अंदर ही राज्य सभा के सभापति का अपमानजनक नकल करना, घमंडिया गठबंधन के सांसदों द्वारा ठहाके लगा कर सार्वजानिक मजाक उडाना और एक नामदार युवराज द्वारा उसका वीडियो बनाना।

## कनॉट प्लेस की गोपाल दास बिल्डिंग में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली के बाराखंबा रोड स्थित गोपाल दास बिल्डिंग में गुरुवार दोपहर आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की कई गाड़ियां पहुंची। साथ ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। आग 11वीं मंजिल पर लगी थी, और देखते ही देखते इमारत के बाहर धुएं का गुबार छा गया। दमकल विभाग ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि गुरुवार को करीब 12:56 बजे पर आग लगने की कॉल मिली थी। मौके पर पहुंची 16 दमकल गाड़ियों ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग बिल्डिंग के 11वें फ्लोर पर लगी थी। हादसे के तुरंत बाद ही इमारत में मौजूद लोगों को बाहर निकाल लिया गया था। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। इस बिल्डिंग में कई ऑफिस हैं। जानकारी के अनुसार बिल्डिंग में आग लगने के बाद फायर अलार्म तुरंत ही बज गया, जिसके बाद तुरंत ही लोग बाहर आने लगे थे। उल्लेखनीय है कि ब्रांटो स्काई लिफ्ट, स्नैक लैडर सहित और दूसरी हाई राइज बिल्डिंग में आग बुझाने वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया।

## एसी कोच के आरएसी सीट वाले दोनों लोगों को मिलेगा बेडरोल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** ,
ठंड के दिनों में अब वातानुकूलित कोच के किसी भी यात्रियों को ठिठुरना नहीं पड़ेगा। आरएसी वाले यात्रियों को भी बेडरोल किट देने का रेलवे ने निर्णय लिया है। आरएसी वाले बर्थ के दोनों यात्रियों को अलग-अलग बेडरोल दिया जाएगा। इसमें यात्रियों को चादर, तकिया, कंबल और तौलिया दिया जाएगा।
रेलवे बोर्ड की तरफ जारी निर्देश में कहा गया है कि वातानुकूलित कोच में रिजर्वेशन टिकट लेते वक्त ही यात्रियों से बेडरोल किट का भुगतान करा लिया जाता है। लिहाजा अब पूरा बर्थ जिस यात्री को नहीं मिल रहा है और वह रिजर्वेशन एगेंस्ट कैंसिलेशन




(आरएसी) टिकट पर यात्रा कर रहा है तो उसे भी बेडरोल लेने का उतना ही अधिकार है जितना कन्फर्म बर्थ वाले को है। प्रिंसिपल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रेलवे बोर्ड शैलेन्द्र सिंह की ओर से जारी किए गए आदेश में नई व्यवस्था को तत्काल लागू करने के लिए कहा गया है। नये साल के पहले रेलवे ने यात्रियों को राहत भरी खबर दी है। पहले आरएसी सीट वाले यात्रियों को रेलवे एसी कोच बेडरोल नहीं देता था। अब वैसे सभी यात्रियों को

**सहुलियत**

**8 टिकट पर यात्रा कर रहा है तो उसे भी बेडरोल लेने का उतना ही अधिकार है जितना कन्फर्म बर्थ वाले को है।**

बेडरोल मिलेगा जो आरएसी टिकट पर यात्रा करेंगे।
बेडरोल नहीं मिलने की स्थिति में यात्रियों को खुद कंबल और चादर लेकर चलना पड़ता था। इससे अतिरिक्त सामान का बोझ उन्हें उठा कर चलना पड़ता था या कोच निरीक्षक को अतिरिक्त पैसा देकर खुद इंतजाम करना पड़ता था। लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं आएगी।

## आश्रम में डीटीसी की बस में लगी आग, दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया काबू



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के आश्रम इलाके में गुरुवार को एक डीटीसी की बस में आग लग गई। फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें करीब एक बजे घटना के बारे में जानकारी मिली। जानकारी के अनुसार, दिल्ली परिवहन निगम की बस के पिछले हिस्से में आग लगी थी। आग की सूचना पर दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। बताया गया कि दोपहर करीब दो बजे आग बुझा ली गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## सीवर शिकायतों के मद्देनजर जल मंत्री ने चंद्रावल गांव, मॉडल टाउन में किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सीवर शिकायतों के मद्देनजर निरीक्षण की श्रृंखला को जारी रखते हुए जल मंत्री आतिशी ने मॉडल टॉउन विधानसभा क्षेत्र में चंद्रावल गाँव के विभिन्न हिस्सों में जाकर निरीक्षण किया। सीवर की बदहाल हालत देख जलमंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई और लापरवाही के लिए ज़िम्मेदार अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बता दें कि, यहाँ लोगों से लगातार सीवर की शिकायतें मिल रही थी उसके बावजूद अधिकारियों द्वारा उसके समाधान को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा था। ऐसे



में जल मंत्री ने स्वयं ग्राउंड जीरो पर उतरकर समस्या का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान लोगों ने जल मंत्री से साझा करते हुए कहा कि सफाई न होने से सीवर ओवरफ़्लो रहता है और उसके कारण गलियों में पानी सीवर का पानी भर जाता है। ऐसे में लोगों की आवाजाही भी मुश्किल हो जाती है। साथ ही लोगों ने बताया कि अपनी समस्या जब वो अधिकारियों को बताते है तो अधिकारी उसे नजरअंदाज करते है।

## डिजी-यात्रा की सुविधा 13 हवाई अड्डों पर उपलब्धः वीके सिंह

**नई दिल्ली।** हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच के दौरान यात्रियों का समय बचाने के लिए सरकार सुरक्षा उपकरण, सुरक्षा जनशक्ति बढ़ाने और उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने को नागरिक उड्डयन मंत्रालय प्रयासरत है। हवाई अड्डों पर यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए डिजी-यात्रा की सुविधा दी गई है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) वीके सिंह (सेवानिवृत्त) ने गुरुवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने कहा कि इस तरह से चेहरे की पहचान कर बायोमेट्रिक-आधारित डिजी-यात्रा 13 हवाई अड्डों पर भी लागू की गई है। हवाई अड्डों को चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा।

## अयोध्या में विवादित ढांचा गिरने पर घर लाए थे ईट


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
छह दिसंबर 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराने का दृश्य आज भी आंखों के सामने घूमता नजर आता है और जब वह आंखे बंद कर सोचते हैं तो उनके सामने लाखों की भीड़ ढांचा गिराती नजर आती है। कभी-कभी आंखे भर आती है कि यदि उन्हें कुछ हो जाता तो परिवार का क्या होता, लेकिन अब मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गर्व महसूस हो रहा है।

**ढांचा गिरने पर घर लाए थे एक ईंटः** यह बाते बदरपुर के मुकेश कौशिक ने खुद पर गर्व महसूस करते हुए बताई। बताया कि वहां ढांचा गिरने के बाद अपने साथ एक ईंट लेकर वह अपने घर आ गए थे। 31 साल पहले अयोध्या में विवादित ढांचा किस तरह से गिराया गया और किस तरह का वहां 6 दिसंबर 1992 में माहौल था। किस तरह कार सेवकों में



अपने भगवान रामलला को विराजमान करने का जुनून था। आओ जानते है ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद निवासी मुकेश कौशिक से आंखों देखी। मुकेश कौशिक ने बताया कि वह चार दिसंबर की रात में बदरपुर से अपने साथी विजय गुप्ता सहित दर्जनभर कारसेवकों के साथ ट्रेन में बिना रिजर्वेशन कराए ही चल दिए थे। पांच दिसंबर की सुबह छह बजे वह अयोध्या पहुंचे और वहां सरयू नदी में स्नान करने के बाद भगवान श्रीराम के दर्शन किए। उसके बाद मंदिर में घूमने के बाद रात में परिसर में ही सो गए। उसके बाद छह दिसंबर की सुबह उठे और स्नान करने के बाद भगवान श्रीराम के जयघोष लगाने शुरू कर दिए थे।

**उस समय मौजूद से दस लाख से ज्यादा कारसेवकः** वहां करीब दस लाख से अधिक कारसेवक खड़े थे और उनके अंदर भगवान राम को उनका स्थान दिलाने का जोश भरा था। जब जय श्रीराम, रामलाल हम लाएंगे, मंदिर वहीं बनवाएंगे, एक धक्का और दो आदि के नारे लगते थे तो ऐसा लगता था कि आसमान की ऊंचाई कम रह गई हो और आसमान कहीं फट न जाए। देखते ही देखते भीड़ ने विवादित ढांचा को गिराना शुरू कर दिया और दूर से आवाज आती थी कि पुलिस ने गोलियां चलानी शुरू कर दी और आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे है, लेकिन किसी को अपनी जान की चिंता नहीं थी और हर कोई भगवान राम का मंदिर बनवाना चाहता था। मुकेश कौशिक ने बताया कि वह छह दिसंबर की रात में वहां से एक ईंट व पटका लेकर चल दिए। उन्हें खुद पर गर्व महसूस हो रहा था और उस समय उनकी उम्र 32 साल थी।



# राज्य में अभी कोविड का कोई केस नहीं: विज



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुना। करनाल से कई फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे जिनका आरोप था कि पुलिस मामलों में कार्रवाई नहीं कर रही है। गृह मंत्री अनिल विज ने इससे खफा हुए और उन्होंने मौके पर ही हरियाणा के डीजीपी को फोन कर करनाल में व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इवह लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे और उनके द्वारा जो शिकायतें भेजी जाए उनका डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में निपटान किया जाए। विज ने करनाल एसपी को भी अलग-अलग मामलों को लेकर फोन लगाए और मामला दर्ज करने वा कार्रवाई में देरी करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गृह मंत्री के आवास पर करनाल से आई महिला ने बताया कि उसके बेटे की कुछ माह पूर्व हत्या कर दी गई थी, लेकिन इस मामले में पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। इसी तरह, करनाल से आए व्यक्ति ने बताया कि मारपीट मामले में उसने छह बार अलग-अलग दिनों में शिकायत की और इसके रसीदें भी उसके पास है। गृह मंत्री ने एसपी करनाल को फोन कर केस दर्ज करने में हुई देरी का जवाब मांगा। साथ ही केस दर्ज नहीं करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, करनाल से फरियादी ने बताया कि वाहन की खरीद-फरोख्त में झूठे दस्तावेज लगाकर ठगी की गई है। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बावजूद कार्रवाई नहीं की। गृह मंत्री ने इस मामले में भी एसपी करनाल को कार्रवाई के निर्देश दिए व जांच में देरी करने वालों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए। करनाल में दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर भी एसपी को कार्रवाई के निर्देश गृह मंत्री द्वारा दिए गए।

**फतेहाबाद में जमीनी धोखाधड़ी मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश:** फतेहाबाद से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि जमीन में फर्जी दस्तावेजों के सहारे उसके साथ जमीनी धोखाधड़ी की गई है और बैंक से भी 28 लाख रुपए फर्जी दस्तावेजों के सहारे निकलवाए गए हैं। गृह मंत्री ने मामले की जांच के लिए एसपी को एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए।

**नहीं बच्ची ने कहा, मेरी नानी नशीले पदार्थ बेचती है:** गृह मंत्री अनिल विज के पास अम्बाला शहर से आई नन्हीं बच्ची ने कहा कि उनकी नानी घर में ही नशीले पदार्थ बेचती है, बच्ची के साथ आए उसके परिवार सदस्यों ने बताया कि वह सभी इस मामले को लेकर परेशान है और बच्ची पर बुरा असर पड़ रहा है। गृह मंत्री ने मौके पर ही संबंधित थाना पुलिस को मौके पर छापा मार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

**महिला के अपहरण का प्रयास, एसआईटी को मंत्री विज ने सौंपी जांच:** गृह मंत्री को सोनीपत से आई महिला ने शिकायत देते हुए बताया कि उसे पति व अन्य लोगों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उसके साथ मारपीट गई व गत दिनों उसके अपहरण का प्रयास भी किया गया जिसमें उसका पति व अन्य शामिल थे। गृह मंत्री ने मामले में एसआईटी गठित कर सोनीपत एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# विज ने अस्पताल में नवनिर्मित मॉर्डन ऑप्रेशन थियेटर का किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गृह एवं स्वास्थ्य** मंत्री अनिल विज ने कहा कि उपासना घर एक चर्च, एक मंदिर, गुरुद्वारा व एक मस्जिद हो सकता है। उपासना एक अस्पताल भी हो सकता है। जहां भगवान के बंदों का ईलाज किया जा सकता है, ये अपने आप में बहुत बड़ी उपासना है और सेवा का यह कार्य धार्मिक भाव के साथ किया जाए तो सोने पर सुहागा होता है। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज मिशन अस्पताल अम्बाला शहर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर गृहमंत्री ने अस्पताल में बनाए गये नवनिर्मित मॉर्डन ऑप्रेशन थियेटर का भी उद्घाटन किया तथा अपने स्वैच्छिक कोष से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर उपस्थित सभी को क्रिसमिस पर्व की भी बधाई देते हुए कहा कि निदेशक डा0 सुनील सादिक के मार्गदर्शन में इस अस्पताल में मानव जाति की सेवा के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं, वह काफी सराहनीय है। डा0 सुनील सादिक व अस्पताल से सम्बन्धित पूरी टीम हर समय मानव जाति की सेवा के लिए तत्पर रहती है, मैं उनका कायल हूं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में मिशन अस्पताल द्वारा जो कार्य किए गये हैं वह काफी सराहनीय है। उस समय लोगों की सेवा का जो कार्य मिशन अस्पताल ने किया है वह काबिले तारीफ है। कोरोना काल में कोविड का नाम सुनकर ही लोग भयभीत हो जाते थे, लेकिन मिशन अस्पताल की टीम ने उस समय अपनी जान की परवाह न करते हुए यहां पर आए मरीजों को दुरुस्त करके उनको घर भेजने का काम किया। परमात्मा ने इंसान को बनाया है और परमात्मा उन लोगों से बहुत खुश होता है जो उनके बनाए गये बंदों की सेवा करता है, उनकी दुख तकलीफ को दूर करता है और ऐसा ही कार्य मिशन अस्पताल ने किया है। यह अस्पताल मानव जाति की सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी 22 जिलों में डायलसिस सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। अधिकतर नागरिक अस्पतालों में एमआरआई की मशीनें लग चुकी है। चार जिलो में कैथ लैब की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, धीरे-धीरे अन्य अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध करवाने का काम किया जायेगा। आज प्रदेश के सभी नागरिक अस्पतालों में आरटी पीसीआर मशीन उपलब्ध करवा दी गई है। कोरोना काल में कोविड टैस्ट के लिए दिल्ली या पुणे में ही एक मशीन होती थी। स्वास्थ्य, शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व है और इस दायित्व को सरकार बेहतर तरीके से निभा रही है। इस कार्य में धार्मिक संस्थाएं भी आगे आकर कार्य कर रही हैं जिसमें मिशन अस्पताल सबसे अग्रणी भूमिका निभा रहा है। निदेशक द्वारा यहां पर बीएससी नर्सिंग की ट्रेनिंग की जो बात रखी गई है वह पूरी हो गई है।

## न्यूज फ्लैश

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेंद्र कादियान के प्रयासों से मची बीजेपी में भगदड़



पानीपत/कमाल हुसैन
**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता महेंद्र कादियान कि अगवाई में वार्ड 2 नूरवाला के मौजदा बीजेपी सरकार के मौजूदा पार्षद पवन गोगलिया, बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील राठी, लोकेश सैन, रिंकू सैन, ने अपने हजारों साथियों को साथ राज्य सभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के निवास स्थान दिल्ली मे कांग्रेस का दामन थामा इससे ये क्षात होता है कि अपने वाला समय कांग्रेस का है और हरियाणा मे सरकार कॉंग्रेस पार्टी की ही होगी पवन गोगलिया ने अपने साथियों समेत बताया है कि उन्होंने बीजेपी की नीतियों से तंग आकर कॉंग्रेस पार्टी मे आस्था जताई है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद के तहत गांव भौरा रसूलपुर तथा पुगथला में हुआ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित



गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया
**हर** पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाकर उनकी जिंदगी को खुशहाल बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव भौरा रसूलपुर तथा पुगथला पहुंची। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा इस यात्रा को जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के अंतर्गत गांव में आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंची विधायक निर्मल चौधरी ने केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जाएगा। इसलिए समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद वरदान साबित होगी। इस यात्रा से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्ति लाभ उठाकर आगे बढ़ सकेंगे। विधायक ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। उन्होंने विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टॉलों की जानकारी भी हासिल की है। इस दौरान दर्शनों लोगों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी हासिल की और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिया। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद एक मील का पत्थर साबित होगी। उपस्थित ग्रामवासियों को हाहमारा संकल्प-विकसित भारतह्व की दिलाई गई शपथ। विधायक ने कार्यक्रम में उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेण्डर तथा गैस चूल्हे वितरित करने के साथ-साथ आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इस मौके पर एसडीएम निर्मल नागर, बीडीपीओ दीपिका शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष निशांत छोक्कर, ब्लॉक सममिति के चेयरमैन सेनू, गांव भौरा रसूलपुर की सरपंच संगीता तथा सोहनलाल, गांव पुगथला के सरपंच पूनम व ओमदत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### देव ऋषि सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह 24 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा

राई। टीम एक्शन इंडिया
**बहालगढ़** चौक के पास स्थित देव ऋषि सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 24वां वार्षिक उत्सव समारोह 24 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी स्कूल के निदेशक जोगिंदर सिंह आंतिल ने दी। आंतिल ने बताया कि वार्षिक उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, हरियाणा (सेवानिवृत) डॉ। सुमन मंजरी (आईपीएस) होगी व सम्मानित अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया शिरकत करेंगे। प्राचार्या रेनू गहलावत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित के बाद सरस्वती वंदना से होगी। इसके बाद स्वागत गीत, हनुमान चालीसा, लिटिल चैम्प डांस (ग्रुप-1), जल संरक्षण पर थीम, कृष्ण अधिनियम, प्राचार्य द्वारा वार्षिक रिपोर्ट, स्टंट, लिटिल चैम्प (समूह-2), पंजाबी गिद्दा, मुख्य अतिथि का भाषण, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, हरियाणवी डांस, पुरस्कार वितरण, अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान होगा।

# नारायणगढ़ में किसानों की महापंचायत होगी आज



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला में एक बार फिर से किसाने अपनी मांगो को लेकर संघर्ष की ओर है। इस बार भी किसानों ने महापंचायत बुलाने का ऐलान किया है। इस महापंचायत में विभिन्न जिलों के सैंकड़ों किसानों के आने की उम्मीद है। किसान नेताओं का कहना है कि फसल शुगर मिल में डालने के बाद भी किसानों को बकाया नहीं मिलता है। इसी के विरोध में किसान महापंचायत कर रहें है। भाकियू चढ़ूनी ग्रुप के जिला युवा अध्यक्ष गुलाब पुनिया ने बताया कि शहजादपुर में मुख्यमंत्री सीएम मनोहर लाल के द्वारा मिलें आश्वासन के बाद गन्ना किसानो को आधे पैसे देने, बकाया पेमेंट व गन्ने की नई पेमेंट शुरू करवाने को लेकर आज कर्ट के पास नारायणगढ़ शुगर मील में महापंचायत रखी गयीं हैं। उन्होंने आग्रह किया है कि इस महापंचायत में सभी किसान व भारी संख्या में अम्बाला के विभिन्न ब्लाकों से किसान व युवा इस महापंचायत में पहुंचे और सरकार की किसान विरोधी नितियों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि मौजूद समय में खेती पर भारी खर्चा आ रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी किसानों को फसलों का उचित दाम नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल के गन्ने के बकाया भुक्तान भी अभी तक किसानों को नहीं दिये गए है। जिसके चलते अब किसान एक बार फिर से संघर्ष करने जा रहे है। इसलिये कल महापंचायत रखी गई है। वहीं किसानों की महापंचायत को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी कड़े बंदोबस्त करने शुरू कर दिये गए है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। कल की महापंचायत को लेकर आज भी किसानों ने जनसंपर्क अभियान जारी रखा।

# सनातन सेवा सभा द्वारा बच्चों को दिए गए स्वेटर व जूते



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) सनातन** सेवा सभा (रजि.) परिवार की ओर से सरकारी स्कूल बलदेव नगर, सुल्तानपुर, प्रीत नगर पुलिस लाईन, मण्डोर में लगभग 500 जरूरतमंद बच्चों को चल रहे सर्दी के मौसम में स्वेटर व जूते वितरित किए गए। सभी स्कूल के प्रबन्धकों द्वारा सनातन मंच के इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। सभा के प्रवक्ता ने यह भी बताया कि सनातन सेवा सभा परिवार की ओर से राम बाग अम्बाला शहर में 22 व 23 दिसम्बर को गीता जयन्ती के उपलक्ष्य में फ्री धार्मिक पुस्तके भी वितरित की जाएंगी।

# अम्बाला: राज्य में अभी कोई केस नहीं है: अनिल विज



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा के** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने राज्य में अभी कोई केस नहीं है। हम आईएलआई और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) के केसों का आरटीपीसीआर टेस्ट करेंगे। विज देश के कुछ राज्यों में हाल ही में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि और देश में कोविड-19 के जेएन.1 वेरिएंट के पहले मामले का पता चलने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डा. मनसुख मांडविया तथा अन्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों एवं सचिवों के साथ सुरक्षा उपायों पर आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि आईएलआई लक्षण और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) केसों में आरटीपीसीआर टेस्ट जरूरी होने चाहिए और कोविड-19 को नोटिफाई बीमारी घोषित करना चाहिए ताकि निजी अस्पतालों में कोई केस आए तो वह सीएमओ व सरकारी अस्पतालों को जानकारियां दें। उन्होंने कहा कि इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) मामलों की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है, ताकि ऐसे मामलों की शुरूआती बढ़ती प्रवृत्ति का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमने मॉकड्रिल की है और हमारी सारी तैयारी है। हरियाणा में 238 पीएसए प्लांट चालू हालत में है। यह बीमारी इसी रूप से आ रही है जैसे पहले आई थी और इसीलिए इसे गंभीरता से लेना चाहिए। पहले हम इस बीमारी के साथ लड़े है और सारी तैयारी टॉप गियर में करते हुए अलर्ट कर दिया गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई है, इसके लिए क्या-क्या गाइडलाइन है हम पूरी तरह चौकस है, हमने हरियाणा की मीटिंग की है और मॉकड्रिल भी है जिसमें उपकरणों को जांचा गया है और हम पूरी तरह तैयार है।

# एक दिन की हड़ताल के बाद फिर खुली सब्जी मंडियां



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**मंडियों** में एक दिन की हड़ताल के बाद फिर से आढ़तियों ने काम करना शुरू किया। हालाकि मात्र एक दिन में ही सब्जीयों के दाम आसमान छू गए थे। लेकिन सुबह फिर से सब्जी के दामों में एक बार फिर से गिरावट देखने को मिली। आज आलू जहां 6 रूपए प्रति किलो बिक रहा था। तो वहीं मूली 10 रूपए किलो, गाजर 15 रूपए प्रति किलो, मिर्च 40 रूपए प्रति किलो, शिमला मिर्च 40 रूपए प्रति किलो, टमाटर 30 रूपए प्रति किलो की दर से बिक रहे है। हालाकि कल जब आढ़तियों ने हड़ताल घोषित की थी। तो सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे थे। मार्केट कमेटी द्वारा फीस बढ़ोतरी से खफा होकर पूरे हरियाणा के सब्जी मंडी व्यापारियों ने गत दिवस एक दिवसीय हड़ताल रखी। व्यापारियों ने मंगलवार रात 12 बजे से सब्जी मंडी गेट पर ताला लगा दिया था। नई सब्जी मंडी के आढ़तियों का कहना था कि कमेटी द्वारा मार्केट फीस को एक साल के एडवांस के साथ पिछली फीस का 40 प्रतिशत एक्स्ट्रा जमा करवाने और हर साल व्यापारियों पर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का सरकार ने निर्णय लिया है। वहीं अम्बाला छावनी होल सेल सब्जी मंडी के आढ़तियों ने भी कहा था कि कि सरकार द्वारा जो फीस बढ़ाने का निर्णय लिया गया है वह पूरी तरह से गलत है। जबसे मंडी बोर्ड बना है, तब से ही वह 5 प्रतिशत पर काम करते आ रहा रहे हैं। व्यापारियों की मांग है कि उनकी कमीशन को 5 से बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया जाए। तो वहीं फीस को कम किया जाए।

# भावर गांव में बिजली चेकिंग करने गई टीम पर हमला

## पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत आरोपित हमलावरों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**गांव भावर** में बिजली चोरी की चेकिंग करने गई बिजली विभाग की टीम पर गांव के आधा दर्जन ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले में बिजली विभाग के जे ई व लाइनमैन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उनकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया। बिजली विभाग के एसडीओ ने आरोपित हमलावरों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में बिजली विभाग के ग्रामीण कार्यालय के एसडीओ अभिषेक ने बताया कि 20 दिसंबर की शाम को गांव में बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग के लिए जे ई नीरज, यशपाल, महिपाल, नरेंद्र, जोगेंद्र लाइनमैन, आशीष गाड़ी चालक मुकेश की टीम गठित की गई। शिकायत में एसडीओ ने बताया कि टीम जब गांव भावर मैं मंदिर के पास लगे जन स्वास्थ्य विभाग के गांव मेंपानी सप्लाई के ट्यूबल पर लगे ट्रासफार्मर पर अवैध तार दिखाई दिए। जिन तारो को हमारी पार्टी ने उतारने की कोशिश की तो रोहित व राकेश भाँवर ने कहा कि ट्रासफार्मर पर तार हमने लगाए हुए है यहाँ से हम बिजली चोरी करके अपने खुम्बी फार्म पर बिजली चलाते है। जब टीम ने दुबारा ट्रासफार्मर से डोरी हटाने की कोशिश की तो उन्होंने 4-5 व्यक्तियो को और बुला लिया और टीम के साथ मारपीट करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। जब हमने विडियो बनाने की कोशिश की तो उन्होने हमारे फोन तोड दिए और हमले के दौरान नीरज जे ई गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके अलावा जोगिंदर लाइनमैन के सिर में ज्यादा चोट आने के खानपुर रैफर कर दिया गया। शिकायत में एसडीओ ने बताया कि झगडा करने वाले व्यक्तियो ने सभी कर्मचारियो को जान से मारने की धमकी दी। घायल कर्मचारी का मेडिकल करवाने के बाद बिजली विभाग के एसडीओ ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी तमिलनाडु के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत गन्नौर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# विज ने संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला अम्बाला के गांव पंजोखरा साहिब पहुंची। यहां पर ग्रामीणों ने यात्रा का भरपूर लाभ उठाया। कुछ ग्रामीणों ने अपने आयुष्मान कार्ड बनवाए तो कुछ लोगो ने अपनी पीपीपी में हुई त्रिुटियों को ठीक करवाया। जबकि अनेक ग्रामीणों ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल कि। इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अनिल विज ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि दुनिया में लगभग 37 देश विकसित हैं और हम सबको मिलकर अपने देश भारत को इन विकसित देशों की श्रेणी में लाना है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य लोगों के सहयोग के बिना पूरा नहीं होता, इसलिये हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करना है। गृह मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि वर्ष 2047 को सामने रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं कि हिन्दुस्तान कैसा हो, लोगों की सभी आवश्यकताएं पूरी हों। उन्होंने कहा कि इस संकल्प के तहत हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। सरकार और लोगों ने मिलकर पहले प्रदेश को ओडीएफ बनाने का काम किया है और अब हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मिलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि मोदी की गांरटी वाली गाड़ी की गांरटी है कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत लोगों को मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हर आदमी को योजनाओं के बारे जागरूक करके पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलवाना है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है, उसके बारे में किसी ने नहीं सोचा, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि आज मोदी की गांरटी वाली गाड़ी प्रदेश के हर गांव व वार्ड में जा रही है। हरियाणा के 6200 गांवों के साथ-साथ शहरों के सभी वार्डो को यह कवर करेगी। इस गाडी के आने का मकसद यही है कि प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा जो योजनाएं लोगों के कल्याणार्थ हेतु शुरू की गई हैं, उनमें से एक भी लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ हासिल करने में पीछे न रहे। सरकार आपके द्वार यानि गांव में आकर सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे में जानकारी दे रही है।योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े, इसके लिए सभी अधिकारी मौके पर ही उपस्थित होकर विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित पात्र व्यक्तियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम कर रहे हैं।

# बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के सब स्टेशन की कापर केबल, कापर की प्लेट और लोहे की एंगल चोरी

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र में स्थित 220 के वी सब स्टेशन की कापर केबल, कापर की प्लेट, एल्युमिनियम की प्लेट व लोहे की एंगल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस में बिजली विभाग को दी। शिकायत के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में जे ई नीरज ने बताया कि 20 दिसंबर सब स्टेशन का वार्ड मे घुमते हुये देखा कि सब स्टेशन से 220 के वी की कापर केबल, कापर की प्लेट, एल्युमिनियम की प्लेट व लोहे की एंगल चोरी हो गई है। सब स्टेशन का यार्ड एरिया 5 एकड़ में है। अगस्त के महीने मे तेज बारिश के कारण सब स्टेशन की दीवार गिर गई थी। विभाग को आसान का है कि टूटी हुई दीवार का फायदा उठाकर अंदर घुसने के बाद सर्दी में धुंध का फायदा उठाते हुए सब स्टेशन से 220 के वी की कापर केबल, कापर की प्लेट, एल्युमिनियम की प्लेट व लोहे की एंगल चोरी कर ले गए। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एस आई मुकेश ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से आमजन को मिल रहा एक ही स्थान पर योजनाओं का लाभ: नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
तिगांव विधान सभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने कहा कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा तथा हर हाल में हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। केंद्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर बेहतर करने की गारंटी दी है। विधायक राजेश नागर आज वीरवार को फरीदाबाद के गाँव शाहजहांपुर व फज्जुपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे।



विधायक राजेश नागर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने को लेकर अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं और अंत्योदय की भावना से लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के जरिये लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में लोगों को ह्यहमारा संकल्प-विकसित भारतह्न की शपथ भी दिलवाई गई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यह यात्रा प्रदेश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है, हमें अपने बच्चों को अच्छी संस्कारित शिक्षा देकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाना है। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न कार्यक्रम में आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इतना ही नहीं देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवा पीढ़ी अच्छी शिक्षा लेकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे।

भारत को 2047 तक ह्यआत्मनिर्भर और विकसितह्न बनाने की नागरिकों ने ली शपथ

विधायक राजेश नागर ने ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का शपथ दिलाई। नागरिकों ने शपथ ली कि ह्यभारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे।

# हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार द्वारा सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार, पंचकूला संरक्षण आयोग द्वारा एनआईटी फरीदाबाद के मेट्रो मोड़ स्थित राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सेफ्टी जागरूकता कार्य्रकम का आयोजन किया गया। जिसमे हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार, पंचकूला संरक्षण आयोग से मेंबर सुमन राणा व गणेश कुमार ने बताया कि स्कूल कैसे अपने बच्चो को सुरक्षित रख सकते है। हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार, पंचकूला संरक्षण आयोग द्वारा विस्तृत रूप से बताया कि स्कूल कैसे अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकते है। स्कूल की छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम बाल अधिकार व 112 पर काल की



जानकारी दी। ताकि छात्राएं 112 का इस्तेमाल कर किसी भी विपरीत स्थिति में अपने आप को सुरक्षित रख सकते है। बाल संरक्षण अधिकार संरक्षण आयोग पंचकूला ने जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को उत्साहित किया। अन्य लोगों ने अपनी बाते आयोग के सामने राखी। आयोग की मेंबर सुमन राणा द्वारा छात्राओं को विशेष रूप से सावधान सतर्क एवं परामर्श के महत्व को बताया। स्कूल में आयोग द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई तथा विजेता छात्राओं को आयोग द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र अग्रवाल व जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा तोमर द्वारा आयोग के मेम्बरों को सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गोदरेज एंड बॉयस अधिक जवाबदेह, कुशल, मजबूत और टिकाऊ सप्लाई चेन के साथ दे रहा है ग्रोथ को रफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
गोदरेज समूह की अग्रणी कंपनी गोदरेज एंड बॉयस तेजी से भारत में अधिक टिकाऊ औद्योगिक ढांचे को आकार दे रही है। जी एंड बी अपनी वार्षिक खरीद का लगभग 80% स्थानीय स्तर प्राप्त कर रहा है। इस कोशिश के साथ कंपनी न केवल घरेलू कारोबार को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है, वहीं रणनीतिक रूप से पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभावों को कम करने में भी अपना योगदान दे रही है। यह प्रयास न केवल कंपनी को अपनी सप्लाई चेन को सुरक्षित करने में मदद करता है, वहीं इसकी मदद से कंपनी को उत्पाद डिजाइन और लागत पर बेहतर नियंत्रण प्राप्त करने में सहायता होती है।
गोदरेज एंड बॉयस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुरवान मारोलिया ने ग्लोबल सप्लाई चेन में आ रही अड़चनों के प्रति कंपनी के सक्रिय प्रयासों के बारे में बात करते हुए कहा, ह्लजलवायु परिवर्तन और महामारी के कारण सप्लाई चेन में रुकावट दुनिया भर के व्यवसायों के लिए चिंता का एक प्रमुख कारण रहा है। इन मुश्किलों का मुकाबला करने और स्थानीय कारोबार को मजबूत बनाने के लिए, गोदरेज एंड बॉयस ने ग्लोबल सप्लाई चेन को छोटी स्थानीय सप्लाई चेन में बदलने के लिए एक खास रणनीति लागू की है। इसके अलावा कंपनी ने आउटसोर्सिंग की तुलना में अधिक इनसोर्सिंग को विकसित किया है। अन्य प्रयासों की बात करें तो कंपनी ने आउटसोर्स किए गए उत्पादों के लिए, सिंगल सेलर्स और भौगोलिक क्षेत्रों की बजाए अधिक संख्या में सेलर्स और भौगोलिक क्षेत्रों को शामिल किया है, ताकि सप्लाई चेन में आ रही अड़चनों पर काबू पाया जा सके। इससे स्थानीय स्तर पर दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने में मदद मिली है।
कॉर्पोरेट सप्लाई चेन में छोटे और मध्यम उद्यमों के पर्यावरणीय प्रभाव को पहचानते हुए, ऋ&इ ने सप्लाई चेन पार्टनर्स की मदद करने के लिए बियॉन्ड सोर्सिंग कार्यक्रम शुरू किया है। 'जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट' का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कंपनी लीन एंड ग्रीन मैनेजमेंट, के साथ टिकाउ विकास के लिए प्रयास कर रही है। वर्तमान में, कंपनी के 25% रटए सप्लायर्स को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

### एनआईटी महिला थाना प्रभारी व दुर्गा शक्ति टीम ने डीएवी स्कूल सेक्टर-49 करीब 800 विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड, महिला व बाल अपराध व नशे के दुष्परिणाम के माध्यम से किया जागरूक

**फरीदाबाद**
डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए एनआईटी महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सविता तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने डीएवी स्कूल सेक्टर-49 में विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट, साइबर फ्रॉड तथा महिला व बाल अपराध के बारे में जागरूक किया। **महिला विरुद्ध अपराध**-महिला थाना एनआईटी प्रभारी ने महिला विरुद्ध अपराध व डायल 112 ऐप के बारे में जागरूक करते हुए स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों को बैड टच के बारे बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। अगर कोई व्यक्ति आप का पिछा करता है, कमेंट पास करता है या अन्य किसी और तरिके से परेशन करता है तो इसकी सूचना डायल 112 पर दे।
साइबर फ्रॉड-पुलिस टीम के द्वारा बताया लैप्स बीमा पॉलिसि का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर,कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी ऐप डाउनलोड करता दे, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना के नाम पर,वाउचर जीतने के नाम पर,ङउ के नाम पर, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर,जाब दिलाने के नाम पर,अश्र्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर,एईपीएस इत्यादी के नाम पर लोगो के साथ साइबर फ्रॉड किया जाता है। बचाव में किसी भी विदेशी नम्बर से कॉल आए तो नजरअंदाज करे। व्हाट्सएप पर अनजान नम्बर से विडियो कॉल/कॉल आने पर नजरअंदाज करें।

### पावटा मोहताबाद, अरावली फैंटासिया फार्म हाउस मे पार्टी के नाम पर खेल रहे थे जुआ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए फार्म हाउस में पार्टी के नाम पर जुआ खेलने व शराब पीने वाले आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने 20 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच बॉर्डर व क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम ने संयुक्त रूप से रेड मारकर आरोपियों को काबू किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रही जनता

संकल्प यात्रा

**8 विधायक सीमा त्रिखा ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम में की शिरकत**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है। इसको एक विजन के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे है। देश जब अपनी आजादी का 100 वीं वर्षगांठ मनायेगी तो विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा। प्रदेश में चल रही



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज वीरवार को दयाल नगर एनएचपीसी और मेवला महाराजपुर में पहुँचने पर वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। विधायक सीमा त्रिखा ने बताया कि केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा एक महत?वकांक्षी पहल के रूप में उभरी है। इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री के समावेशी विकास के दृष्टिकोण और सरकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी सरकार परिवार के सदस्य की तरह आपकी चिंता कम करने का प्रयास कर रही है। 2047 में देश विकसित होकर रहेगा, इस विचार को लेकर चलना है।

**हमारा संकल्प-विकसित भारतह्न की दिलाई गई शपथ :-**
विधायक सीमा त्रिखा ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।
स्टॉलो का किया अवलोकन : विधायक सीमा त्रिखा ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया और स्वयं वहां बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।

**यह है विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्यः-**
इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

# शताब्दी महाविद्यालय में महिलाओं के यौन उत्पीड़न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डी.ए.वी शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद की महिला सेल द्वारा समाज और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न कृत्यों के निषेध और उन पर रोकथाम लगाने के लिए यौन उत्पीड़न पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. अर्चना भाटिया ने अपने स्वागत संबोधन में छात्रों को दक्षिण एशियाई देशों में महिला उत्पीड़न परिदृश्य से परिचित कराते हुए कार्यक्रम का उद्देश्य समझाया तथा उन्होंने लैंगिक अंतर को कम करने की चिंताजनक आवश्यकताओं की ओर भी इशारा



किया ।
मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री चैताली वाधवा, सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ लॉ, मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने यौन उत्पीड़न के रोकथाम तथा (पी.ओ.एस.एच.) अधिनियम पर सूक्ष्म व्याख्यान दिया ।उन्होंने, कार्य -स्थल पर यौन उत्पीड़न के सभी आयामों और इन उत्पीड़नों के खिलाफ कानूनी सुरक्षात्मक आयामों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की कार्यकारी प्रचार्या डॉ.विजयवंती ने अपने संबोधन में मयार्दा शब्द को इंगित करते हुए कहा कि जब हम अपनी मयार्दा को भूल जाते हैं तब इंसान अपने कर्तव्यों को भूल कर कुमार्ग पर अग्रसर होता है।

### जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
दिनांक 21 दिसम्बर 2023 को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा, गुरुग्राम के प्रांगण में जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संयोजक अधिकारी मुनिराम व विद्यालय प्रधानाचार्य सुशील कुमार कण्व ने दीपप्रज्जवलन कर किया ।
विद्यालय प्रधानाचार्य सुशील कुमार कण्व ने व विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने जिला संयोजक अधिकारी मुनीराम जी व उनके साथ आए सहायक संयोजक विजय पाल जी अजय कटारिया जी एवं सभी निर्णायक मंडल के सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया।


# जिलाधीश विक्रम सिंह ने पाकिस्तान से आए 3 विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
जिलाधीश विक्रम सिंह ने आज वीरवार को पाकिस्तान से आए 3 विदेशी नागरिकों को शपथ दिलाकर भारतीय नागरिकता प्रदान की है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्रीकृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश विक्रम सिंह ने प्रदान की है।
इन लोगों को दी गई नागरिकताः-
आज भारतीय नागरिकता प्राप्त करने वाले लोगों में 22 वर्षीय सजना, 33 वर्षीय हीरा कौर तथा 50 वर्षीय दसरीत कौर शामिल है। आपको बता दें पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद का जिलाधीश भी शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को भारतीय नागरिकता अधिकार देने का अधिकार प्रदान किया गया है।
देश इन जिलाधीशो को सरकार द्वारा प्रदान की गई है शक्तियांः-
देश के गुजरात राज्य के मोरबी, राजकोट, पाटन एवं बड़ोदरा और छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग तथा बलोदा बाजार, राजस्थान प्रांत के जालौर, उदयपुर, पाली, बाड़मेर और सिरोही, हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद तथा पंजाब प्रांत के जालंधर के जिलाधीश को भारत सरकार ने नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया है।

# श्रीविष्णु महापुराण कथा में बल्लबगढ़ पहुंचे विपुल गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
आपको बतादें की बल्लबगढ़ की चावला कॉलोनी में स्थित अग्रवाल धर्मशाला मे श्री देव गुरु बरहस्पति ट्रस्ट द्वारा श्री विष्णु महापुराण कथा का आयोजन करवाया जा रहा हैं जिसमें कथा वाचक का कार्य श्रीकृष्ण स्वामी महाराज द्वारा किया जा रहा हैं जोकि वृन्दावन से कथा के लिए आये हैं। संस्था द्वारा करवाई जा रही कथा 17 दिसंबर से चल रही हैं और 24 दिसम्बर को इसका समापन भंडारे के आयोजन के साथ होगा। श्री विष्णु महापुराण कथा के इस कार्यक्रम में पहुंचकर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने व्यास गद्दी पर माथा टेक कथा वाचक से आशीर्वाद लिया और प्रदेश व क्षेत्र की उन्नति



की कामना की। इस मोके पर पहुंचे पूर्व मंत्री ने विष्णु महापुराण कथा सुनने आये सभी श्रोताओं कों सम्बोधित करते हुए कहा की आज कलयुग मे धर्म का प्रचार प्रसार बेहद जरूरी हैं क्योंकि पहले ऋषि मुनि हवन-यज्ञ करते थे और बदलते युग मे सिर्फ धर्म प्रचार का तरीका बदला हैं धर्म नहीं और जब तक धर्म का समावेश किसी भी कार्य मे नहीं होता तब तो वो कार्य अधूरा रहता हैं। बल्लबगढ़ की अग्रवाल धर्मशाला मे चल रही कथा में हजारों श्रोता प्रतिदिन महाराज के मुखारविंद से श्रीः विष्णु महापुराण कथा सुनने का आनंद ले रहे हैं। पूर्व मंत्री विपुल गोयल द्वारा इस अवसर पर पहुंच कर संत महाराज के श्रीः चरणों मे नमन कर अपनी उपस्तिथि दर्ज की और आशीर्वाद लिया ।
जिस पर प्रसाद के रूप में कथावाचक संत महाराज द्वारा विपुल गोयल को पटका पहना क आशिर्वाद दिया व संस्था के लोगों ने पूर्व मंत्री विपुल गोयल कों विष्णु प्रतिमा सप्रेम भेंट स्वरूप देकर मान सम्मान किया। इस मौके पर दीपक मंगला विधायक पलवल, कमला देवी, सुनील मित्तल, भगवान दास, राम जुनेजा, मुकेश शर्मा, बिशन चंद बंसल, रूपेश बंसल, प्रदीप सिंगला के अलावा हजारों अन्य लोग मौजूद थे।

# एडीसी ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स खनन की समीक्षा बैठक, प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
एडीसी आनन्द शर्मा ने जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई करने बारे कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें निरन्तर पेट्रोलिंग कर पुख्ता निगरानी करें। जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। एसडीएम अपने अपने इलाकों में अवैध खनन और ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्ती बरते।जिला में वन अधिकारी और तीनों एसडीएम अपने अपने इलाकों में अवैध खनन और ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्ती से पेश आकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के नियमानुसार सख्त कानूनी बरते।
एडीसी आनन्द शर्मा जिला स्तरीय टास्क फोर्स खनन की समीक्षा बैठक कर



प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।
एडीसी ने कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें निरन्तर पेट्रोलिंग कर पुख्ता निगरानी करके अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पेश आकर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें और इस कार्य में लगी टीमें निगरानी के लिए डेली बेसीज पर गश्त कर समीक्षा करके उसकी प्रगति रिपोर्ट भी आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये मुख्यालय और जिला उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करें। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद जिला में पहाड़ी क्षेत्र, यमुना नदी के तट पर और मैदानी क्षेत्रों को रैड जोन घोषित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने अपने इलाकों में अरावली, यमुना नदी तटीय और मैदानी क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतें और सूचनाएं मिल रही हैं। वहां पर नियमानुसार त्वरित सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग वाहनों को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें।

**अवैध खनन करने वालों के खिलाफ इस नियम पर जरूर करें कार्रवाईः**
एडीसी ने कहा कि प्रदेश में 6 पीएलपीए की धारा 4 व 5 में अवैध खनन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट ऑफलाइन और ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये जिला उपायुक्त मुख्यालय को जरूर दें। उन्होंने कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सख्ती के साथ सतर्कता बरती जाए और दिल्ली तथा नोएडा सहित पडोसी प्रान्तों से अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। एडीसी आनन्द शर्मा ने जिला टास्क फोर्स के लिए खनन विभाग, आरटीए, वन व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपसी बेहतर तालमेल के साथ सख्ती से कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को नियमित तौर पर डेलीबेसिज पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी जिला और मुख्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। खनन विभाग द्वारा यमुना क्षेत्र व बंद पड़े पहाड़ों और यमुना नदी के तटीय क्षेत्र और मैदानी क्षेत्रों का समय-समय पर मौके पर निरीक्षण जरूर करें। जिला में विभिन्न थानों, चौकियों में मुकद्दमें दर्ज करवाने और वाहनों को अवैध खनन परिवहन करते हुए पकड़ा जाने तथा वाहनों से पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि व खनिज की रॉयल्टी व जुमार्ना राशि के रूप में उनसे जुमार्ने की वसूली की धनराशि बारे विस्तृत जानकारी दी जाए। वहीं कोर्ट केसों के लिए पूरे सबूतों के साथ मजबूती से पैरवी करना सुनिश्चित करें। डीसी ने विभाग वार खनन, प्रदूषण और पुलिस विभाग की एक एक करके अवैध खनन क्षेत्रों के अलावा पाली व मोहताबाद क्रेशर जोनों की समीक्षा करके संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं जिला टास्क फोर्स की बैठक में चालू वित वर्ष 2023 में हुई, अवैध खनन की घटनाओं पर की गई कार्रवाई की एक-एक करके समीक्षा करके विभाग वार अवैध खनन की जांच के लिए निगरानी दलों/डीएलटीएफसी के सदस्यों के आपसी समन्वय पर भी समीक्षा की और अवैध खनन से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में समीक्षा कर प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज पर की गई कार्रवाई की बारीकियों से समीक्षा कर पुलिस विभाग के अधिकारियों को सरकार की ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिए।

# मंडल द्वारा मासिक निशान पद यात्रा आयोजित





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला में श्री** श्याम मित्र मंडल मेन बाजार के तत्वाधान में खाटू श्याम जी की भव्य मासिक सातवी निशान पदयात्रा निकाली गई। निशान पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। निशान पदयात्रा नरेला के मेन बाजार स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर सुनारों वाली गली से जीटी करनाल रोड़ अलीपुर स्थित खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर तक निकाली गई। निशान पदयात्रा में सैकड़ो महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। बाहरी दिल्ली के नरेला में रविवार को श्याम भक्तों का जोश देखते ही बनता था। श्याम मित्र मंडल की ओर से मासिक सातवीं खाटू श्याम जी की भव्य निशान पदयात्रा का आयोजन किया। रविवार सुबह श्रद्धालुओं ने मेन बाजार स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर में ज्योति प्रज्वलित कर कर निशानों की पूजा की। उसके बाद श्याम बाबा के जयघोष के साथ निशान पद यात्रा का शुभारंभ हुआ। निशान पदयात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज लेकर श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। निशान पदयात्रा मेन बाजार नरेला से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई जीटी करनाल रोड़ होते हुए खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में संपन्न हुई। जहां भक्तों ने अपने हाथों से निशान को बाबा को समर्पित कर पूजा पाठ किया। निशान पदयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्याम मित्र मंडल से अनिल गर्ग ने बताया कि हर महीने के शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार को श्याम मित्र मंडल द्वारा खाटू श्याम निशान पदयात्रा का आयोजन किया जाता है। इस बार चतुर्थ निशान पद यात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में अनिल गर्ग, राजीव बंसल, संजय बंसल, राजेंद्र गर्ग, मनोज सिंघल, राहुल मंगला, सुनील सिंघल, रूपेश बंसल, साहिल गर्ग, हरिओम अग्निहोत्री, अजय बंसल, पवन सिंघल, दीपक पाराशर, अमित गौतम, पंकज खत्री, नवीन गर्ग, हेमंत शास्त्री सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



सेराबेस्ट हैल्थकेयर हैप्पी फैमिली साउथ कोरिया के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली के कन्हैया नगर पर पर्यावरण संरक्षण समिति के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर विनय कंसल के कार्यालय में पधारने पर कंपनी के संस्थापक पवन कुमार आहूजा द्वारा डॉक्टर विनय कंसल को रानी लक्ष्मीबाई का आकर्षक स्मृति चिन्ह एवम पटका दे कर सम्मानित किया गया।

# 'उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** द्वारा लोकतंत्र के मंदिर संसद का अपमान व उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का अपमान करने के विरोध में धरना प्रदर्शन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सांसद मनोज तिवारी, सांसद प्रवेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष, रामवीर सिंह बिधूड़ी, दिल्ली प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सेहरावत के नेतृत्व में प्रचंड धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें सभी प्रदेश पदाधिकारीगण, जिला पदाधिकारीगण सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर वार्ड नंबर-55, शालीमार बाग ए पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, कृष्ण यादव, अनिल कुमार, पिंकी ठाकुर, भैरव झा, जवाहर साहू, रोहित व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।







पोस्टल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन दिल्ली सर्किल के दूसरे द्विवार्षिक अधिवेशन का अध्यक्ष सूबे सिंह की अध्यक्षता में हुआ भव्य आयोजन।

# समाज सेवा भी है देशभक्ति का स्वरूप: अमन वर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अगर किसी** के मन में देश सेवा करने की भावना हो तो उसे किसी बहाने या फिर सेना में जाकर ही नहीं की जा सकती इस देश को भीतर के आतंकवादियों से बचाकर भी की जा सकती है। आज आतंक की चाहे कोई भी परिभाषा प्रचलित क्यों न हो, लेकिन सबसे बड़ी आवश्यकता है देश के अंदर बढ़ते आतंकवाद को सम्मूल रूप से नष्ट करने की। स्त्री शक्ति की असम्मान, कन्या भ्रूण हत्या, लूटमार, भ्रष्टाचार आदि ऐसे आतंकवादी रावण हैं, जिनसे देश को सबसे बड़ा खतरा है। इनसे इस देश को केवल आज की युवा पीढ़ी ही बचा सकती है। पश्चिम विहार में रहने वाले **अमन वर्मा मानवता फाउंडेशन** के संस्थापक होने के साथ साथ अधिवक्ता भी है जो कि गरीब व असहाय लोगों की मदद करने में हमेशा ही आगे रहते है।

**शिक्षित के साथ संस्कारी होना भी है जरूरी:** वर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी इस कार्य को तभी कर सकती है जब उनमें व्यक्तित्व के मूलभूत गुणों का विकास हो और विकास संभव है उनके बाल्यकाल की अच्छी संस्कारी शिक्षा से ही होता है। देश के भीतर व्याप्त आतंकवाद रूपी बुराइयों को जड़ से उखाड़ व मिटाकर इस देश के बचपन को खुशहाल बनाया सकता है तथा आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनहरा व उज्जवल रखा जा सकता है।

**गलत संगत से रखे बच्चों को दूर:** आज कई ऐसे उदाहरण मिल जाएंगे कि बहुत से युवा जीवन की राह से भटक गए हैं और गलत कार्यो को ज्यादा तवज्जो देते हैं। उन्हें देश या देश सेवा से कुछ लेना-देना नहीं होता है। वह युवा कुछ गलत लोगों के हाथ की कठपुतली मात्र बनकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। गलत सोच के लोग उन्हें कुछ पैसों का मोह दिखाकर व लोभ में फंसा देते हैं और फिर उनसे भी गलत तरीके से कार्य करवा रहे हैं।

ऐसे में युवा पीढ़ी देश की सेवा करने की बजाय देश की बबार्दी की ओर अग्रसर हो रही है। हमें उन तमाम युवाओं को जो गलत राह पर चल रहे हैं उन्हें संस्कार व नैतिक मूल्य तथा सुसंस्कृति का ज्ञान देना होगा ताकि वह सही रास्ते पर आ सकें। यह हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। अगर हम भटके हुए युवाओं को सही मार्ग पर ले आने में सफल हो जाते हैं तो वह भी देश सेवा ही होगी।

# आदर्श सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ** के तत्वाधान में होने वाले 14 फरवरी 2024 ( बसंत पंचमी ) को होने वाले 25वें आदर्श सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी हेतु नरेला में बैठक आयोजित हुई। दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल प्रजापति ने बताया कि सामूहिक विवाह लगातार 24 वर्ष से करते आ रहे जिसमें लगभग 21 से 31 जोड़ो के विवाह किये जाते है और हमारे संगठन में सिर्फ प्रजापति ही नहीं बल्कि हर समाज के लोगों को आमंत्रित किया जाता है जो भी अपने बच्चो के विवाह करने में असमर्थ होते है, चाहे किसी भी समाज से हो उनके विवाह भी इस सामूहिक विवाह में सम्पन किये जाते है और साथ ही घरेलू सामान भी दिया जाता है। जैसे की डबल बेड, सिलाई मशीन, अलमारी आदि जैसी भी संगठन के विचार-विमर्श होते है उसके अनुसार सामान दिए जाते है। उन्होंने आगे बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़ी धूमधाम से यह सामूहिक विवाह समारोह सम्पन किया जायेगा। संगठन के विस्तार हेतु रोहित प्रजापति, मनोज प्रजापति, लीलू प्रजापति को संगठन में शामिल कर नियुक्ति पत्र सौंपे गए और सामूहिक विवाह के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। इन सभी मुद्दों को लेकर बैठक की गई। जिसमें जय भगवान प्रजापति, राम अँजोर प्रजापति, राहुल प्रजापति, तारा चन्द प्रजापति,गोपी राम प्रजापति, मोहन प्रजापति, कँवर सिंह प्रधान ( रिठाला) सतवीर (सत्ते) प्रजापति (रिठाला) बाल किशन प्रजापति (मसूद पुर हरियाणा) मनोज कुमार ( लाम पुर ) लीलू राम प्रजापति (स्वतंत्र नगर) सुरेंद्र कुमार (सफियाबाद) रोहित प्रजापति (बाँकनेर) अजीत प्रजापति (नरेला) दीपक प्रजापति, राम फूल प्रजापति ( सेवली ) दयानंद प्रजापति ( नरेला )राम चंद्र प्रजापति ( नरेला ) आदि प्रजापति समाज के सम्मानित प्रतिष्ठित पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी को पटका पहना कर सम्मानित किया गया।

# पंचायत संघ ने ऑनलाइन ईवीएस दाखिलें को लेकर जांच की मांग की



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पंचायत** संघ ने उपराज्यपाल व शिक्षा मंत्री से मांग की कि दिल्ली पब्लिक स्कूलों में ऑनलाइन ईवीएस दाखिले की जांच व गांवों के बच्चों का पब्लिक स्कूलों में दाखिला मुफ्त हो।

पूर्व परिवहन एवं विकास मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन ने कहा की ऑनलाइन ईवीएस दाखिले प्रक्रिया की जांच होनी चाहिए।

**दाखिलें की प्रक्रिया अभिभावकों के समक्ष हो:** ईवीएस के छात्र छात्राओं के दाखिले की प्रक्रिया स्कूलों में अभिभावकों के सामने हो। वहीं बड़ी कक्षाओं में ईवीएस की रिक्त सीटों पर दाखिले में गांवों के बच्चो को 100% दाखिला मिले। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि बड़े-बड़े स्कूलों की फीस, विकास शुल्क व वार्षिक शुल्क अलग-अलग होना जांच के दायरे में होना चाहिए। सामान्य वर्ग के बच्चों के दाखिले के लिए प्रत्येक स्कूल में कमेटी गठित हो।

**बच्चों को तीन किमी दायरें का दें स्कूल:** दिल्ली के जाम, प्रदूषण, सर्दी, गर्मी को देखते हुए पैदल आने वाले व एक किलोमीटर तक के बच्चों को शत-प्रतिशत दाखिला दें। ताकि बच्चें शारीरिक व मानसिक परेशानी से बचें।

**नियम बनाकर आदेश पारित करें सरकार:** पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि गांवों के किसानों की जमीन अधिग्रहण कर इनको सस्ते दामों पर दी।

# नई पॉलिसी से रजिस्ट्री के लिए लंबी कतारों से बचेंगे लोग: राजस्व मंत्री आतिशी



**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार ने दिल्ली के लोगों को सुविधा देते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली में अब लोग अपनी सहूलियत के अनुसार किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे।

सरकार इसके लिए 'एनी वेयर रजिस्ट्रेशन' की पॉलिसी लेकर आई है। इसके तहत लोगों को रजिस्ट्री के लिए किसी निश्चित सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाने की बाध्यता की खत्म हो जाएगी और लोग अपनी सुविधानुसार दिल्ली के 22 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में से किसी में भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। इस बाबत प्रेस-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साझा करते हुए राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख़्त के लिए लोगों को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाना होता है। वहाँ प्रॉपर्टी की खरीद बीच हो या किसी अन्य तरीको से प्रॉपर्टी को रजिस्टर्ड करवाना हो तो सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाना होता है। उन्होंने कहा कि अक्सर सब-रजिस्ट्रार ऑफिस को लेकर कई प्रकार की शिकायते सामने आती है।

## कई समस्याओं से जूझ रहे है शकूरपुर कॉलोनी के लोग: मुरारी लाल

# 'नहीं चाहिए भाजपा, नहीं चाहिए आप, लोग मांगे हाथ का साथ'




### कांग्रेस नेता मुरारी लाल ने कहा

**= कांग्रेस नेता व पूर्व निगम प्रत्याशी मुरारी लाल ने बताया कि काफी लंबे समय से क्षेत्र के लोग पीने के पानी की एक एक बूंद को तरस रहे है और कभी भूले-भटके पानी आ भी जाए तो वह इतना बदबूदार होता है कि जिसे पीना तो दूर की बात है, नहाना भी मुश्किल है।**



**सपना एक देखोगे मुश्किलें हज़ार आऐंगी।
लेकिन वो मंजर बड़ा खूबसूरत होगा, जब कामयाबी शोर मचाएगी...**

जी हां आज हम आपकों मिलवाने जा रहें है त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 में रहने वाले व कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी मुरारी लाल से, जोकि किसी पहचान के मोहताज़ नहीं है। जो कि पार्षद न होकर भी क्षेत्र के लोगों के दिलों में बसे हुए है।

**कांग्रेस ने किया विकास:** कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह सब कांग्रेस की देन है उक्त बातें कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी मुरारी लाल ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की नीति और नियत हमेशा ही लोक कल्याण की रही है यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और लोगों की सेवा कर रहा है।

**कांग्रेस के निर्णय होते है जनहितैषी:** कांग्रेस जो भी निर्णय लेती है वह हमेशा ही जनता को ध्यान में रखते हुए ही लेती है ताकि जनता को परेशान न होना पड़े। यही कारण है कि लोग कांग्रेस से बहुताय की संख्या में जुड़ रहे है और क्योंकि लोग जानते है कि बेहतर शासन केवल कांग्रेस पार्टी ही दे सकती है।

**आप पार्टी ने दिल्ली की जनता को किया गुमराह:** जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है तभी से ही विकास करना तो दूर की बात है, इन्होनें तो सालों से कांग्रेस द्वारा चलाई जा रहीं वृद्धों की पेंशन ही बंद कर दी है, और राशन कार्ड भी बनाने बंद करवा दिए है। आम आदमी पार्टी को दिल्ली के विकास पर ध्यान देना चाहिए और जनता की समस्याओं को हल करना चाहिए। ताकि जनता को सुविधाएं मिले। लेकिन आम आदमी पार्टी ऐसा नहीं कर रही है, जिसकी वजह से दिल्ली की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। आप पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है।



**हमें बूथ को मजबूत करने पर ध्यान देना होगा:** हमें कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा और कांग्रेस के द्वारा किये गये कार्य जनता को बताने होगें। साथ ही बूथ को मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। जनता की समस्याएं सुन कर उनकी समस्या समाधान करवाना होगा, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है।



**बुनियादी सुविधाओं को त्रस्त क्षेत्रवासी:** शकूरपुर के लोगों को काफी लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार कोई सुविधा नहीं दी जा रहीं है। जो कांग्रेस के शासनकाल में क्षेत्र में सामुदायिक भवन बनाए गए थे वह भी वर्तमान में देखरेख के अभाव में धूल फांक रहे है, इतना ही नहीं यह खंडहर पड़े भवन अब आसमाजिक तत्वों का अड्डा बन चुके है, जहां हमेशा ही नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है।

**-प्रस्तुति: महेंद्र सिंह**